वाराणसी, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023
बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 2, वर्ष 12, अंक 73, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

ईद मुबारक

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



## संक्षेप

### दस वर्ष से फरार अभियुक्तों के घर नोटिस चस्पा



पिंडरा। फूलपुर पुलिस ने शुक्रवार को बरही नेवाद में 10 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्तों के घर न्यायालय के आदेश पर नोटिस चस्पा किया। बताते हैं कि 10 वर्ष 2013 में बरही नेवादा फूलपुर निवासी आशीष सेठ व भाई सुरेश व उनकी माता शांति सेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कई बार सूचना दी लेकिन अदालत में उपस्थित नहीं हुए। जिसपर न्यायालय ने 82 की कार्रवाई के तहत नोटिस जारी की। जिसपर कठिराव चौकी इंचार्ज विवेक पाठक ने हमराही सिपाहियों के साथ आरोपित के घर और सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा करने के साथ डुगडुगी पिटवाई।

### बेटी ने पिता पर दर्ज कराया मुकदमा

वाराणसी। सुंदरपुर की रहने वाली (समृद्धि सिंह) नामक युवती ने शुक्रवार को अपने पिता सुधीर सिंह पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर हत्या का प्रयास और मारपीट करने का मामला लंका थाने में दर्ज कराया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। युवती का आरोप है कि उसके पिता पिछले पांच साल से दुर्व्यवहार करते हैं। जिससे परेशान होकर घर से निकलकर वह बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुंची। वहां अपने दोस्त के साथ बैठी थी। इस बीच उसके पिता पहुंचे और लक्ष्यकर फायरिंग कर दी। जिसके बाद वहां से भाग कर दोनों ने अपनी जान बचाई।

### फूलपुर व सिंधोरा के तीन दर्जन स्थानों पर हुई नमाज

पिंडरा। तहसील क्षेत्र के फूलपुर व सिंधोरा थाना क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा की नमाज अकीदत के साथ पढ़ी गई। क्षेत्र के ताड़ी, नेवादा, कठिराव, पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा, नदोय, काशीपुर, मीरशाह, थाना, सराय व मंगारी समेत तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर अलविदा की नमाज अदा की गई। इस दौरान एसीपी अमित पांडेय, कार्यवाहक थाना प्रभारी फूलपुर विवेकानंद द्विवेदी, सिंधोरा थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा व चौकी प्रभारी कठिराव विवेक पाठक समेत अनेक पुलिसकर्मी रहे।

### ईद की नमाज में शांति व सौहार्द बनायें

पिंडरा। एसीपी अमित कुमार पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के लोग ईद की नमाज समय से निश्चित स्थान पर अदा करें तथा शांति और सौहार्द का वातावरण बनाये। किसी भी तरह के अराजक तत्वों के बारे में सूचना हो तो अवश्य दें। उक्त बातें उन्होंने सिंधोरा थाना परिसर में शुक्रवार की शाम आयोजित शांति समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज जिस जगह निर्धारित है उसी जगह पढ़े। सिंधोरा में जामा मस्जिद में भीड़ होने पर शिफ्टवार नमाज अदा करने का निर्णय लिया गया। जिसमे सभी को अपने-अपने निर्धारित मस्जिद में नमाज अदा करने की बात कही। इस दौरान थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सोशल आईडी हैक कर धमकी देने वाले पर मुकदमा

वाराणसी। कैंट थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी पेशे से शिक्षक संजय पटेल ने अपनी सोशल आईडी हैक होने और संबंधित आईडी का दुरुपयोग कर आईडी से जुड़े लोगों को गाली गलौज कर धमकी भरे संदेश भेजने के मामले में सीपी से शिकायत की थी। कमिश्नर के निर्देश पर शुक्रवार को कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। संजय के अनुसार उनके बंद हो चुके दो मोबाइल नंबर की मदद से उनका फेसबुक आईडी और जी मेल अकाउंट हैक कर अलग-अलग आईपी-एड्रेस से संचालित किया जा रहा है। आईडी हैक करने वाला व्यक्ति उनके परिचितों को उनकी आईडी से गाली गलौज व लगातार धमकी संदेश भेज रहा है। परिचितों की शिकायत पर भुक्तभोगी ने पुलिस कमिश्नर से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की थी।

### चार साल की बच्ची समेत 14 कोरोना पॉजिटिव

वाराणसी। शुक्रवार को जिले में कोरोना के कुल 14 मरीज मिले जिसके बाद अब तक जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 126 हो गयी है। लगातार मिल रहे कोरोन के मरीजों के चलते एक बार फिर से लोगों में दहशत देखने को मिली है, स्वास्थ्य विभाग की ओर लोगों को लगातार एतिहात बरतने की सलाह दी जा रही है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने लोगों से कहा है कि अधिक भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचे इसके साथ ही मॉस्क का प्रयोग जरूर करें। 125 मरीज होम आइसोलेशन में है वहीं एक मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

### अबकी जीतेगा अच्छा उम्मीदवार : ओमप्रकाश



वाराणसी। सपा के राष्ट्रीय सचिव, विधायक, पूर्व मंत्री एवं संगठन से वाराणसी नगर निगम चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने शुक्रवार की शाम छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने आरोप लगाया कि 1995 से नगर निगम पर काबिज रही भाजपा ने अपने बीते कार्यकाल तक शहर की जनसुविधाओं के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं की। शहरी क्षेत्र में सीवर, कूड़ा निस्तारण, पेयजलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, हाउस टैक्स आदि की गंभीर समस्याएं जारी है। विकास के नाम पर पटरी व्यवसायियों को उजाड़ा लेकिन उन्हें कोई स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया। नगर के विभिन्न व्यस्त क्षेत्रों में सुलभ शौचालय तक मुहैया नहीं कराए गये हैं। तमाम गलियों में गड्ढों की भरमार है। निकाय चुनाव को लेकर श्री सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सीधी टक्कर भारतीय जनता पार्टी से है। अबकी बार अच्छे उम्मीदवार के आधार जनता मतदान करेगी।

### विश्वनाथ मंदिर में महिला की तबियत बिगड़ी, भर्ती

वाराणसी। विश्वनाथ मंदिर में शुक्रवार को एक महिला दर्शनार्थी अचानक गश खाकर गिर पड़ी। सुरक्षा में तैनात महिला कर्मियों ने तत्काल पुलिस की मदद से उसे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया। तेलंगाना के आदिलाबाद निवासिनी संजना 40 वर्ष शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन को आयी थी। वह मंदिर परिसर में दर्शन करने को लाइन में लगी थी। इसी बीच अचानक गश खाकर गिर पड़ी। यह देखकर वहां हड़कंप मच गया। वहां तैनात कर्मियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। महिला को होश आने पर बताया कि उसके परिवार में यह परंपरा है कि किसी का निधन होने पर वह काशी आकर गंगा स्नान करने के बाद बाबा का दर्शन करते है। उसके दादा का निधन हो गया था। इस पर वह अकेले ही दर्शन को आयी थी।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा एनसीसी बी, सी, सर्टिफिकेट रोल नंबर UP18SDA682565 बटालियन 92UPBN NCC Ghazipur खो गया है। सिकंदर राजभर ग्राम ,पोस्ट ओडराइ थाना दुल्लहपुर , जिला गाजीपुर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में दिपेन्द्र सिंह चौहान पुत्र विरेन्द्र प्रताप चौहान है जो सही है। परंतु रिलेशनशिप सर्टिफिकेट में मेरा नाम DEPENDRA। अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सही नाम DIPENDRA SINGH CHAUHAN है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। दिपेन्द्र सिंह चौहान, ग्राम-कारेवन, पो.-बोझी बाजार, जिला-मऊ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के एल.आई.सी. की पॉलिसी संख्या 287820990 दिनांक 28.03.2011 में बचपन का नाम विकास कुमार दर्ज है परन्तु अब मेरा नाम प्रमोद पुत्र रामबरन, ग्राम-घूरों, पोस्ट-नियामताबाद, जिला-चन्दौली से जाना व पहचाना जाता है।

आवश्यकता

आवश्यकता है-मां वैष्णवी महाविद्यालय करंजाकला जौनपुर मे (संम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय) स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक स्तर पर प्राचीन इतिहास, संस्कृत मे एक-एक पद पर प्रवक्ताओं की एवं प्राचार्य-एक पद। योग्यता, वेतनमान / यूजीसी विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रो के साथ 21 दिन के अंदर आवेदन करे।साक्षातकार की सूचना डाक-फोन के माध्यम से दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9415891097

## मारपीट के तीन अलग अलग मामलों में केस

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के ग्राम बिरांव कोट, करोमा एवं हरहुआ बलुआं में गुरुवार की शाम को हुई मारपीट की घटनाओं के अलग-अलग मामलों में तीन महिला और दो पुरुष घायल हो गये। घायल पक्षों ने विपक्ष के आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय थाने में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मारपीट की पहली घटना बिरांव कोट गांव में हुई जिसमें विपक्ष के एक आरोपी ने गुटका खाकर दीक्षा नामक नाबालिग लड़की के ऊपर थूक दिया मां पुनम सिंह जब शिकायत करने पहुंची तो विपक्षी किशन सिंह, मोनू, नगीना और उर्मिला ने मिलकर मां और बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरी घटना करोमा गांव में घटित हुई जिसमें इंद्रजीत पांडेय एवं राजीव रत्न पांडेय के बीच वाहन हटाने को लेकर वाद विवाद होने लगा और देखते देखते मारपीट हो शुरू हो गई। वहीं तीसरी घटना हरहुआ बलुआं में घटित हुई जिसमें जमीनी विवाद को लेकर दलित महिला गीता देवी को विपक्ष के सतेंद्र मिश्र, जटाशंकर, जयप्रकाश आदि लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# शॉर्ट सर्किट से रेस्टोरेंट में लगी आग

**सब जलकर खाक**

### फायर ब्रिगेड के 25 कर्मियों ने आग पर पाया काबू



रेस्तरां के बाहर लगी लोगों की भीड़

वाराणसी। लालपुर-पांडेयपुर थाना अंतर्गत चौकाघाट ताड़ीखाना तिराहे पर स्थित गोविंदम स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट में शुक्रवार तड़के तीन बजे रात में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम जब तक पहुंचती तब तक दुकान पूरी तरह जल कर खाक हो गया।आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतित होता है। मामले की जांच कराई जा रही है। आग बुझाने में कुल 25 दमकल कर्मियों सहित पांच गाड़ियां लगाई गई थी। जानकारी के अनुसार बीते 25 वर्षों से हुकुलगंज तिराहे पर स्थित गोविंद मिष्ठान भंडार की दूसरी शाखा गोविंदम स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट महीने भर पहले उद्घाटन कर खोली गई थी। जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर के साथ दो फ्लोर और बने हुए हैं, इसमें रेस्टोरेंट व मिष्ठान की दुकान खोल रखा था। क्षेत्रीय लोगों और दुकान मालिक के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग बुझाने के लिए रात्रि में ही दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची, जो घंटों की कड़ी मसक्कत के बाद सुबह 5:30 बजे आग पर काबू पा सकी। दुकान मालिक द्वारा दुकान के आगे की साफ सफाई करवाकर दुकान में ताला लगा दिया गया। आग लगने से कई लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। वहीं दुकान के सामने सड़क के उस पार रह रहे अमित कुमार ने बताया कि मैं छत पर सोया था देर रात तीन बजे के करीब तेज आवाज के साथ जोर का धमाका सुनकर नींद खुल गई सामने देखा तो मिठाई की दुकान के छत से धुंआ निकल रहा था। मैं तुरंत नीचे आया जिसकी सूचना अपने बेटे को भेजकर दुकान के मालिक सोहन सरदार व गोविंद यादव को दिया। जिसके बाद पहुंचे दुकान मालिक ने तुरंत पुलिस चौकी पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे फैंटम दस्ते ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना पाते ही दमकल की एक के बाद एक कुल पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लग गई। ढाई घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। दुकान के मालिक सोहन सरदार सांस्कृतिक संकुल के सामने यादव बस्ती के निवासी हैं।

## रंगदारी और जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के कोई राजपुर गांव में भू-स्वामी से पांच लाख रुपए रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी दिये जाने के मामले में पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार को स्थानीय पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। फुलपुर थानाक्षेत्र के कोईरान चमांव गांव निवासी जयप्रकाश सिंह ने पुलिस आयुक्त को दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि हमने कोईराजपुर गांव में 267,39 वर्ग मीटर जमीन अपनी पत्नी के नाम से बैनामा किया है। जिसपर हम काबिज हैं जब मैं अपनी जमीन पर मकान का निर्माण कराने गया तो पड़ोस के अमरनाथ यादव, अखिलेश यादव सहित आधा दर्जन लोग फर्जी स्टांप पेपर पर अपने को भु-स्वामी दशार्ते हुए निर्माण कार्य रोकने लगे और निर्माण कराने के लिये बतौर रंगदारी पांच लाख रुपए की मांग करने के साथ न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# टीएसआई ने पत्रकार से निकाली खुन्नस, छह मिनट में दो चालान

**मनमानी**

### टीएसआई पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप

वाराणसी। यातायात विभाग के कर्मियों से भीषण धूप में नगवां इलाके में लगे जाम में परेशान लोगों को देखकर एक पत्रकार का पूछना टीएसआई को इतना नागवार गुजरा कि उसने खुन्नस में सात मिनट में ही उनका एक ही कारण से एक ही जगह दो चालान काट दिया। यह किस नियम के तहत हुआ, समझे से परे है।

रामनगर थाना क्षेत्र के डोमरी निवासी अमरेन्द्र पांडेय सम्मानित समाचार पत्र में पत्रकार हैं। उनका कहना है कि 19 अप्रैल को दोपहर 1.20 बजे के करीब रामनगर से बाइक से लंका जा रहे थे। पुलिस की लापरवाही से नगवां चौकी से सामने घाट तक एक लेन में भीषण जाम लगा हुआ था। आग बरसाती धूप में लोग खड़े थे। वहीं ट्रैफिक विभाग के तीन से चार इंस्पेक्टर और सिपाही बरगद के पेड़ के नीचे छांव का आनंद ले रहे थे। चू?कि दूसरी लेन खाली थी तो कुछ लोग उस लेन से जाने लगे। लोग जहां से दूसरी लेन में मुड़ रहे थे वहां उन्हें मना करने वाला कोई नहीं था, जब वे आधा किमी आगे नगवां चौराहे पर चले जा रहे थे तो वहां खड़े टीएसआई उन्हें जबरन फिर से वापस मोड़ दे रहे थे। लोग हाथ जोड़ का विनय करते कि बहुत धूप है तो टीएसआई सुशील कुमार सरोज ने वाणी की मर्यादा लांघ दी। आरोप तो ये भी है कि धूप से बचने के लिए कुछ ऐसे भी थे, जो पैसे पकड़ा कर निकल जा रहे थे। जो पैसा नहीं देता उसको वापस लौटा दे रहे थे। जब यह पत्रकार अमरेंद्र पांडेय ने देखा तो टीएसआई सुशील कुमार सरोज को समझाया कि ऐसा क्यों कर रहे हैं, सुशील सरोज ने गाड़ी के आगे पत्रकार लिखा देख भड़क गए और जानबूझकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। हद तो तब हो गई जब पत्रकार की गाड़ी की चाभी छीनने लगे। कहा कि तुम पत्रकारों को रोज देखता हूँ। खैर इसके बाद जैसे ही वो आगे बढ़े इसी बीच मोबाइल पर एक ही समय में दो चालान का मैसेज आया। जिसमें टीएसआई सुशील कुमार सरोज ने 1:22 बजे और टीएसआई बब्बन सिंह ने 1:29 बजे पत्रकार की बाइक का हेलमेट न होने का एक हजार का चालान कर दिया। अमरेन्द्र पांडेय का कहना है कि नियमतः एक ही समय पर एक ही जगह दो चालान नहीं हो सकता, पर इन टीएसआई को निजी खुन्नस से ये किया। इस मामले में अमरेंद्र पांडेय ने वाराणसी के एडिशनल डिसीपी ट्रैफिक वीके पुरी, डीसीपी ट्रैफिक और वाराणसी पुलिस कमिश्नर से इसकी लिखित शिकायत की है।

# स्कूल गई दो छात्राएं गायब

**रहस्यमय**

### परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद दर्ज कराया अपहरण का मुकदमा, जांच में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज



रोहनिया। थाना क्षेत्र के अंडाचारी गली केसरीपुर तथा मंडुआडीह थाना क्षेत्र के चक्रवर्ती नगर कॉलोनी भुल्लनपुर पीएससी की रहने वाली दो नाबालिग छात्राएं बीते 19 अप्रैल दिन बुधवार समय सुबह छह बजे स्कूल जाने के बहाने घर से निकली और गायब हो गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शाम तक वापस नहीं लौटने पर दोनों के परिजनों ने रोहनिया थाना पहुंच कर प्रार्थना पत्र देते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की थी। जानकारी के अनुसार रोहनिया थाना क्षेत्र के अंडाचारी गली केशरीपुर के रहने वाले राजू की पुत्री पायल (14) व मंडुआडीह थाना क्षेत्र के चक्रवर्ती नगर कॉलोनी भुल्लनपुर पीएससी के रहने वाले हेड कांस्टेबल नीरज पांडेय की पुत्री शिखा पांडेय (15) रोहनिया क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ती थी, स्कूल जाने के बहाने वह घर से निकल अपने सहेली पायल के घर पहुंची और अपनी साईकिल खड़ी कर स्कूल ड्रेस बदलकर दोनों एक साथ बिना बताए कहीं निकल गयी। पायल के पिता राजू सूरत में रहकर कोई काम करते हैं और माता बेबी रोहनिया क्षेत्र के शहाबाबाद स्थित एक निजी कंपनी में कार्य करती है। पायल की मां बेबी ने बताया कि पायल घर पर एक कॉपी में लिख कर गई है कि मैं कहीं भाग नहीं रही हूं हम दोनों कुछ बनने के लिए बाहर जा रहे हैं आप लोग परेशान मत होइएगा। कुछ बनकर वापस आऊंगी। वहीं बुधवार देर शाम थाना पहुंचे शिखा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर दोनों के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया, गुरुवार देर शाम पायल की मां बेबी ने चौकी प्रभारी गंगापुर रणजीत कुमार श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

# गंदे पानी के बीच गुजर रहा दिन कट रहीं रातें

**समस्या आम लोगों की**

### पांच दिन बीत जाने के बाद भी जल निगम के अधिकारियों की नहीं टूटी नींद

### पूरी आबादी में पानी जमा से पनप रही मच्छरों की फौज, बीमारियों को दे रहे न्योता





वाराणसी। पांच दिन से फटी वाटर सप्लाई के पाइप लाइन के चलते लोगों को जिना मुहाल हो गया है, सप्लाई के समय पानी का फ्लो इस कदर रहता है कि सड़क के किनारे बहने वाले सीवर के पानी से मिलकर वाटर सप्लाई का पानी भी गंदा होकर लोगों के घरो में घुस रहा है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी ना तो जल निगम का कोई अधिकारी का ध्यान इस पर गया और ना ही किसी प्रत्याशी का जो पार्षद का चुनाव किसी ना किसी मुद्दे पर लड़ने की तैयारी कर रहें हैं।

मवईया चौराहे से बलुआ सड़क पर स्थित एक मैरिज लॉन के पास फटी वॉटर सप्लाई पाइप लाइन पांच दिन से लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी है। सुबह शाम वॉटर सप्लाई होने पर इस क्षेत्र में बसे लगभग तीन हजार की आबादी प्रभावित हो रही है, सप्लाई का पानी सीवर में मिलकर सभी के घरों में घुस रहा है, इतना ही नहीं जिन लोगों ने घर के पास गार्डेन बना रखा है, वह स्थान इस पानी के चलते पांच दिन से एक पोखरा का रुप में तब्दील हो गया है। पानी से उठने वाली दुर्गंध से लोगों का जिना मुहाल हो गया है। नाम ना छापने की तर्ज पर उस क्षेत्र की रहने वाली महिलाओं ने बताया कि गंदे पानी के सहारे मल तक घरों में आ जा रहा है, सभी का कहना थी जी-20 के चलते पूरे शहर को शीशा की तरह चमकाया जा रहा है वहीं इस क्षेत्र के लोग गंदे पानी में रहने को विवश है इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा। बताया कि इसी रास्ते से जल निगम के अधिकारियों के आने जाने के बाद भी उनकी नींद नहीं टूट रही।

**पानी जमा होने से बीमारी का खतरा**

लोगों की माने तो पानी जमा होने से कई प्रकार की बीमारियों के होने का खतरा मंडराने लगा है। मच्छर तो पनप रहे हैं साथ ही कई जानवरों का भी दहशत है।

# रामनगर में तीन वार्डों के लिए डटे 35 कैंडिडेट

**ठोकी ताल**

### नगर पालिका में 25 वार्डों पर होता था चुनाव, निगम में शामिल होने के बाद तीन के सिर ही सजेगा ताज

रामनगर। पालिका का नगर निगम में विलय के बाद इसके 25 वार्डों को सिर्फ तीन वार्ड में समेट दिया गया। जिसके बाद इस बार का चुनाव यहां के उम्मीदवारों के लिए आसान राह नहीं होगा। यहां तीनों वार्ड से 35 प्रत्याशी नगर निगम के मिनी सदन में पहुंचने के लिए घर-घर मत्था टेकने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। तीनों वार्ड से चुनाव लड़ने वाले 35 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं, यहां हर प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहा हैं।

रामनगर के वार्ड नंबर 12 गोलाघाट की पिछड़ा महिला है और इस वार्ड से किसी ने पर्चा वापस नहीं लिया, यहां कुल 13 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। जिसमें भाजपा ने पूर्व पार्षद मनोज यादव की पत्नी मोनिका यादव को, कांग्रेस ने पालिका की तीन बार लगातार चेयरमैन रही रेखा शर्मा की बड़ी बहन किरण शर्मा को और सपा ने भारी पूर्व पार्षद अशरफ राईन की पत्नी रेहाना बेगम को टिकट दिया है। वहीं बसपा से अंजलि गुप्ता और आप से पूजा कुमारी भी मैदान में डटी हुई हैं। सपा से टीकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व नगर अध्यक्ष व पूर्व पार्षद इस्त्याक अहमद ने अपनी पत्नी सहनाज बेगम और सपा के पूर्व पार्षद मणिशंकर शर्मा ने अपनी पत्नी मिनू शर्मा को निर्दल के रुप में मैदान में उतारा है। इसके अलावा अन्य निर्दलिय उम्मीदवार भी मैदान में डटे हैं। वार्ड नंबर 13 रामपुर की बात करें तो यहां सामान्य सीट है। यहां दल और निर्दल मिलाकर 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। सामान्य सीट होने के बावजूद यहां किसी दल ने सामान्य को टीकट देने से परहेज किया है। भाजपा ने दो बार से लगातार और पिछले चुनाव में 25 वार्ड में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करने वाली मीना सोनकर के पति पूर्व पार्षद लल्लन सोनकर को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने निवर्तमान पार्षद रंजना गुप्ता के पति पूर्व पार्षद राजेंद्र गुप्ता और सपा ने तीन तीन बार टीकट का फेरबदल करने के बाद पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व पार्षद जवाहर मौर्या पर विश्वास जताया है। वहीं पिछले चुनाव में अच्छी खासी वोट बटोरने वाले मिर्जा मुशीर हशन उर्फ राजू निर्दल चुनाव मैदान में कूद पड़े हैं। आप ने अमित वर्मा और बसपा ने चंद्रशेखर पर विश्वास जताकर मैदान में उतारा है। इसके अलावा आधा दर्जन प्रत्याशी निर्दल के रुप में जोर आजमाइश कर रहे हैं। वार्ड नंबर 65 की बात करें तो यह सीट पिछड़ा है। यहां भाजपा ने तीन बार से मिनी सदन में परचम लहराने वाले संतोष शर्मा का टीकट काटकर निवर्तमान भाजपा पार्षद रितेश पाल गौतम पर विश्वास जताया है। यहां सपा ने पूर्व नगर अध्यक्ष रामकुमार यादव राजू एडवोकेट, बसपा ने पूर्व पार्षद इस्लाम अंसारी, आप ने पूर्व पार्षद पति शमशीर और कांग्रेस ने गोपाल मौर्या पर भरोसा जताया है। छह बार लगातार सपा और निर्दल के रुप में मिनी सदन में अपनी जगह बनाने वाले मलहिया टोला निवासी पूर्व पार्षद अशोक साहनी ने अपने बेटे को निर्दल चुनाव मैदान में उतारा हैं। पार्टी का टीकट न मिलने से नाराज संतोष शर्मा ने भी निर्दल के तौर पर पर्चा दाखिल किया है। अब 4 को वोटिंग होने के बाद तस्वीर साफ हो पाएगी।

## बनारस से गुंटूर के लिए विशेष ट्रेन

वाराणसी। यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने गुंटूर-बनारस-गुंटूर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 22, 29 अप्रैल 2023 एवं 06 मई को गुंटूर से तथा 24 अप्रैल एवं 01, 08 मई, को बनारस से 03 फेरों के लिये करने का निर्णय लिया है। वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 07230 गुंटूर-बनारस 22, 29 अप्रैल, 06 मई, 2023 को गुंटूर से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन विजयवाड़ा, गुडिवाड़ा जं., कैकलुरू, भीमवरम टाउन, तणुकू, निडढ़वोलू , राजमुंड्री, सामलकोट, तुनी, अनकापल्ली, दुव्वाडा, कोत्तवलसा, विजयनगरम, रायगडा, मुनिगुडा, टिटिलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर, झारसुगुडा, हटिया, रांची, मूरी, बरकाकाना, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन, ससाराम से, भभुआ रोड, पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं. तथा वाराणसी से होते हुए बनारस 16.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 07231 यह ट्रेन 24 अप्रैल एवं 01, 08 मई को बनारस 18.00 बजे प्रस्थान कर गुंटूर 06.30 बजे पहुंचेगी।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर मना खुशहाल परिवार

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### चौकाघाट शहरी सीएचसी पर हुई इस साल की पहली पुरुष नसबंदी

वाराणसी। खुशहाल परिवार दिवस पर शुक्रवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौकाघाट पर इस वित्तीय वर्ष की पहली पुरुष नसबंदी हुई। इसके अलावा अन्य ब्लॉक व शहरी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी महिला नसबंदी, अंतरा तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन, साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली छाया, पीपीआईयूसी, आईसीयूडी, कंडोम आदि की सेवाएँ दी गईं। जिन दंपत्ति का परिवार पूरा हो चुका है उनको स्थायी व अस्थायी साधनों का उपयोग करने के लिए परामर्श व प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जिले के सभी ग्रामीण व शहरी सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर व जिला चिकित्सालयों पर खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। दिवस पर चार प्रकार के समूहों जैसे उच्च जोखिम वाली गर्भवती (एचआरपी), नवविवाहित दंपति, दंपति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं और चौथा ऐसे दंपति जिनके एक या दो बच्चे हैं, को सेवाएँ दी जाती हैं। दिवस पर परिवार नियोजन की स्थायी व अस्थायी सेवाएँ दी गईं। इसके साथ ही सीमित व खुशहाल परिवार के लिए परामर्श भी दिया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
ई-निविदा संख्या: NER-LJN-GS-2023-37 (Two Packet System)
www.ireps.gov.in
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
RDSO/SPN/192/2019 VER.2
http://www.ireps.gov.in

वाराणसी, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 2, वर्ष 12, अंक 73, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स


वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

ईद मुबारक

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

**अवकाश की सूचना**



ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, अभिकर्ताओं, पत्र वितरकों एवं शुभचिंतकों को दिली मुबारकबाद । इस अवसर पर जनसंदेश टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 22 अप्रैल 2023 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 24 अप्रैल 2023 को मिलेगा।

– महाप्रबन्धक




# अलर्ट के बीच यूपी में अलविदा की नमाज

**ईद आज**

**शहरों में फ्लैग मार्च, ड्रोन से निगरानी, खुफिया इनपुट के बाद पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई**

**आज 29 हजार मस्जिदों और 3865 ईदगाहों में अदा होगी नमाज**



**लखनऊ।** अलविदा जुमे की नमाज यूपी में हाई अलर्ट के बीच सकुशल संपन्न हुई। प्रयागराज समेत सभी शहरों में फोर्स सुबह से ही फ्लैग मार्च करती रही। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी रखी गई। सोशल मीडिया पर भी टीम नजर रखे रही। दरअसल, 15 अप्रैल की रात प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या कर दी गई थी।

हत्याकांड के बाद आज पहला जुमा है। कल यानी 22 अप्रैल को ईद भी है। ऐसे में खुफिया विभाग को इनपुट मिला है कि कुछ अराजक लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। बवाल और हिंसा का इनपुट मिलने के बाद वढ में पुलिस महकमा अलर्ट है। शहर से लेकर गांव तक सभी संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। प्रयागराज में सबसे ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। पूरे मामले पर खुद उट योगी नजर बनाए हैं। ईद-अलविदा जुमे की नमाज को लेकर प्रदेश को 849 जोन और 2460 सेक्टर में बांट कर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। कल यानी शनिवार को प्रदेश के 29 हजार 439 मस्जिदों और 3865 ईदगाहों में नमाज होगी। गौरतलब है कि पिछले साल 3 जून को पैगंबर पर की गई टिप्पणी को लेकर जुमे की नमाज के बाद कानपुर-प्रयागराज में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान जमकर पत्थर बरसाए गए थे।

## योगी सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को दी राहत

**लखनऊ।** यूपी के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियां अब स्मार्ट मीटर का खर्च नहीं वसूल पाएंगी। शुक्रवार को विद्युत नियामक आयोग में हुई जन सुनवाई में उपभोक्ताओं ने बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध किया है। बिजली कंपनियों और उपभोक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद नियामक आयोग के चेयरमैन ने आरपी सिंह ने कहा बिजली कंपनियां अपने खर्च पर स्मार्ट मीटर लगाएं। उपभोक्ता कनेक्शन के समय मीटर का चार्ज देता है उससे दूसरी बार इसके लिए धनराशि नहीं ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर पर होने वाले खर्च को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली उपभोग 15 फीसदी बढ़ा है। नई दरें तय करते समय इसे भी देखा जाएगा। सरकार की सब्सिडी घटाने और कितनी बिलिंग हो रही है। इसे भी आधार बनाया जाएगा। चेयरमैन के इस वक्तव्य से आशय निकाला जा रहा है कि इस साल भी दरों में कोई वृद्धि नहीं होगी।

# गोधरा कांड के आठ दोषियों को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की बोगी जलाने के 8 दोषियों को शुक्रवार को जमानत दे दी। ये दोषी उम्रकैद की सजा काट रहे थे, कोर्ट ने जेल में बिताए गए 17-18 साल के समय और अपराध में उनकी भूमिका को ध्यान में रखते हुए जमानत दी। वहीं, अन्य 4 दोषियों को जमानत देने से इनकार कर दिया। इसी मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उन 11 दोषियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दी थीं, जिन्हें ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।

ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में 31 लोगों को दोषी ठहराया था। इनमें से 11 लोगों को मौत की सजा दी गई थी, वहीं 20 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद दोषियों ने गुजरात हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने भी सभी 31 लोगों को दोषी माना था। हालांकि मौत की सजा पाए 11 लोगों की सजा उम्रकैद में बदल दी थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पादरीवाला की बेंच ने इन जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। इस मामले में कुल

**फैसला**

**चार की याचिका खारिज, ट्रायल कोर्ट ने 31 को सुनाई थी सजा**

**तीन दिन पहले 11 को जमानत देने से इनकार किया था**

**15 दोषियों की जमानत याचिका खारिज हुई**

31 दोषी थे, जिनमें से 15 की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। 8 दोषियों को आज जमानत मिल गई है। 7 लोगों की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। वहीं एक दोषी को पिछले साल दिसंबर में ही जमानत मिल गई थी। गुजरात सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मांग की थी- जिन दोषियों की मौत की सजा उम्रकैद में बदली गई, उन्हें दोबारा से मौत की सजा दी जाए। ये कोई ट्रेन पर पत्थर फेंकने जैसा आम मामला नहीं है। ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है। इसमें 59 लोगों को जिंदा जला दिया गया था, जिनमें महिलाएं-बच्चे भी शामिल थे।

# पीएम मोदी ने बुलाई उच्च-स्तरीय बैठक

**वीडियो कांफ्रेंसिंग**

**सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की हुई समीक्षा**

**हालात बेकाबू, शवों की सही गिनती तक नहीं हो पा रही**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह युद्ध प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। पीएम ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान वहां से देश के लोगों को सुरक्षित निकालने पर चर्चा हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी हिस्सा लिया और सूडान के मौजूदा हालात के बारे में पीएम को अवगत कराया। बैठक को लेकर पीएमओ ने बयान जारी किया है। बयान के मुताबिक, पीएम ने सूडान में हाल के घटनाक्रमों का आकलन किया और सूडान में वर्तमान में फंसे हुए 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ जमीनी हकीकत की पहली रिपोर्ट प्राप्त की।

इस दौरान पीएम मोदी ने सूडान में एक भारतीय नागरिक के निधन पर शोक व्यक्त जताया। गृहयुद्ध से प्रभावित सूडान में पिछले सप्ताह भारतीय नागरिक एक गोली का शिकार हो गया था। पीएम ने इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, विकास की बारीकी से निगरानी करने और सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का लगातार मूल्यांकन करने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम मोदी ने आगे आकस्मिक निकासी योजनाओं की तैयारी, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता के लिए लेखांकन का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के पड़ोसी देशों के साथ-साथ सूडान में बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ घनिष्ठ संचार बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि सूडान में सेना व रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी गृहयुद्ध को लेकर मंगलवार देर शाम को दोनों पक्षों ने 24 घंटे के संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी, लेकिन बहुत जल्द यह युद्धविराम टूट गया। बुधवार को पांचवें दिन तक देश में डब्ल्यूएचओ ने 270 मौतों की बात कही जबकि 2,600 से ज्यादा घायल बताए थे। इस बीच, वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत पूरे मामले पर करीबी नजर रखे हुए है और विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई व सऊदी अरब से वार्ता कर समन्वय शुरू कर दिया है। गोलाबारी व हवाई हमलों ने राजधानी खारतूम और नील नदी के ओमडुरमैन शहर को हिलाकर रख दिया है। देश में किसी अनजान जगह पर 31 भारतीयों के फंसे होने की खबरें भी हैं। भारतीयों की सुरक्षा पर जयशंकर ने चार देशों से चर्चा के बाद ट्वीट किया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान का शुक्रिया, जो हमारे संपर्क में हैं। उन्हें सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान व ब्रिटेन-अमेरिका से भी व्यावहारिक समर्थन का आश्वासन मिला है। हताहतों की निगरानी करने वाले सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट ने कहा कि यहां सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

## भाजपा ने अखिलेश-मायावती से किया खेल चेयरमैन पर सपा-बसपा के नाम वापस

लखनऊ। यूपी निकाय चुनाव में शुक्रवार को पहले चरण के लिए प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई। पहले नामांकन फिर नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद अंतिम प्रत्याशियों का नाम तय हो गया। इस बीच झांसी में चेयरमैन पद पर भाजपा ने अखिलेश और मायावती के साथ खेल कर दिया है। यहां पर सपा-बसपा समेत सभी प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया है। इससे केवल भाजपा प्रत्याशी ही मैदान में रह गया है। इससे उसका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। झांसी की चिरगांव नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिये नाम वापसी के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और निर्दलीय उम्मीदवारों समेत सभी ने अपने नाम वापस ले लिये। इसके बाद चुनावी रण में भाजपा के संजले राजा के ही रह जाने से उनकी निर्विरोध जीत का रास्ता साफ हो गया है। स्थानीय निकाय चुनाव से कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल हुये संजले राजा को चिरगांव नगर पालिका के अध्यक्ष पद का मजबूत दावेदार माना जा रहा था।

## ड्रोन-स्निफर डॉग से हमलावरों की तलाश

**श्रीनगर।** कश्मीर में सेना के ट्रक पर आतंकी हमले के मामले में नई जानकारी सामने आ रही है। डिफेंस सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में घायल एक जवान ने बताया कि रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक में कम से कम 7 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उधर, जवानों पर आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम पुंछ रवाना हो गई है। शुक्रवार दोपहर तक टीम घटनास्थल भीमबेर गली इलाके में पहुंचेगी। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम ने सुबह जाकर पूरे इलाके की जांच की। भीमबेर गली पुंछ से 90 किलोमीटर और लाइन ऑफ कंट्रोल से 7 किमी दूर है। यहां बेहद घना जंगल है। इस इलाके में 6 से 7 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी के इंटेलिजेंस इनपुट हैं।




## मुख्तार की पत्नी आफसां पर लुक आउट नोटिस जारी

**मऊ।** आईएस 191 गैंग का सरगना मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी जो मूल रूप से जनपद गाजीपुर की रहने वाली है। मुख्तार अंसारी वर्ष 2005 से जेल में है। आफसा अंसारी द्वारा मुख्तार अंसारी के आपराधिक गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है, जिसके क्रम में उक्त द्वारा दो फर्मे बनायी गयीं जिसमें से एक जनपद गाजीपुर में तथा दूसरा विकास कन्स्ट्रक्शन के नाम से जनपद मऊ के थाना दक्षिणटोला क्षेत्रान्तर्गत रैनी में फर्म बनायी गयी जिसमें एससी/एसटी के लोगों की जमीनों को फर्जी तरीके से ले ली गई, जिसकी जांच राजस्व विभाग से की गई तथा गड़बड़ी पाये जाने पर आफसा अंसारी तथा उनके भाइयों क्रमशः सरजील रजा व अनवर शहजाद व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया। तत्पश्चात उक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसमें आफसा अंसारी फरार चल रही है। पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा उन पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है तथा जनपद गाजीपुर से भी 50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित है। उक्त की तलाश में जनपद मऊ की तीन पुलिस टीमें गाजीपुर व अन्य संभावित स्थानों पर तलाश कर रही हैं, कहीं बाहर न जाने की आशंका में उक्त के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी हुआ है।

**सतर्कता**

**विदेश भागने की व्यक्त की जा रही आशंका**

# यूपी में बिजली चोरी रोकने के लिए बड़ा कदम

## बिना कनेक्शन उपयोग करने वालों को मिलेगा कनेक्शन, बिना संयोजन बिजली जलाने वालों का होगा चिह्नांकन

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के हर घर, हर परिवार को बिजली कनेक्शन का तोहफा देने जा रही है। प्रदेश में अब एक भी घर अंधेरे में नहीं रहेगा। इसके साथ ही बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. के अंतर्गत पांचों वितरण निगमों में कुल 3.27 करोड़ विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें से घरेलू प्रयोग हेतु कुल संयोजनों की संख्या 2.88 करोड़ है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कुल घरेलू विद्युत संयोजनों की संख्या कुल परिवारों की संख्या के सापेक्ष कम है। इसीलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है। ऐसे समस्त परिवार जो कि वर्तमान में विद्युत का प्रयोग कर रहे हैं, परन्तु उनके द्वारा संयोजन नहीं लिया गया है,उनको नियमानुसार संयोजन निर्गत किया जाएगा। इससे बिजली चोरी पर भी रोक लग सकेगी तथा ऐसे परिसर जो कि अविद्युतीकृत हैं का विद्युतीकरण कराकर संयोजन निर्गत कर दिया जाए।

**पहल**

**छात्र, स्वयं सहायता समूहों और विद्युत सखियों की ली जाएगी मदद**



इस अभियान को सफल बनाने के लिए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने विभागीय स्तर पर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि विद्युतीकरण से छूटे समस्त परिवारों का चिह्नांकन आवश्यक है। इसके लिए अभियान चलाकर ऐसे परिवारों व घरों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके निवास स्थान पर वर्तमान में कोई भी वैध विद्युत संयोजन नहीं है।इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत में उपलब्ध परिवार रजिस्टर, नगरीय क्षेत्र में हाउस टैक्स / वॉटर टैक्स जमा करने वाले परिसरों का विवरण और राशनकार्ड का विवरण देखकर विद्युत संयोजन है या नहीं का निर्णय कर सकते हैं। इससे प्राप्त मूल सूचना को आधार बनाते हुए विस्तृत सर्वे कराने के लिए सरकार ने नए प्रयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत, जनपद में स्थित इंटर कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सर्वे के लिए सम्मिलित करने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानाचार्यों की एक बैठक जनपद स्तर पर कर इच्छुक छात्रों का चिन्हीकरण करते हुए छात्रों की टोलियों को क्षेत्र आवंटित कर क्षेत्र का सर्वे कराया जाएगा।निर्धारित प्रारूप पर उनके माध्यम से सूचना प्राप्त की जाएगी। सर्वे के लिए छात्रों को एक प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्य आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह एवं विद्युत सखियां कार्य कर रहे हैं। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर स्वयं सहायता समूह / विद्युत सखियों को अपने क्षेत्र में उक्त सर्वे करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

वहीं, बिलिंग एजेंसीज के कर्मचारी भी इसमें हिस्सा लेंगे। एजेंसी के साथ हुए अनुबंध में भी स्कोप ऑफ वर्क के तहत यह प्रावधान है, जिसमें कहा गया है कि एजेंसी बिजली का इस्तेमाल करने वाले नॉन कंज्यूमर को सर्च और लोकेट करेगी। सर्वे के दौरान यह देखना होगा कि घर पर वैध विद्युत संयोजन है अथवा नहीं। जिन घरों में वैध विद्युत संयोजन नहीं है वहां पर कई प्रकार की स्थिति बन सकती है।



# पुष्पवर्षा मशीन, पैन ड्राइव रसमाधुरी, सोहाल के रेट तय

**रखना होगा ध्यान**

### पार्टी या उम्मीदवारों के चुनाव खर्च पर रहेगी पैनी नजर, सामग्रियों का मूल्य निर्धारित

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** नगरीय निकाय निर्वाचन को देखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू है। जनपद में संबंधित निकायों के सभी सीटों के उम्मीदवार न सिर्फ तय हो चुके हैं उन्हें चुनाव चिह्न भी आवंटित किया जा चुका है। प्रत्याशियों की पदवार चुनाव खर्च की सीमा तय है। अब उनके चुनाव प्रचार पर निर्वाचन व्यय लेखा टीम की पैनी नजर रहेगी। टीम हरएक प्रत्याशी की छोटी-बड़ी चुनावी सभा, बैठक, रैली, जुलूस समेत प्रचार सामग्री आदि पर ध्यान देगी। साथ ही हरएक कैंडीडेट से निर्धारित रजिस्टर पर चुनाव खर्च का ब्योरा भी लिया जाएगा। इसके लिए विभिन्न सामग्री के रेट तय हो चुके हैं। निगरानी टीमें सामग्रियों की निर्धारित की गयी दरों के अनुसार उम्मीदवारों के चुनाव खर्च का आंकलन करेगी।

इस इलेक्शन में चुनाव खर्च का अनुश्रवण करने वाली जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं नगरीय निकाय के जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन के बाद चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न मदों में होने वाले खर्च का रेट चार्ट तैयार किया गया है। उसमें वाहन संबंधी, टेंटेज, फर्नीचर, कुर्सी, बैरीकेडिंग आदि, नाश्ता-भोजन सामग्री, जनरेटर-माइक-लाइट, प्रिंटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गेस्ट हाउस का किराया तथा अन्य कई सामग्रियों के मूल्य निर्धारित किये गये हैं।

इसके अंतर्गत तय कुछ सामग्री पर नजर डालें तो विभिन्न प्रकृति के हल्के, मिनी और भारी सवारी वाहन, दो पहिया एवं तिपहिया वाहनों के रेट प्रति किमी, प्रतिदिन और ईंधन सहित नाइट शिफ्ट का भाड़ा निर्धारित है। इसी प्रकार प्रत्याशी के इलेक्शन ऑफिस का शहर व ग्रामीण क्षेत्र में वर्गफीट के अनुसार अलग-अलग किराया, गुणवत्ता के अनुसार पंडाल, मेजपोश, लोहे का गेट, मंच, डीजे, माइक, कार्पेट, डायस, बैरीकेडिंग, पोडियम, कुर्सी, वेटर समेत कॉफी मशीन, पंखा, मैटिंग, तोरणद्वार, गद्दा, तकिया, मसनद आदि का भाड़ा तय है। वहीं, खानपान की सामग्रियों में साधारण व स्पेशल चाय, छोटी-बड़ी कॉफी, ब्रेड पकौड़ा, सोहाल, समोसा, टिक्की, जलेबी, पकौड़ी, लंच पैकेट, स्पेशल लंच, भोजन साधारण थाली, कटलेट, नमकीन, बर्फी, राजभोग, रसमलाई, गुलाब जामुन, रसमाधुरी, बोतल बंद पानी, जूस, पैक्ड जूस, पैक्ड दूध आदि के मूल्य निर्धारित किये गये हैं। इसी प्रकार गेंदा-गुलाब फूल, बुके-बास्केट, झाड़, फूलों की वर्षा करने वाली मशीन, विभिन्न प्रकार के फर्नीचर, पैन ड्राइव, सरकारी-निजी गेस्ट हाउस व होटल आदि में ठहरने के लिए कक्ष की प्रकृति वगैरह के मूल्यों के अनुसार पार्टी या प्रत्याशी के खर्च का आंकलन होगा।

## कमलेश का हुआ दूसरी बार कहानी सुनाओ स्पर्धा में चयन



**पिंडरा।** ब्लॉक के नवाचारी शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय उच्च प्राथमिक विद्यालय रमई पट्टी व अरविंद कुमार सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय धौकलगंज का चयन पांचवे राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के संदर्भ में भारतीय लोक कथाएं थीम पर आधारित अपनी-अपनी कहानियों का प्रस्तुतीकरण किया जाता है। जिसमें वाराणसी का प्रतिधत्व करते हुए कमलेश 27 अप्रैल को लखनऊ में कहानी प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश के सभी 75 जनपद से चयनित प्रतिभागियों को बारी-बारी से कहानी प्रस्तुत करने के लिए 5-5 मिनट का समय दिया जाएगा। इससे पूर्व भी एससीईआरटी की यह प्रतियोगिता कमलेश ने अपने नाम की थी। इस उपलब्धि पर बीईओ देवी प्रसाद दुबे व अन्य शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

### सेहत के साथ खिलवाड़, मानक के विपरीत अंडों की सप्लाई

**वाराणसी।** कुक्कुट विकास समिति ने गुरुवार की देर रात एक अंडे लदे ट्रक को सेंट्रल जेल के नजदीक मंडी के पास से पकड़ा और गिलट बाजार पुलिस चौकी को सौंप दिया। समिति के लोगों का आरोप था अंडा पुलिस को सौंपा तो पुलिस ने उक्त ट्रक को बिहार का माल. बताते हुए छोड़ दिया, जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि डेढ़ सौ किमी से अधिक दूरी के अंडों का परिवहन सिर्फ. वातानुकूलित वाहन से ही हो सकेगा जिसमें जीपीएस व डाटा लॉगर लगा हो। इस दौरान समिति के विपिन सिंह, चंद्रभूषण सिंह, गौरव सिंह, विशाल सिंह, प्रमोद व सिद्धार्थ सिंह सहित समिति के अन्य कई लोगों ने ट्रक को छोड़ने का विरोध किया लेकिन पुलिस ने उक्त ट्रक को छोड़ दिया।

## संक्षेप

### पृथ्वी दिवस थीम पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**वाराणसी।** सेंट्रल हिंदू ब्वॉयज स्कूल के छात्र सैनिकों ने शुक्रवार को एएनओ राजेश वर्मा के नेतृत्व में पूनीत सागर अभियान के अंतर्गत पृथ्वी दिवस थीम पर जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. स्वाति अग्रवाल ने हरी झंडी दिखा कर किया। रैली विद्यालय परिसर से होते हुए बीएड संकाय भेलूपुर जल संस्थान एवं भेलूपुर पॉवर हाउस होते हुए विद्यालय परिसर तक संपन्न हुई। जिसके बाद प्राचार्या एवं पूर्व चीफ ऑफिसर एसके श्रीवास्तव ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर राजीव कुमार, एमसी जायसवाल, सत्यनारायण, अजय सिंह, आशुताष कुमार प्रजापती, प्रशांत सिंह, एमबी सिंह, डॉ. सोनी स्वरुप, शैलेष कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह किया तो होगी जेल : डीएम

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने चेतावनी दी है कि यदि अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह कराया गया तो दोषी लोगों को जेल की हवा खानी पड़ेगी। डीएम ने जनपद के प्रत्येक नागरिक से बाल विवाह रोकने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और ग्राम प्रधान को निर्देश दिया है कि अक्षय तृतीया के दिन होने वाले विवाह कार्यक्रमों पर पैनी नजर रखें। समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जाय कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसमें दोषी व्यक्ति को दो साल की सजा और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

### कल आएगा केरल का प्रतिनिधिमंडल

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने ई-गवर्नेंस विषयक केरल के प्रतिनिधि मंडल की 23-24 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी यात्रा को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल पहले दिन आईसीसीसी, नमो घाट, काशी विश्वनाथ मंदिर, विश्वनाथ कॉरिडोर, व गंगा आरती देखेगा। दूसरे दिन वह आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय का अवलोकन कर सारनाथ और टीएफसी का भ्रमण करेंगे।

### 4.5 किलो अफीम के साथ दो धराये



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने शुक्रवार को वाराणसी जंक्शन स्थित विस्तारित भवन से शुक्रवार को दो अफीम तस्करों क गिरफ्तार किया, तलाशी में बैग से लिक्विड फॉर्मेट के मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। एनडीपीएस की धाराओं में चालान कर जीआरपी ने दोनों को जेल भेज दिया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि दोनो तस्कर बिहार के गया जिले से अफीम की लिक्विड लेकर मध्य प्रदेश स्थित रतलाम जा रहे थे। बरामद अफीम की कीमत करीब चार लाख 88 हजार रुपए आंकी गई है। बताया कि दोनों पहले भी तस्करी में राजस्थान और मध्य प्रदेश में जेल जा चुके है। दोनो तस्कर एक साथ तस्करी का काम करते है। तस्करों में दिनेश चंद्र मध्यप्रदेश के दशलाम का और केशाराम राजस्थान का रहनेवाला है।

### एनपीएस के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने चढ़ायी आस्तीन

**वाराणसी।** एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) के विरुद्ध लामबद्ध रेलकर्मियों ने एक बार पुनः प्रदर्शन किया। कैंट स्टेशन स्थित निदेशक कक्ष के समीप प्रदर्शनरत लोगों



ने केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध जताया। ज्वाइंट फोरम फार रेस्टोरेशन आफ ओल्ड पेंशन की ओर से धरना सभा में शाखा सचिव सुनील सिंह ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के हित में नहीं है। इस योजना से सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारियों के गुजर-बसर पर संकट मंडराएंगे। डीके सिंह ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी संगठन का विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर उपेंद्र पाठक, राजकुमार, शिवलाल, राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, रामतीरथ यादव, भानु प्रताप गिरि, ओमप्रकाश, विवेक सिंह, प्रेम चौधरी, विवेक रघुवंशी, चंद्रजीत यादव, सर्वजीत कुमार, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रो. दिनेश कुमार गर्ग यूजीसी के प्रभारी नियुक्त

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि विश्वविद्यालय के प्रो. दिनेश कुमार गर्ग को यूजीसी का विशेष कार्याधिकारी (प्रभारी) नियुक्त किया गया है। वहीं डॉ. विद्या कुमारी चंद्रा को यूजीसी (सह - प्रभारी) नियुक्त किया गया है। कुलसचिव प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि प्रो. दिनेश कुमार गर्ग प्राचीन राजशास्त्र के आचार्य तथा डॉ. विद्याचंद्रा हिंदी विभाग के आचार्य हैं।

# गैरहाजिर कर्मियों के वेतन काटने का निर्देश



**आदेश**

### नगर आयुक्त ने किया नगर निगम का औचक निरीक्षण

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरी ने शुक्रवार को सिगरा स्थित नगर निगम कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कर्मयारियों को लापरवाही बरतने के मामले में जुर्माना किया गया। साथ ही उनका एक दिन का वेतन भी काटा गया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त कार्यालय में कार्यरत सुभाष चंद्र उपाध्याय प्रथम श्रेणी लिपिक को उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नहीं किए जाने पर चेतावनी दी गई। सिकंदर अली चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा कार्यालय में बिना अवकाश स्वीकृत कराए आपने बहन का परीक्षा दिलाने चले जाने पर एक दिन का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया।

कार्यालय से संबद्ध सतीश चंद्र कर अधीक्षक (निलंबित) भी अनुपस्थित पाए गए हैं नो वर्क नो पे के आधार पर उनका भी एक दिन का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया गया। रक्षक दल कार्यालय, परिषद कार्यालय और खजांची कार्यालय व अनुज्ञप्ति विभाग की साफ- सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए। निगम मुख्य भवन कार्यालय में कार्यालय कक्ष संख्या व साइनेज बोर्ड लिखवाए जाने के भी निर्देश दिए गए। पेंशन कार्यालय, जनगणना कार्यालय और नगर निगम पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया। कैंपस में स्थित पुलिस चौकी की खिड़की और पल्ला ठीक कराएं जाने व कैंपस रिकार्ड रूम के सामने कबाड़ के गाड़ियों का कमेटी बनाकर नीलामी किए जाने के निर्देश दिए गए।

साफ- सफाई, झाला जमे हुए धूल को साफ कराते हुए व्यवस्थित तरीके से अभिलेख रखे जाने के निर्देश दिए गए। रिकॉर्ड रूम के सामने वाहन स्थल पर टीन शेड पार्किंग बनाए जाने और रिकर्ड रूम के अभिलेखों पर धूल मिट्टी एवं दीवारों की सफाई कराए जाने के भी निर्देश दिए गए।

रिक्शा लाइसेंस विभाग स्थित सफाई कर्मचारी संघ कक्ष में नेता सोमचंद बाल्मीकि द्वारा पान गुटखा खाकर कार्यालय में बैठने पर जुमार्ना काटे जाने के निर्देश दिए व कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई दीवार पर लगे झाले की सफाई कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# कैंसर रोगियों की छोटी सर्जरी हुई आसान

**अच्छी पहल**

### नरिया क्षेत्र स्थित महामना पं. मदन मोहन मालवीय कैंसर सेंटर में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सुविधा का हुआ शुभारंभ

### परमाणु ऊर्जा विभाग सचिव केएन व्यास ने किया उद्घाटन, कीमो थेरेपी में भी सटीक जगह दिया जा सकेगा उपचार

जनसंदेश न्यूज



महामना पं. मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल में शुक्रवार को इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सेवा का शुभारंभ परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव केएन व्यास ने किया

**वाराणसी।** नरिया क्षेत्र स्थित महामना पं. मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल में शुक्रवार को इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सेवा का शुभारंभ हुआ। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव एवं परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष केएन व्यास ने इसका उद्घाटन किया। इस पहल से कैंसर पीड़ित मरीजों को इलाज में और भी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर चिकित्सालय में रेडियोलॉजी विभाग प्रमुख डॉ. सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि कैंसर के मरीजों के उपचार के तहत इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की सुविधा महत्वपूर्ण प्रयास है। इसका उपयोग लीवर, गॉल ब्लैडर, लंग्स, हड्डी, किडनी, पैंक्रियाज के कैंसर आदि में अहम है। यह सुविधा आरंभ होने से कई प्रकार के कैंसर की बड़ी सर्जरी के बजाय छोटी सर्जरी करना संभव हो गया है। इसके माध्यम से टार्गेटेड कीमो थेरेपी देने में भी मदद मिलती है। इससे कीमो का असर ठीक ट्यूमर के स्थान पर होता है।

इस अस्पताल में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की सुविधा सीएसआर फंड से उपलब्ध करायी गयी है। उद्घाटन कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त सचिव सुषमा ताईशेटे, टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई के निदेशक डॉ. आरए बडवे, महामना पं. मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल प्रभारी डॉ. पंकज चतुर्वेदी, निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आकाश आनंद आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# बैग में भर रहे अमिट स्याही, लचीला तार, रिबन...



नगरीयनिकाय निर्वाचन की पोलिंग पार्टियों के लिए कलेक्ट्रेट में बस्ते तैयार किये गए

**तैयारी**

### निकाय निर्वाचन में पोलिंग पार्टियों के लिए तैयार किया जा रहा बस्ता

### हरएक पार्टी के लिए मास्क सेनेटाइजर और दवा का किट भी देंगे

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान आगामी चार मई को होगा। जिसमें नगर निगम के महापौर एवं पार्षद तथा नगर पंचायत गंगापुर के अध्यक्ष व सदस्य पदों के लिए मतदाता वोट डालेंगे। इसके लिए पोलिंग पार्टियों का बैग तैयार किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट स्थित पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय परिसर में नगर निगम के 100 वार्ड और नगर पंचायत के दस वार्डों की पोलिंग पार्टियों के लिए अलग-अलग बस्ते पैक कर रहे हैं।

दोनों निकायों के लिए सभी बूथों के कुल बस्तों का दस फीसदी बैग आपात स्थिति के लिए रिजर्व में रखे जाएंगे। यहां नगर निगम के कुल एक हजार 325 बूथों के लिए आरक्षित बैग समेत कुल एक हजार 458 बस्ते तैयार हो रहे हैं। जबकि नगर पंचायत गंगापुर के लिए कुल 15 बस्ते रहेंगे। नगर निगम की पोलिंग पार्टियों के प्रत्येक बस्ते में ईवीएम का धागा, ब्लेड, पेन, विभिन्न प्रपत्र, लिफाफे, अमिट स्याही, मोमबत्ती, पिन, पेंसिल आदि समेत लगभग 84 सामग्री रहेगी।

दूसरी ओर, नगर पंचायत की पोलिंग पार्टियों के हरएक बस्ते में बैलेट बॉक्स पैकिंग के लिए रिबन, सुतली, सूजा, लचिला तार, लिफाफे, विभिन्न प्रपत्र आदि सहित करीब 81 सामग्री रहेगी। इन बस्तों के अलावा कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मतदान कार्मिकों के लिए मास्क, सेनेटाइजर आदि समेत दवा का किट भी अलग से उपलब्ध कराएंगे। यह बस्ते सभी पीठासीन अधिकारियों को आगामी 28 व 29 अप्रैल के प्रस्तावित दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सौंपे जाएंगे।

### सारनाथ वार्ड में सर्वाधिक मतदाता

**वाराणसी।** नगर निगम क्षेत्र की अपडेटेड वोटर लिस्ट में सभी सौ वार्डों को मिलाकर मतदाताओं की कुल संख्या 16 लाख सात हजार 905 है। इनमें आठ लाख 72 हजार 643 पुरुष एलं सात लाख 35 हजार 262 महिला वोटर हैं। इस मतदाता सूची में सर्वाधिक 25 हजार से अधिक वोटर वाले तीन वार्ड हैं। उनमें वार्ड-1 फुलवरिया में 25 हजार 139, वार्ड-44 सारनाथ में 28 हजार 465 और वार्ड-46 पहड़िया इलाके में 26 हजार 108 मतदाता हैं। दूसरी ओर, दस हजार से कम वोटर वाले वार्डों की संख्या 15 है। जिनमें राजाबाजार (35) में 9439, चौकाघाट (36) में 9003, पिशाचमोचन (43) में 7056, जोल्हा उत्तरी (45) में 7818, सुंदरपुर (50) में 9787, छित्तूपुर खास (57) में 7794 मतदाता हैं। इसी प्रकार दस हजार से कम वोटर वाले वार्डों के अंतर्गत मध्यमेश्वर (66) में वोटरों की संख्या 7322, बागहाड़ा (74) में 8515, कृतिवाशेश्वर (81) में 9300, लल्लापुरा कला (92) में 7995, बागेश्वरी देवी (93) में 8936, दशाश्वमेध (96) में 9791 और कालभैरव (97) में 9589 वोटर हैं।

## ईवीएम का प्रथम रैंडमाइजेशन आज



**वाराणसी।** नगर निगम के महापौर और पार्षद पदों का चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानि ईवीएम के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए ईवीएम के बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का प्रथम रैंडमाईजेशन शनिवार को होगा। दिन में 11 बजे कमिश्नरी कार्यालय स्थित जिला सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) में यह प्रक्रिया कंप्यूटर के माध्यम से निर्धारित करेंगे। उस दौरान पद एवं वार्डवार ईवीएम तय होंगे। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की उपस्थिति मों होने वाले ईवीएम का पहला रैंडमाइजेशन प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आमंत्रित किया गया है। एडीएम प्रशासन एवं नगरीय निकाय के उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम रैंडमाइजेशन के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

# बरेका जूनियर की भारी जीत

**सगीर क्रिकेट**

### अमन शर्मा ने जमाया शतक

**वाराणसी।** अमन शर्मा के शतक (122 रन, 106 गेंद) के चलते विवेक सिंह स्टेडियम में खेली जा रही सगीर अहमद क्रिकेट लीग में बरेका जूनियर ने आदर्श विवेक क्लब को सौ रन से हरा दिया। बरेका के 35 ओवरों में आठ विकेट पर233 के जवाब में आदर्श क्लब 23 ओवरों में 133 पर बिखर गया।

पहले खेलते हुए बरेका जूनियर ने 34 पर तीन विकेट खो दिये। यहां अमन ने पहले सजल सिंह (32) के साथ दल को 115 पर पहुंचाया और फिर मनींद् (32) के साथ 111 रन जोड़कर दल को मजबूत कर दिया। सार्थक, श्रेयस और तेजस ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में आदर्श की टीम पंकज जायसवाल (4-19) की मारक गेंदबाजी के आगे उखड़ गई। बालगोविंद ने 32 रन बनाकर कुछ जमने का प्रयास किया। मिलन व उत्कर्ष ने दो-दो विकेट लिए। आदर्श की टीम दो किस्तों में बिखरी। पहले 45 पर पांच विकेट गंवाए और आखिरी के पांच विकेट 22 रन पर खोए।

### एनडीआरएफ ने बच्चों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**वाराणसी।** एनडीआरएफ टीम शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव के लिए स्कूलों में सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उसी कड़ी में शुक्रवार को निरीक्षक ब्रिजेश कुमार तिवारी की अगुवाई में सनबीम सनसिटी स्कूल करसाना के बच्चों को एनडीआरएफ की टीम द्वारा स्कूल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप, बांढ़ में बचाव के तरीके, फायर सेफ्टी, आकाशीय बिजली से बचाव, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल के पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, स्कूल सुरक्षा ड्रिल, दामिनी ऐप, सचेत ऐप इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ रही भीषण गर्मी और लू से बचाव के तरीकों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### नवनियुक्त पदाधिकारी को दी बधाई

**वाराणसी।** पहड़िया क्षेत्र स्थित बहुजन समाज पार्टी के मंडल कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष नागेंद्र कुमार राव को पदाधिकारियों ने बधाई दी। मीटिंग में संगठन के वाराणसी मंडल प्रभारीद्वय रामचंद्र गौतम साहब एवं अवनीश कुमार, राजेश भारती, लक्ष्मण राम, जिलाध्यक्ष रवि कुमार एडवोकेट, जिला सचिव सुरेश कुमार राव, मुकेश एडवोकेट, शिवशंकर, विष्णुदयाल सेठ, एस. जावेद अहमद, सुरेंद्र सैगल आदि रहे।

### महासचिव ने की तैयारी बैठक

**वाराणसी।** राष्ट्रीय योगासन खेल संघ यानि एनवाईएसएफ महासचिव डॉ. जयदीप आर्य ने आगामी दिनों बीएचयू में प्रस्तावित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए तैयारी बैठक की। उन्होंने संबंधित स्थलों का जायजा भी लिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सभी को पूर्ण निष्ठा, सहयोग और सेवा भावना से कार्यक्रम को भव्य बनाना है। इस अवसर पर हरीशंकर दुबे, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी आरपी सिंह, ऋषिपाल, रोहित कौशिक, आशीष टंडन, डॉ. नेहा चौधरी, ब्रजमोहन पांडेय, राजन वैदिक, शैलेश बरनवाल, डॉ. दिनेश चंद्र अरोड़ा, डॉ. सुनील यादव, शैली श्रीवास्तव, नम्रता राय, ईशा दत्ता, मधु कुशवाहा आदि की उपस्थिति रही।

### ईद व अक्षय तृतीया पर जंसा पुलिस ने पैदल गश्त किया

**जंसा।** ईद व अक्षय तृतीया पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जंसा जनपद में शहर से लेकर सभी क्षेत्रों में पुलिस बल सतर्क रही। जिसमें वाराणसी कमिश्नरेट की ओर से शहर के अलावा चौबेपुर, सेवापुर, रोहनिया और जंसा आदि इलाकों में पैदल रूट मार्च किया गया। इस दौरान लोगों से अमन चैन ,शांति बनाए रखने की अपील की। दिन में अलविदा के नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई थी।

### स्वयंसेवक शिवांकी ने दिया मानवीय सेवा का परिचय

**वाराणसी।** राजकीय क्वींस इंटर कालेज के दसवीं का छात्र आयुष यादव कार के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। वह साइकिल से पांडेयपुर स्थित अपने घर आ रहा था। तभी उधर से गुजर रही नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड प्राथमिक चिकित्सा दल की सदस्य व शिक्षिका शिवाकीं आर्या ने मानवता का परिचय देते हुए छात्र का उपचार पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेंटर में कराया और उसके परिजनों को भी सूचित किया। शिवाकीं के मानवीय सेवा के लिए छात्र के परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

# प्लास्टिक पर लगायें पूर्ण प्रतिबंध : डीएम

**निर्देश**

### स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने की विभागों संग समीक्षा बैठक

**वाराणसी।** डीएम एस राजलिंगम ने शुक्रवार को रायफल क्लब में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों की गहन समीक्षा बैठक की। इसमें नगर आयुक्त शिपू गिरि ने सर्वेक्षण में की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने निगम को अपने पूर्व की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए जनसहभागिता के साथ-साथ अपने व्यवहार में सकारात्मक भाव तथा कार्य आचरण में परिवर्तन लाने का निर्देश दिया। बताया कि कूड़े का निस्तारण बहुत बड़ी चुनौती है। नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये मशीनरी का प्रयोग अधिक से अधिक किया जाए। निर्देशित किया गया कि शहर में प्लास्टिक प्रतिबंध को पूर्णतया शत प्रतिशत बंद किया जाय और ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाय जो इसके उत्पादन और विक्रय में लगे हैं, उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाय। प्राइवेट भूमि एवं खाली प्लाटों में कूड़े का उठान करते हुये दुबारा कूड़ा न फेकने के लिए संबंधितों को चेतावनी जारी की जाय।

स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुये सार्वजनकि स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मीट मछली मंडी, लकड़ी मंडी आदि स्थानों पर नियमित सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों व सामुदायिक शौचालयों की मानक के अनुरूप नियमित सफाई कराने का भी निर्देश दिया गया। अच्छे सफाई कर्मचारियों को पुरष्कृत करने के साथ-साथ स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए रैली का आयोजन करने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह को निर्देशित किया गया। बैठक में एसडीएम सदर जयदेव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जोनल अधिकारी वरूणापार प्रमिता सिंह आदि अधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुशलगांव, वि0ख0 फूलपुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ /स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/ SLWM योजना अन्तर्गत आरआरसी सेन्टर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शोक पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फिल्टर चेम्बर, प्लास्टिक पाइप, इनवर्टर आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, 17.शोकपिट, 18.कम्पोस्टपिट/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 29.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। यदि खुलने की तिथि पर अवकाश होगा तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 01.05.2023 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 21.04.2023

(अरविन्द कुमार)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.कुशलगांव,वि.खं.फूलपुर
आजमगढ

(रविकेश यादव )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.कुशलगांव, वि.खं.फूलपुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत गद्दोपुर, वि0ख0 फूलपुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/ SLWM योजना अन्तर्गत आरआरसी सेन्टर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शोक पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फिल्टर चेम्बर, प्लास्टिक पाइप, इनवर्टर आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, 17.शोकपिट, 18.कम्पोस्टपिट/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 29.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। यदि खुलने की तिथि पर अवकाश होगा तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 01.05.2023 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 21.04.2023

(शकुन्तला)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.गद्दोपुर,वि.खं.फूलपुर
आजमगढ

(अभिमन्यु यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.गद्दोपुर, वि.खं.फूलपुर
आजमगढ़

# कड़ी सुरक्षा के बीच अलविदा की नमाज अदा

## ज्ञानवापी मस्जिद के पास भारी पुलिस बल तैनात, नदेसर, सरैया समेत अन्य मस्जिदों में भी रही तैनाती


चांद दिखते ही हुई आतिशबाजी


नदेसर जामा मस्जिद में नमाज अदा करते अकीदतमंद


पुराना पुल इबादतगाह में नमाज अदा करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गई। अलविदा की नमाज को लेकर शहर के ज्ञानवापी समेत अन्य मस्जिदों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स की तैनाती रही। ज्ञानवापी मस्जिद में रमजान के जुमे पर लोगों ने नमाज अदा की। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं, नदेसर स्थित मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। 22 अप्रैल को ईद हो सकती है। ऐसे में सुरक्षा के चौतरफा इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमे की नमाज पर अराजक लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश ना करें इसके लिए पुलिस महकमा सतर्क रहा । मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पुलिस फोर्स सुबह से ही गश्त करती नजर आई। ज्ञानवापी में अलविदा जुमे की नमाज के लिए चार नंबर गेट पर नमाजियों की पुलिस जांच करती रही। जांच के बाद चार नंबर गेट पर पुलिस ने नमाजियों को अंदर भेजा। उधर, शहर से लेकर गांव तक सभी संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनाती रही।

**आज मनेगी ईद**

### मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पुलिस फोर्स की होती रही गश्त

### 40 साल बाद ऐसा मौका, जुमे से शुरू और जुमे पर ही अलविदा रमजान

इस साल रमजान 24 मार्च शुक्रवार से शुरू हुआ। इसी दिन से ही मोमिन अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। इस दौरान कुल पांच जुमा पड़े। मौ. अब्दुल्लाह नासिर ने बताया कि रमजान में पांच जुमा आना मोमिनों के लिए खुशी का पैगाम देने वाला है। जुमे से शुरू होकर इसी दिन मुकद्दस रमजान अलविदा हो रहा है। कई दशकों बाद ऐसा मौका आया है कि रमजान में पांच जुमा और जुमे पर ही मोमिनों को ईद के चांद के दीदार का मौका मिल सकता है। लोग इसे अच्छा संयोग मान रहे हैं। इस साल रमजान 24 मार्च शुक्रवार से शुरू हुआ। इसी दिन से ही मोमिन अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। इस दौरान कुल पांच जुमा पड़े। मौ. अब्दुल्लाह नासिर ने बताया कि रमजान में पांच जुमा आना मोमिनों के लिए खुशी का पैगाम देने वाला है। उन्हें खुदा के बारगाह में सजदा करने और दुआ मांगने का मौका मिला है। कुछ उलेमाओं व लोगों का मानना है कि 40 साल बाद ऐसा अवसर मिला है। वहीं, शकील अहमद जादूगर और शाहिद अली मुन्ना ने कहा कि अपनी जिंदगी में पहली बार ऐसा अवसर देखने में आया है।

## चांद का हुआ दीदार, ईद आज

**वाराणसी।** आखिरकार शुक्रवार को चांद का दीदार हो गया। ईद शनिवार को मनायी जायेगी। चांद का दीदार होते ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पटाखे छोड़े गये। कई जगहों पर आतिशबाजी भी की गई। इसके साथ ही सभी ने एक-दूसरे को बधाइयां भी दी। लगड़ा हाफिज मस्जिद नईसड़क में शाम को रुहे हेलाल कमेटी की ओर से मीटिंग कर चांद के दिखने का तस्दीक की गई। कमेटी की ओर से चांद के दिखने का ऐलान होते ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पटाखे व आतिशबाजी का क्रम शुरू हो गया। ईद का ऐलान होते ही बाजारों में भीड़भाड़ बढ़ गई। खास कर दालमंडी, नईसड़क, बेनियाबाग, चौक, दशाश्वमेध, लक्सा, सिगरा, जैतपुरा, बड़ीबाजार, दालमंडी समेत मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में नये परिधानों के साथ ही चप्पल, सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खरीदारी चलती रही। हर इलाकों में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इसके साथ ही सेवई की दुकानों पर भी काफी भीड़ उमड़ी रही। लोग जरुरत के सामानों की खरीदारी करते नजर आये।







# महापौर सहित पार्षद पद के प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न किए गए आवंटित

**हो गया तय**

### मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों को मिला उनका सिंबल, निर्दलियों को भी चुनाव चिह्न मिले


**वाराणसी।** निकाय चुनावों में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह वितरित किए गए। जिसमें मान्यता प्राप्त प्रत्याशियों को उनके पार्टी सिंबल और निर्दल प्रत्याशियों को अन्य सिंबल वितरित किए गए। इनमें कांग्रेस प्रत्याशियों को हाथ का पंजा, भाजपा को कमल, समाजवादी पार्टी को साइकिल, बसपा को हाथी और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को झाड़ू चुनाव चिन्ह मिल गए। जबकि अन्य निर्दल उम्मीदवारों को धड़ी, शंख, हल, सितारा, शहनाई और वायुयान आदि के सिंबल वितरित हुए। बता दें कि महापौर पद के लिए 12 उम्मीदवरों ने पर्चा दाखिल किया था। जिसमें मंगलवार को जांच में एक उम्मीदवार का पार्चा अवैध घोषित होने के बाद महापौर पद पर कुल 11 उम्मीवार मौदान में हैं। वहीं पार्षद के 704 उम्मीदवारों में से जांच के बाद 14 उम्मीदवारों के पर्चे अवैध करार दिये गए थे। जिसके बाद कुल 690 उम्मीदवारों में से गुरुवार को 54 ने पर्चा वापस ले लिया।

इस प्रकार निगम की कुल 100 पार्षद सीटों के लिए अब कुल 636 उम्मीदवार मौदान में हैं। वहीं गांगापुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चार और सदस्य के लिए 30 उम्मीदवारों में से गुरुवार को किसी ने पर्चा वापसी नहीं की। नमांकन, जांच और पर्चा वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों को शुक्रवार को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। जिसके बाद चार मई को मतदान और 13 को मतगणना कराई जाएगी।

### अक्षय तृतीया को होगा भगवान जगन्नाथ रथ पूजन महोत्सव

वाराणसी। काशी में भगवान श्री जगन्नाथ के रथयात्रा की विधिवत शुरूआत अक्षय तृतीया के दिन शुभ मुहुर्त में होगी। वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन रविवार 23 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन प्रातः अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की मंगला आरती और पूजा, तत्पश्चात प्रातः 10 बजे स्वामी तेजोनिधि ब्रह्मचारी के समाधि का पूजन होगा। अपराह्न तीन बजे मंदिर का पट खुलेगा। सायंकाल चार बजे मंदिर के पुजारी राधेश्याम पांडेय रथ का पूजन अर्चन करेंगे। अक्षय तृतीया का भगवान जगन्नाथ के साथ संबंध भी प्रणिधान योग्य है। प्रभु जगन्नाथ के ज्येष्ठ भ्राता बलभद्र कृषि के देवता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके हाथ में अस्त्र के स्थान पर पर हल-मूसल ही शोभायमान होते हैं। अक्षय तृतीया को उड़ीसा में भी प्रथम बार भूमि का कर्षण कर बीज बोया जाता है।





### उत्तर व दक्षिण भारत के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करेगा गंगा पुष्करम कुंभ

वाराणसी। लघु भारत कहे जाने वाले काशी में शनिवार से गंगा पुष्करम कुम्भ का शुभारंभ होगा। काशी तमिल संगमम के बाद अब तकरीबन डेढ़ लाख से ज्यादा तेलुगूभाषी जन समुदाय वाराणसी की यात्रा पर पहुंचने वाला है। दक्षिण के मेहमानों के स्वागत के लिए प्रदेश की योगी सरकार की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 22 अप्रैल से 3 मई तक चलने वाले इस वृहद् आयोजन में दक्षिण भारत के तेलंगाना व आंध्र प्रदेश से श्रद्धालु वाराणसी आएंगे। ग्रह-गोचरों के विशेष संयोजन से 12 साल बाद इस वर्ष काशी में गंगा पुष्करम कुंभ का आयोजन हो रहा है। इस दौरान दक्षिण के श्रद्धालु काशी में पितरों का तर्पण, स्नान, श्री काशी विश्वनाथ व अन्य मंदिरो में दर्शन-पूजन करेंगे। वहीं 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंगा पुष्करम कुम्भ को वर्चुअली संबोधित करेंगे। बृहस्पति के मेष राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में 12 दिनों तक दक्षिण भारत के करीब एक से देढ़ लाख श्रद्धालु काशी में गंगा पुष्करम कुंभ के आयोजन में शामिल होंगे। श्री काशी तेलुगू समिति के सचिव वीवी सुंदर शास्त्री ने बताया कि इस खास समय में पुष्कर, गंगा नदी में वास करने से गंगा स्नान, पितरों का तर्पण एवं पिंडदान का विशेष महत्त्व होता है। बताया कि मध्यान्ह 12 बजे पुष्कर गंगा नदी में वास करते हैं। इस अवसर पर अस्सी स्थित छोटा नागपुर बगीचे में गंगा पुष्कर महोत्सव का भी आयोजन 21 अप्रैल से शुरू हुआ है, जो 25 अप्रैल तक चलेगा।

### काशी में बाबा विश्वनाथ को अर्पित होगी जलधरी

**वाराणसी।** अक्षय तृतीया तिथि पर किए गए सभी धार्मिक कृत्य, दान व पुण्य के कार्य अक्षय होते हैं। विष्णु धर्मोत्तर पुराण के लिए जो व्यक्ति अक्षय तृतीया का व्रत रखते हैं उसे सभी तीर्थों का फल प्राप्त हो जाता है। इस दिन अबूझ मुहूर्त की मान्यता है। अक्षय तृतीया पर भगवान शिव और विष्णु के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान आरंभ होंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में शिवलिंग पर जलधरी का इंतजाम किया जायेगा। वहीं विष्णु के मंदिरों में चंदन का लेप भी लगाया जायेगा। मणिकर्णिका तीर्थ के चक्र पुष्करणी कुंड पर मां मणिकर्णिका देवी की प्रतिमा विराजमान होंगी और 24 को कुंड स्नान भी होगा। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया 22 अप्रैल को सुबह 7.49 बजे से 23 अप्रैल को सुबह 7.47 बजे तक रहेगी। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ दरबार में जलधरी अर्पित करने की परंपरा निभाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य विमल जैन मुताबिक वैशाख की तपिश से बाबा को राहत दिलाने के लिए जलधरी लगायी जाती है। इससे गंगा जल पूरे दिन शिवलिंग पर टपकता रहता है। सावन मास की पूर्णिमा तक जलधरी तक सिलसिला जारी रहेगा। दूसरी तरफ नटवर नागर भगवान श्रीकृष्ण को पूरे 21 दिन तक चंदन की शीतलता का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा शहर के सभी द्वादश शिवलिंग, शिवमंदिरों और पंचक्रोशी परिक्रमा पथ पर स्थित शिवमंदिरों में जलधरी अर्पित की जाएगी। वैष्णव संप्रदाय के विष्णु व श्रीकृष्ण मंदिरों में भगवान को चंदन का श्रृंगार किया जाएगा।



# प्राकृतिक संसाधनों का करें भरण-पोषण

**पृथ्वी दिवस पर विशेष**

## पृथ्वी को बचाने को प्रकृति के साथ बनाये सद्भाव


डॉ. गणेश पाठक

**बलिया।** पृथ्वी को बचाने के लिए प्रकृति के साथ सद्भाव बनाए रखते हुए उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखना होगा। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं शोषण नहीं, बल्कि उनका भरण-पोषण करना होगा, तभी हम पृथ्वी को बचा पायेंगें।

पर्यावरणविद् डॉ. गणेश पाठक ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की भयावहता से प्रभावित होकर अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने सर्वप्रथम 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया, तबसे प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को एक नए थीम को लेकर पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की मुख्य थीम है 'हमारे ग्रह में निवेश करें'। यहां प्रश्न यह है कि आखिर हम अपने ग्रह अर्थात् पृथ्वी में क्या निवेश करें? बताया कि मानव एवं पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। परस्पर समायोजन द्वारा ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को बचाकर पृथ्वी को विनष्ट होने से बचाया जा सकता है। इसके लिए सबसे आवश्यक है पृथ्वी को हरा-भरा बनाना एवं जल का संरक्षण कर जल को बचाना तथा वर्षा जल संचयन द्वारा जल की सम्पूर्ति करना। साथ ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के प्रत्येक कारकों को सुरक्षित एवं संरक्षित करना तथा उनकी अभिवृद्धि करना। डॉ. पाठक ने बताया कि प्रारम्भ से ही मानव प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करता आ रहा है, किंतु जब तक मानव एवं प्रकृति का संबंध सकारात्मक रहा, तब तक पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी असंतुलन संबंधी कोई भी समस्या नहीं उत्पन्न हुई। जैसे-जैसे मानव की भोगवादी प्रवृत्ति एवं विलासितापूर्ण जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनियोजित एवं अनियंत्रित विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन एवं शोषण बढ़ता गया, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र का असंतुलन बढ़ता गया। इससे पर्यावरण प्रदूषण, ग्रीन हाउस प्रभाव में वृद्धि, ओजोन परत का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं में भी निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। मानव पर पर्यावरण के प्रभाव एवं पर्यावरण पर मानव के प्रभाव दोनों में बदलाव आता गया, जिसके परिणामस्वरूप अनेक तरह के बढ़ते घातक प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के चलते मानव एवं पर्यावरण के अंतर्संबंधों में भी बदलाव आता गया। मानव के कारनामों के चलते हरितगृह प्रभाव एवं ओजोन परत के क्षयीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई, जिससे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में तीव्रता के साथ बदलाव आता गया। कारण कि पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के विभिन्न कारक तेजी से समाप्त होते गये। इससे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन बढ़ता गया और मानव वातावरण के अंतर्संबंधों में भी बदलाव आता गया।

### मानव एवं पर्यावरण के मध्य करना होगा समायोजन

**बलिया।** डॉ. गणेश पाठक ने बताया कि यदि हमें पृथ्वी को बचाना है तो पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के समाप्त हुए घटकों की पुनर्बहाली करनी होगी। हमें विकास के ऐसे पथ को अपनाना होगा, जिसमें हमारा विकास भी चिर स्थाई हो एवं पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी तंत्र की क्षति भी कम से कम हो। इसके लिए मानव एवं पर्यावरण के मध्य समायोजन करना होगा। डॉ. पाठक ने बताया कि पर्यावरण के साथ सतत सद्भाव बनाकर जीवनयापन करना होगा, तभी पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित तथा संरक्षित रखा जा सकेगा एवं पृथ्वी को जीवन जीने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके लिए सबसे आवश्यक है पृथ्वी को हरा-भरा बनाना। जनपद की प्राकृतिक वनस्पति एक प्रतिशत से भी कम लगभग नहीं के बराबर है, जबकि मानवरोपित वनस्पतियां भी दो प्रतिशत से भी कम है। सम्पूर्ण धरातल के कम से कम 33 प्रतिशत भाग पर वनाच्छादन का होना आवश्यक है। यही नहीं, पृथ्वी के गर्भ में जल का अधिक से अधिक संभरण करना भी आवश्यक है। इस प्रकार यदि हमें इस धरा को बचाना है तो वन एवं जल दोनों तत्वों का दोहन तथा शोषण रोककर धरती पर इसकी समृद्धि हेतु अधिक से अधिक वनाच्छादन करना होगा। वर्षा जल का संचयन कर धरती को जल से संतृप्त करना होगा। अब हमें पृथ्वी से लेना नहीं, बल्कि पृथ्वी को देना होगा। इसके लिए सबसे आवश्यक है जन जागरूकता पैदा करना, ताकि जन-जन इस अभियान से जुड़ सके और पृथ्वी पर हो रहे विनाश को रोका जा सके।

## संक्षेप

### 'जुगाड़' के सहारे हो रही विद्युत आपूर्ति


बांस के सहारे खींचा गया विद्युत तार

**बैरिया।** अब ये देखिए, बिजली खम्भे की जगह बांस को बिजली के खंभा का विकल्प बना कर जमालपुर में विद्युत आपूर्ति हो रही है। यह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। वहीं, मधुबनी में ग्राम पंचायत भवन के छत के ऊपर एवं जयप्रकाश नगर में पुलिस चौकी के छत के ऊपर से हाईटेंशन का तार खींचा गया है, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस बाबत संबंधित लोगों ने बताया कि यहां से तार को हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग से आग्रह किया गया। बावजूद इसके बिजली विभाग ना तो पुलिस चौकी जयप्रकाश नगर और पंचायत भवन मधुबनी के छत के उपर से हाईटेंशन का तार हटा रहा है और न ही जमालपुर में बिजली के खंभे लगाये जा रहे हैं। गौरतलब है कि औसतन हर साल आधा दर्जन लोग विद्युत दुर्घटना में अपना जान गंवा देते हैं। इसे रोकने के लिए शासन-प्रशासन बार-बार बिजली विभाग को निर्देशित करता है, किंतु कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बिजली विभाग अपनी गलती को नहीं सुधार पा रहा है। जमालपुर में बांस लगाकर लाइन खींचे जाने के संदर्भ में पूछने पर विद्युत विभाग के अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि ग्रामीण बिजली का खंभा अपनी जमीन में नहीं लगाने दिए। इसके चलते बांस का खंभा लगाकर लाइन खींचा गया है। वहीं, मधुबनी एवं जयप्रकाश नगर पुलिस चौकी के ऊपर से गुजरे विद्युत हाईटेंशन तारों का मामला संज्ञान में है। जल्दी जमालपुर में विद्युत खंभे लगाये जाएंगे। वहीं, मधुबनी पंचायत भवन व जयप्रकाश नगर पुलिस चौकी के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन के तार को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

### बच्चों को निरंतर करते रहना चाहिए अभ्यास : डॉ. कुंवर अरूण सिंह

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा में विभिन्न नवीन कौशलों से भरपूर तीन दिवसीय



सनबीम स्कूल अगरसंडा में तीन दिवसीय बूट कैम्प बहस के समापन में मौजूद कुंवर अरूण सिंह, डॉ. अर्पिता सिंह एवं अन्य

बूट कैम्प बहस का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गहन आत्मविश्वास को भरना एवं उनमें उचित वक्तव्य कौशल को विकसित करना था। विदित हो कि 19 अप्रैल को बतौर मुख्य अतिथि बहस कम्युनिटी एंड डिबेड ग्रुप के सीईओ सलिल सिंह ने तुलसी वेदी पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस कैम्प के मुख्य उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उन्हें अपने ही भीतर छुपी प्रतिभा को तराश कर उस ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह ने कहा कि किसी भी काम को पूरी निष्ठा और लगन से करना ही हमारा प्रथम उद्देश्य होना चाहिए। जिस प्रकार पुस्तक में लिखी विद्या बिना पढ़े और समझे काम नहीं आती, उसी प्रकार सीखे गए कौशलों को निरंतर अभ्यास करते रहे बिना उसमें पारंगत नहीं हुआ जा सकता। अतः आपको निरंतर अभ्यास करते रहना है। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न कौशलों को पूरी लगन से सीखकर उसे निरंतर उपयोग करते रहने की सलाह दी।

### रेल पुल पर मिला महिला का क्षत-विक्षत शव

**बैरिया।** उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर स्थित माझी के रेल पुल पर लगभग तीस वर्षीय महिला का शव शुक्रवार को क्षत-विक्षत स्थिति में पड़ा मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बिहार पुलिस एक कहते हुए वापस लौट गई कि शव उत्तर प्रदेश की सीमा में है। इसलिए इस पर उत्तर प्रदेश पुलिस कार्रवाई करेगी। बैरिया पुलिस ने घटना के विषय में अनभिज्ञता जताई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अपराह्न एक बजे बलिया की तरफ से आने वाली किसी ट्रेन से लगभग 30 वर्षीय महिला की रेल पुल पर कट जाने से मौत हो गई है।

# कड़ी सुरक्षा में अदा की अलविदा जुमा की नमाज


मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु


मस्जिद के बाहर सुरक्षा में तैनात प्रभारी निरीक्षक

**मुस्तैदी**

## मुस्लिम बंधुओं ने एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाई

**बलिया।** रमजान माह के अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को नगर के बिशुनीपुर स्थित जामा मस्जिद पर अदा की गई। कड़ी सुरक्षा के बीच मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। यहां सुरक्षा व्यवस्था में सीओ, कोतवाल सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

नगर के गुदरी बाजार बड़ी मस्जिद, जंगे अली मुहल्ला, काजीपुरा, राजपूत नेवरी, परमंदापुर, बहेरी, न्यू बहेरी, उमरगंज आदि जगहों की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। बेल्थरारोड संवाददाता के अनुसार रमजान माह के अलविदा जुमा की नमाज पुलिस प्रशासन की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था के बीच अपराह्न एक बजे अदा की गयी। नगर के जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना अशरफ ने नमाज अदा करायी। इसके पूर्व इन्सान व इंसानियत की चर्चा करते हुए आपसी मन मुटाव को दूर कर ईद का महत्वपूर्ण पर्व मनाये जाने की सलाह दी गयी। शासन की मंशा के अनुरुप इस बार भी मस्जिदों के अन्दर अलविदा जुमा की नमाज अदा करने की इजाजत दी गयी। इसके अलावे रोडवेज, इमिलिया, उमरगंज, जहीरगंज, बिठुआ सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गयी। भीड़ को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र तथा चौकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार सदल-बल मुस्तैद रहे।

## पुलिस कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल


बांसडीह में मॉक ड्रिल करते पुलिस कर्मी

**बांसडीह।** निकाय चुनाव एवं ईद त्यौहार के मद्देनजर शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जवानों ने माक ड्रिल किया। क्षेत्राधिकारी एसएन वैश्य ने विपरीत परिस्थितियों में उग्र हो रहे प्रदर्शनकारी/दंगाईयों से कैसे निपटे और शांति व्यवस्था कैसे नियंत्रित करें? इस संबंध में मातहतों को विस्तारपूर्वक समझाया।

बलवा ड्रिल में वास्तविकता लाने के कोतवाली प्रभारी योगेंद्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में पुलिस कर्मियों की दो पार्टियां बनाई गई। एक पार्टी को प्रदर्शनकारी, दंगाई बनाया गया था तथा दूसरी पुलिस पार्टी में मजिस्ट्रेट, डाक्टर, पुलिस आर्म्स पार्टी सहित अलग-अलग पार्टियां बनाई गई थी। बलवा ड्रिल में बकायदा प्रदर्शनकारी, प्रशासन व पुलिस के मध्य चर्चा हुई। जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समाधान नहीं हुआ और प्रद्रर्शनकारी/दंगाई उग्र होकर कानूनों का उल्लंघन करने लगे, तब पुलिस पार्टी ने आंसू गैस, अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण एवं शस्त्रों का प्रयोग कर प्रद्रर्शनकारी/दंगाईयों को नियंत्रित किया। इस दौरान प्रद्रर्शनकारी/दंगाईयों के हमले से घायल पुलिस कर्मियों के बचाव का अभ्यास कराया गया।

## आग से लाखों का सामान जलकर राख


धूं-धूंकर जलता सामान

**नगरा।** थाना क्षेत्र के पड़सरा जुड़न के पास अज्ञात कारणों से भीषण आग लगने से लगभग चार लाख मूल्य के छत ढलाई का साजो-सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर सर्विस के जवानों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। मालीपुर से बिहराहरपुर को जाने वाली नहर मार्ग पर पड़सरा जुड़न के पास सहाबुद्दीन अहमद के मकान में उक्त गांव निवासी दो सगे भाई लल्लन चौहान व लालबहादुर चौहान पुत्रगण स्व. सुदामा चौहान किराए पर दुकान लेकर पटरा बल्ली की रखकर सेटरिंग का काम करते हैं। शुक्रवार को सुबह साढे दस बजे करीब एकाएक आग लपटें निकलने लगा तो अगल-बगल के लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। चीख पुकार सुनकर लोग आग बुझाने का भरपूर प्रयास करते रहे। आग की लपटों ने विकट रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंचे अग्नि शमन विभाग के जवानों ने आग को बुझाया। लल्लन चौहान का 400 बल्ली व लालबहादुर चौहान का 3000 पटरा एवं 90 प्लाईउड के तख्ता, बल्ली जल गया है।

## अक्षय तृतीया पर पांच करोड़ के कारोबार की उम्मीद

**बलिया।** अक्षय तृतीया के लिए बाजार सज गए हैं। लोग कीमती सामग्री की खरीद की तैयारियों में जुट गये है। हालांकि इस बार अक्षय तृतीय पर गुरु के अस्त रहने से सहालगों की धूम पहले जैसी नहीं दिखेगी। इसके बावजूद सराफा कारोबारियों ने अक्षय तृतीया पर करीब पांच करोड़ के कारोबार की उम्मीद जताई है।

फेफना क्षेत्र के थम्हनपुरा गांव निवासी ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को सुबह 8.03 बजे लगेगी और अगले दिन 23 अप्रैल को सुबह 8.06 मिनट तक रहेगी। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। इस दिन शादियां, गृह प्रवेश के साथ ही अन्य शुभ कार्य भी बिना किसी रोक टोक के होते हैं। सभी लोग इस दिन सोने-चांदी की खरीद को काफी शुभ मानते हैं।

अक्षय तृतीय को लेकर शहर का सराफा बाजार इस बार नए तरह के डिजाइनर गहनों के साथ तैयार दिख रहा है। आसमान छूती सोने-चांदी की कीमत के कारण इस बार लोगों का रुझान वजन में हल्के गहनों की तरफ ज्यादा दिख रहा है। इस मौके पर बिक्री के लिए विशेष तौर पर एक ग्राम, 10 ग्राम के साथ ही 100 ग्राम के सोने-चांदी के सिक्के भी विशेष तौर पर उपलब्ध हैं। कारोबारियों का कहना है कि हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर अक्षय तृतीय पर बाजार को तैयार किया जा रहा है।

### अक्षय तृतीया पर बन रहे छह शुभ योग

**बलिया।** अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी के साथ धन के देवता कुबेर की भी पूजा होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि अक्षय तृतीया पर आयुष्मान योग, सोग सौभाग्य योग सहित छह शुभ योग बन रहे हैं। मान्यता है कि इस दिन की गई खरीदारी और शुभ कर्मों के फल अक्षय होते है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान कई गुना बढ़कर मिलता है।

## 50 पेटी शराब समेत पांच गिरफ्तार

**कामयाबी**

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता

**रेवती।** स्थानीय नगर पंचायत की बंद वैन से बरामद 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। बंद वैन से बरामद शराब नगर पंचायत चुनाव में प्रयोग के लिए लाए जाने की बात सामने आई है। बता दें कि गुरुवार की रात रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रेवती के वार्ड नंबर आठ में नगर पंचायत रेवती की बंद वैन से पुलिस ने 50 पेटी अवैध शराब बरामद किया था। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि उक्त शराब नगर पंचायत चुनाव में प्रयोग के लिए लाई जा रही थी। उल्लेखनीय है कि थाना रेवती के प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उप निरीक्षक प्रभाकर शुक्ला मय फोर्स के साथ बस स्टेशन रेवती के पास वाहन चेकिंग व देखभाल क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि आदर्श नगर पंचायत रेवती के बंद वाहन में शराब ले जाया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वैन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने इस मामले में पंच्चा लाल पासवान पुत्र स्व. ददन पासवान निवासी वार्ड नंबर दो कस्बा रेवती, थाना रेवती, श्रीप्रकाश साहनी पुत्र स्व. गोपाल जी साहनी निवासी वार्ड नंबर चार कस्बा रेवती, थाना रेवती, हरेन्द्र गिरी पुत्र स्व. नन्द किशोर गिरी निवासी ग्राम केवरा, थाना बांसडीह के कब्जे से पिकअप वाहन से 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्तां से पूछताछ के क्रम में वसीम अकरम पुत्र मैनुद्दीन अंसारी निवासी वार्ड नंबर चार कस्बा रेवती, थाना रेवती तथा धर्मेन्द्र कुमार रावत पुत्र राधे गोविन्द रावत निवासी वार्ड नंबर चार कस्बा रेवती, थाना रेवती को बस स्टैंड तिराहे के पास गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार आरोपियों को चालान न्यायालय कर दिया।

# मतदान केन्द्रों पर होगा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

**नगर निकाय चुनाव**

## अति संवेदनशील व संवेदनशील केंद्रों पर होगी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में 125 मतदान केंद्र और 423 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जहां कुल 3,46,737 मतदाता वोट डालेंगे। प्रशासन ने 55 मतदान केंद्रों और 186 मतदेय स्थलों को संवेदनशील घोषित किया है। वहीं, 54 मतदान केंद्रों और 151 पोलिंग बूथों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा है। संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा प्रशासन ने 17 मतदान केंद्रों और 58 मतदेय स्थलों को अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखा है। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही जिला व पुलिस-प्रशासन निकाय मतदान को शांति एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने में जुटा है। जिले में दो नगर पालिका परिषद बलिया एवं रसड़ा और दस नगर पंचायत बैरिया, रेवती, सहतवार, बांसडीह, मनियर, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड, नगरा, रतसड़ कला तथा चितबड़ागांव है। इन 12 निकायों में कुल 125 मतदान केंद्र और 423 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जिन पर मतदान किया जाएगा।

जिला स्तर पर एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, थाना प्रभारी व नगर निकाय के अधिकारी की गठित समिति द्वारा इन मतदान केंद्रों में संवेदनशील, अति संवेदनशील और अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों को चिह्नित किया गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। एएसपी डीपी तिवारी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। अति संवेदनशील व संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्तपुलिस बल की तैनाती रहेगी। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### होगी वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी

**बलिया।** इस बार पुलिस ने मतदान केंद्रों के अति संवेदनशील श्रेणी का आधार आरक्षण को भी बनाया है। वोटरों को स्वतंत्र रूप से वोट देने के लिए पुलिस ने तगड़ा इंतजाम किया है। अति संवेदनशील प्लस बूथों पर पुलिस के अलावा पीएसी के जवान मौजूद रहेंगे। वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी भी होगी। इसमें से कुछ जगहों पर अर्ध सैनिक बल भी तैनात किए जाएंगे। नई नगर पंचायतों के चलते मतदाता संख्या में हुई वृद्धि को ध्यान में रखकर चिह्नित किया गया है। इसको लेकर बीते चुनाव के दौरान हिंसक घटना में नामजद और प्रकाश में आए आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करने में जुटी है।

### अध्यक्ष का एक एवं सभासद का 10 लोगों ने किया नामांकन

**बैरिया।** स्थानीय तहसील में नगर पंचायत बैरिया के अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी गायत्री देवी पत्नी अखिलेश्वर कुंवर ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। वही, सभासद पद के लिए 10 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। इसमें वार्ड नंबर नौ से एक, वार्ड नंबर 12 से एक, वार्ड नंबर 15 से एक, वार्ड नंबर सात से दो, वार्ड नंबर पांच से एक, वार्ड नंबर तीन से एक, वार्ड नंबर एक से एक तथा वार्ड नंबर चार से एक सभासद प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी शैलेश कुमार मुरारी के समक्ष दाखिल किया। वही, अध्यक्ष पद के लिए तीन पर्चे खरीदे गए। इसमें पूनम सिंह पत्नी हरेराम सिंह, पिंकी सिंह पत्नी संदीप सिंह, गायत्री देवी पत्नी अखिलेश्वर कुमार का नाम शामिल है। निर्वाचन अधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि अभी तक केवल गायत्री देवी का ही अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी से नामांकन दाखिल हुआ है।

### कुल तीन उम्मीदवारों ने खरीदा पर्चा

**सिकंदरपुर।** नगर पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र विक्रय व नामांकन के क्रम में शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में कुल 3 उम्मीदवारों ने नाम पत्र खरीदा। जक्त जानकारी निर्वाचन अधिकारी नगर पंचायत सिकंदरपुर अरुण कुमार मिश्रा ने दी है। वहीं सभासद पद के लिए कुल 2 नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम सुंदर यादव के कार्यालय से उमीदवारों ने खरीदा।निर्वाचन अधिकारी के अनुसार शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए सात नामांकन दाखिल किए गए वही सदस्य पद के लिए 67 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी के यहां दाखिल किया।

## हमारे खिलाफ रची जा रही साजिश

**बोले लक्ष्मण गुप्त**

### सपा से टिकट मिलने के बाद आगमन पर जोरदार स्वागत


बलिया रेलवे स्टेशन पर लक्ष्मण गुप्त का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता

**बलिया।** सपा से बलिया नगर पालिका का प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार बलिया आने पर लक्ष्मण गुप्ता का कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के बलिया रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही उत्साहित समर्थकों ने नारे लगाना शुरू कर दिया। इसके बाद पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुदरी बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पहुंचे और पूजन अर्चन किया। यहां से अपने कैम्प कार्यालय पर पहुंचे।

लक्ष्मण गुप्त ने कहा कि हमारे खिलाफ साजिश रची जा रही है, लेकिन बलिया नगर पालिका में साजिश रचने वालों को करारी हार मिलेगा। एडवोकेट गिरिजेश गुप्ता ने व्यापारी समाज को आगाह किया किया कि लक्ष्मण गुप्ता को जीत न मिले, इसके लिये विरोधी तरह-तरह के हथकंडे अपनायेंगे। यही नही, स्वजातीय उम्मीदवार उतारकर आपको भटकाने की कोशिश करेंगे, लेकिन हमें विरोधियों के किसी भी साजिश में नही आना है। तब तक आराम नही करना है, जब तक लक्ष्मण गुप्ता चेयरमैन की कुर्सी पर न बैठ जाये। सपा के वरिष्ठ नेता अनिल राय ने कहा कि मै राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने सपा कार्यकर्ता को टिकट देकर साबित किया है कि सपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो व्यापारियों का सम्मान करना जानती है।

#### इन लोगों ने किया स्वागत

लखनऊ-छपरा टेज्न से बलिया रेलवे स्टेशन पहुंचे पर सपा के चेयरमैन प्रत्याशी घोषित होने के बाद कार्यकताओं ने लक्ष्मण गुप्त का जोरदार स्वागत किया। श्री गुप्त ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो मुझे नगरवासियों का सेवा करने का मौका दिया है उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाता हूं कि आपके नीतियों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा और ईमानदारी पूर्वक जनसेवा करूंगा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, अनिल राय, बरमेश्वर प्रधान, विकेश सिंह सोनू, परवेज रोशन, राजेश गोंड, राम अवध शर्मा, मिन्टू खां, रमाशंकर खरवार, रमाशंकर यादव, योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, बृजेश कुमार एडवोकेट, संकल्प सिंह, बृजेश गुप्त, संतमतिण, घनश्याम सिंह, मिट्ठू यादव, नईम दादा, कन्हैया गुप्त, बलिराम गुप्त, दिनेश यादव आदि सैकड़ों कार्यकताओं ने किया स्वागत।

## अध्यक्ष एवं सभासद पद के लिए हुई फार्मों की बिक्री


सभासद पद के लिए नामांकन करती नूरजहां

**बांसडीह।** नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन के पांचवें दिन शुक्रवार को बांसडीह तहसील में चार नगर पंचायतों में बांसडीह, मनियर, सहतवार व रेवती में अध्यक्ष पद के लिये कुल सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं, सभासद पद के कुल 25 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। चारों नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए सात निर्दल प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। बांसडीह में अध्यक्ष पद के लिए निर्दल संजय कुमार सिंह ने नामांकन किया। सभासद पद के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया तथा सात पर्चो की बिक्री हुई। रेवती में अध्यक्ष पद के चार पर्चे बिके। सभासद के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया तथा छह सभासद पद के प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे। सहतवार में अध्यक्ष पद के लिए चार निर्दल प्रत्याशी अशोक, संतोष, सूर्यकांत व राजीव ने नामांकन किया। अध्यक्ष के एक व सभासद के आठ फार्म की बिक्री हुई। सभासद पद के सात प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। मनियर में अध्यक्ष पद के लिए दो निर्दल प्रत्याशी धनवतिया देवी व बुचिया देवी ने नामांकन किया।

### चाय-पान की दुकानों पर होने लगी चर्चाएं

**बांसडीह।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन का आखिरी दिन नजदीक आ रहा है। कुछ पार्टियों ने जहां अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया है, वहीं अन्य पार्टियां अभी भी राजनीतिक जोड़-तोड़ देख कर प्रत्याशी के चयन में फुंक-फुंक कर कदम रख रही है। शुक्रवार को सपा ने पूर्व चेयरमैन सुनील सिंह बबलू को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। सपा के इस फैसले पर कार्यकर्ता दो फाड़ हो गए है। वहीं, सुभासपा ने अभिषेक मिश्रा मिंटू पर दांव लगाया है। कांग्रेस ने भी दिग्विजय सिंह छोटू को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं, भाजपा ने अपना पत्ता नहीं खोला है। पार्टी किसको टिकट देती है? यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन सत्ताधारी दल के टिकट को लेकर चाय-पान की दुकानों पर समर्थक अपने-अपने दावेदार को टिकट मिलने का दावा करते रहे।

### अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को नगर पंचायत बेल्थरारोड के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन अधिकारी सीमा पांडेय के समक्ष लक्खी पुत्री स्व. विश्वनाथ ने नामांकन दाखिल किया। बीते चार दिनों में 12 अभ्यर्थियों ने कुल 27 नामांकन पत्र क्रय किए हैं। नगर पंचायत के कुल 13 वार्डो में सभासद पद हेतु एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई। बीते तीन दिनों में कुल 13 वार्डो में सभासद पद हेतु अब तक 57 अभ्यर्थियों ने 62 नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी राम मिलन पटेल के कक्ष से क्रय किए। पूर्व सभासद राम मनोहर गांधी पुत्र सुखलाल वार्ड नं.6 सहित प्रमिला देवी पत्नी संजय राजभर, नैयर अहमद पुत्र नेमतुल्लाह, पूनम पत्नी राजीव तथा राजेश पुत्र राम जनक ने विभिन्न वार्डो से अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

### सपा ने घोषित किया प्रत्याशी

| | | | |
|---|---|---|---|
| नपा बलिया | लक्ष्मण गुप्त | नपं बेल्थरारोड | अकांक्षा पत्नी अवधेश |
| नपा रसड़ा | गोविन्द प्रसाद गुप्त | | |
| नपं रेवती | अमित पांडेय पप्पू | नपं सिकंदरपुर | दिनेश चौधरी |
| नपं बांसडीह | सुनिल सिंह बबलू | नपं बैरिया | उमरावती देवी पत्नी शैलेश वर्मा |
| नपं चितबड़ागांव | प्रदीप कुमार गुप्त | | |
| नपं मनियर | रितू देवी पत्नी नथुनी प्रसाद | नपं सहतवार | सरिता सिंह पत्नी नीरज सिंह गुड्डू को समर्थन |
| नपं नगरा | इंदू पत्नी सुशील | | |

### योगेन्द्र नाथ अध्यक्ष एवं मंत्री बने हेमवंत

**बलिया।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा बलिया का अधिवेशन/चुनावी बैठकक जिला चिकित्सालय परिसर में हुई। इसमें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बलिया से संबद्ध सभी घटक संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से अरूण कुमार सिंह को संरक्षक, योगेन्द्र नाथ पांडेय को अध्यक्ष, नंदलाल भारती को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमवंत कुमार सिंह को मंत्री, राजमंगल यादव को संप्रेक्षक, गिरजेश कुमार उपाध्याय को संघर्ष समिति का चेयरमैन निर्वाचित किया गया। अध्यक्षता अरूण कुमार सिंह तथा संचालन हेमवंत कुमार सिंह ने किया।

# अदा की गई अलविदा की नमाज अब ईद की खुशियों का इंतजार

**गाजीपुर।** अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा और पुख्ता इंतजाम के बीच करीब 550 मस्जिदों और ईदगाह में अदा की गई। सड़कों पर नमाज अदा नहीं करने के फरमान का पूरी तरह से पालन किया गया। मस्जिदों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। शाही जामा मस्जिद के भीतर की नमाज अदा की गई तो मुख्य गेट से लेकर बाहर सड़क पर सुरक्षा के प्रबंध रहे। मुस्लिम वर्ग के युवाओं सहित बच्चों में अलविदा जुमे को लेकर खासा उत्साह बन रहा। मस्जिदों में बड़े-बुजुर्गा के साथ ही बच्चे भी इसमें शरीक हुए। हर जगह समय के अनुसार नमाज अदा करायी गयी। भीषण गर्मी और तपिश के बीच पड़े रमजान के पाक माह में मुस्लिम भाइयों ने अलविदा की नमाज अदा की। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में ईद को लेकर खरीदारी भी जोरो पर है।

मिश्र बाजार, महुआबाग, नखास, टाउनहाल, जुड़नशहीद, बरबरहना, गोराबाजार, फुल्लनुपर, मियांपुरा आदि मस्जिदों में सैकड़ों की संख्या में रोजेदार पहुंचे। शहर के प्रमुख मस्जिदों के साथ मुहम्मदाबाद नगर के मुख्य जामा मस्जिद मुहम्मदाबाद, जामा मस्जिद मंगल बाजार, फतेहबाग, तहसील तिराहा एवं कोट मुहल्ला की मस्जिद में नमाज पढ़ी गई है। इसके अलावा पखनपुरा, महेशपुर, मछटी, रानीपुर, मुर्की खुर्द, महरुपुर, अदिलाबाद, महेंद, गौसपुर, बहरियाबाद, बारा, शादियाबाद, सैदपुर, नंदगंज आदि मुस्लिम बाहुल्य गांवों में शांतिपूर्ण ढंग से अलविदा की नमाज संपन्न हुई। इस मुबारक मौके पर रोजेदारों और नमाजियों में खुशी का माहौल देखा गया। वही इसी के साथ जिले में ईद की तैयारियां भी शुरू हो गई। शुक्रवार को मस्जिदों में नमाजी उमड़ पड़े। जिससे मस्जिदों में जगह छोटी पड़ गई। नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, खुशहाली, अमन-चैन के लिए दुआ की।



महुआबाग मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु।



विशेश्वरगंज ईदगाह पर सुरक्षा-व्यवस्था में खड़ी पुलिस।

नगर क्षेत्र में साढ़े सात बजे से साढ़े दस बजे तक विभिन्न मस्जिद एवं ईदगाह में नमाज अदा की जायेगी। एमएएच कालेज में सुबह साढ़े सात, नखास कुबडा. मस्जिद आठ बजे, जामा मस्जिद सैय्यद वाड़ा साढ़े आठ बजे, ईदगाह में साढे दस बजे, सुजावलपुर में 7.45 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी।

## आज अक्षय तृतीया हल्के जेवरों की बाजार में बढ़ी मांग

**सोने-चांदी की बिक्री के लिए बाजार तैयार**

**गाजीपुर।** अक्षय तृतीया शनिवार को मनाई जाएगी। अद्भुत संयोग की तिथि पर वैवाहिक आयोजनों को देखते हुए बाजार में अभी से रौनक है। कारोबारियों के मुताबिक इस बार हल्के जेवरों की मांग है। वाहनों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। भूमि-भवन के सौदे भी तेजी से हो रहे हैं। अक्षय तृतीया को लेकर सराफा दुकानों, वाहन शोरूम की रौनक बढने लगी है। भीड़ से बचने के लिए लोग अभी से गहने पसंद कर उनकी बुकिंग करा रहे हैं। अक्षय तृतीया पर उसे घर लेकर जाएंगे। सफा कारोबारी दिनेश कुमार ने बताया कि अक्षय तृतीया पर ही ईद पर्व होने की पूरी संभावना है। ऐसे में बेहतर कारोबार होने का अनुमान है। सोने, चांदी के पुराने सिक्को का स्टॉक भी आ गया है।

## शांति-व्यवस्था के लिए सड़क पर उतरे डीएम-एसपी




**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने गुरूवार को अलविदा की नमाज तथा ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर मिश्राबाजार, लालदरवाजा, कपूरपुर, एमएएच इंटर कालेज, नवाबगंज, मार्किंगगंज, चितनाथघाट, स्टीमरघाट, प्रकाश टाकीज, टाउनहाल का मय फोर्स के साथ पैदल गस्त किया। अधिकारी द्वय ने कहा कि आम जनमानस से आगामी त्योहारों तथा सुरक्षा व्यवस्था संबंधी फीडबैक भी लिया गया तथा सभी नागरिकों से त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण मनाने के लिए अपील भी की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, सीओ सिटी, एसडीएम सदर,कोतवाल आदि मौजूद रहें।

## डीपीआरओ से मिलकर सफाई कर्मचारियों ने लगाई फरियाद

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिलाध्यक्ष रोशनलाल के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्य से मिला। प्रतिनिधिमंडल द्वारा जनपद के सफाई कर्मचारी साथियों की समस्याओं जैसे गौशाला से मुक्ति, महिला, दिव्यांग, पति-पत्नी एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित सफाई कर्मचारियों की निकटतम तैनाती आदि समस्यायों से अवगत कराया। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भी प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता पूर्वक सुना गया और उसका अति शीघ्र निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में ईश्वर यादव, विनोद चौधरी, जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, राजेश यादव, राम नगीना यादव, राजेश यादव, पंकज यादव, राजनाथ राम, जयप्रकाश यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से जली दुकान



**मुहम्मदाबाद।** आदिलाबाद चौराहे पर विद्युत के शार्ट सर्किट से कबाड़ की दुकान जलकर खाक हो गई। दुकान मालिक ने अलावलपुर निवासी सादिक वारिस ने बताया कि आग लगने से हजारों की क्षति हो गई है। आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई लेकिन वाहन समय पर नहीं पहुंचने से दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## नवनिर्वाचित सदस्यों ने साधन सहकारी समिति पर खाई कसम



**बिरनो।** साधन सहकारी समिति लि. आराजी ओडासन के नवनिर्वाचित सभापति उपसभापति व संचालक मंडल के सदस्यों को शुक्रवार को शपथ ग्रहण कराया गया। साधन सहकारी समिति आराजी ओडासन के परिसर में नवनिर्वाचित सभापति रमेश यादव उपसभापति व संचालक सदस्यों को साधन सहकारी समिति सचिव सुरेंद्र यादव ने शपथ दिलाया। सभापति रमेश यादव ने कहा कि किसानों का विकास सहकारिता द्वारा ही हो सकता है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। भरोसा दिलाया कि किसानों को समितियों के माध्यम से बेहतर बीज खाद आदि मिलता रहेगा। इस मौके पर विनोद पटेल,रामलाल प्रजापति, रवि प्रकाश सिंह, संतोष यादव, शिव शंकर यादव, धूमा यादव, राम अवध यादव, वीरेंद्र सिंह, लालाराम, श्यामसुंदर राजभर, कुसुम यादव, जितेंद्र यादव, संतोष राम, बालकिशुन आदि रहे। अंत में सचिव सुरेंद्र यादव द्वारा आए हुए सभी आगंतुक लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## पुलिस ने वांरटी को पकड़ा

**भांवरकोल।** पुलिस ने घर पर छापेमारी कर वारंटी को गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक ओंकार तिवारी हमराहियों के साथ दिनेश उर्फ करिया पुत्र बदनराम मौके पर घर में ही छिपा पाया गया। उसको गिरफ्तार करके अपर सिविल जज (जू.डि.) (मजिस्ट्रेट मोहम्मदाबाद) द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारंटी को न्यायालय भेज दिया गया।

# स्कॉलरशिप घोटालों की होगी जांच, एसआईटी टीम गठित

**गाजीपुर।** योगी सरकार कुख्यात अपराधियों और शिक्षा माफियाओं पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। योगी सरकार ने 61 गैंगस्टर्स की सूची भी जारी कर चुकी है। सरकार के इस फैसले के बाद माफियाओं में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की कुर्सी संभालते ही प्रदेश से माफियाराज खत्म करने का ऐलान किया था। योगी पार्ट-2 में इसका असर दिखना शुरू हो गया है। कुख्यात अपराधियों की लगातार बेनामी संपत्ति जब्त और गिरफ्तारियां शुरू हो गई। वहीं शूटरों पर पुलिस आपरेशन चल रहा है। इस बीच शिक्षा माफियाओं पर अब योगी सरकार पूरी कार्रवाई का मन बना लिया है। बीते 19 अप्रैल को 61 गैंगस्टर की सूची जारी की। जिसमें शिक्षा माफियाओं का भी जिक्र किया गया है। वहीं प्रदेश में सौ करोड़ से अधिक छात्रवृति घोटाले की जांच के लिए एसआईटी टीम गठित की है। हालांकि, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल में बड़े पैमाने पर छात्रवृति घोटाले को लेकर जांच एजेंसी लगाई गई है। दरअसल, गाजीपुर जिले में शिक्षा माफियाओं के गिरोह ने विगत वर्ष 2018-19 और 20 में पचास स्कूलों से करोड़ो रूपए के करीब फर्जी छात्रों के नाम पर निकाल चुकी है। बतादें, योगी सरकार प्रदेश में आयुष प्रवेश फर्जीवाड़ा और होम्योपैथी छात्रवृति घोटाले में शामिल संस्थानों पर पहले ही मुकदमा कायम करा चुकी है। जिसकी आज तक जांच चल रही है।

शिक्षा माफियाओं की बात करें तो प्रदेश में गाजीपुर जिले का भी नाम सुर्खियों में रहता है। प्रदेश में 100 करोड़ से अधिक छात्रवृति घोटाले की विवेचना के लिए एसआईटी गठित की गई है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की है। तीनों इंस्पेक्टर क्राइम बांच के है। जेसीपी खुद सूचना का पर्यवेक्षण करेगी। बतादें, कुछ महीने पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छात्रवृति घोटाले संबंधी शिकायत के आधार पर जांच की थी। जिसमें सौ करोड़ से अधिक की छात्रवृति घोटाले की पुष्टि हुई थी। ईडी ने जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी थी। राज्य सरकार के आधार पर दो सप्ताह पूर्व हजरतगंज थाने में पुलिस ने केस दर्ज कराया था। इसमें दस संस्थानों व फिनो बैंक के अफसरों व कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। कुल 18 नामजद व अन्य अज्ञात आरोपी है। आरोपी की लिस्ट में गाजीपुर का भी नाम है। इसके अलावा लखनऊ,हरदोई,फर्रूखाबाद, बाराबंकी व बदायूं का नाम है।

### साक्ष्य जुटा रही एसआईटी

हजरतगंज थाने में तैनात इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय विवेचना में जुटे हुए है। उन्होंने जिला समाज कल्याण विभाग को पत्र लिखकर सभी दस संस्थानों को दी गई छात्रवृत्ति का ब्योरा मांगा था। अब एसआईटी इन सभी तथ्यों को जुटाएगी। ईडी भी अपनी पूरी विस्तृत जांच रिपोर्ट जल्द एसआईटी को सौंपेगी। एसआईटी अपने स्तर से अब साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

### अधिकारी और पटल प्रभारी के बयान में विरोधाभास

समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया कि जिले से 2017-18,18-19,19-20 के तत्कालीन अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है। वह स्कॉलरशिप में फर्जीवाड़ा को लेकर हर सवाल पर बचते नजर आए। वहीं पटल प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि हमें कोई जानकारी नहीं है। जबकि समाज कल्याण अधिकारी ने बताया था कि पटल प्रभारी से बात कर लीजिए हम किसी कार्य में व्यस्त है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि योगी सरकार में तैनात अधिकारी और कर्मचारी किसी भी जांच को कैसे गुमराह कर सकते है।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ भारी मात्रा में हथियार बरामद

**कामयाबी**

### युवाओं को तमंचा बेचकर चलाते थे रोजी-रोटी

### दो शातिर बदमाश गिरफ्तार मुकदमा कायम

**गाजीपुर।** पुलिस ने अवैध असलहा बनाने वाले फैक्ट्री के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। फैक्ट्री से भारी मात्रा में अवैध तमंचा, कारतूस और अवैध तमंचा बनाने वाले उपकरण बरामद किया। नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस टीम पूरे जिले में चौकन्नी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान के तहत स्वाट टीम,सर्विलांस टीम तथा थाना दुल्लहपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुरूवार को चेकिंग की जा रही थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा बनाने वाली फैक्ट्री गिरोह के सदस्य अमित कुमार (30) पुत्र रघुनाथ निवासी घटारो थाना भुड़कुड़ा को चौजा पुल थाना दुल्लहपुर से वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पांच तमंचा व तीन जिन्दा कारतूस व मोटर साइकिल बरामद हुआ। अभियुक्त अमित द्वारा बताया गया कि यह तमंचा युवाओं को अच्छी कीमत लेकर बेचने का काम करता हूं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त से तमंचा को लेकर पूछताछ किया गया तो बताया कि अपने मित्र पिंटू यादव पुत्र हरिकेश यादव निवासी धमराव थाना दुल्लहपुर के घर ही तमंचा बनाते है। अभियुक्त अमित कुमार की निशानदेही पर शस्त्र निर्माण स्थल व साथी पिंटू यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। मौके से पांच पूर्ण निर्मित तमंचा, तीन अर्ध निर्मित तमंचा व तमंचा प्लेट व तमंचा बनाने के उपकरण बरामद हुए। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि । हम लोग चोरी-छिपे बनाकर बिक्री करा कर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। अभियुक्त अमित कुमार दुल्लहपुर खानपुर सैदपुर थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है।



कार्यालय में आरोपियों को पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

# प्राथमिक स्कूल के प्रवेश द्वार को दबंगों ने किया बंद



**कठवामोड़।** योगी सरकार माफियाओं के खिलाफ काफी सख्त रूख अपनाए हुई है। लेकिन दबंग अपनी आदत से बाज नहीं आ रहें है। इनके हौसले की बात करें तो सरकार को सीधे चुनौती दे रहें है। उदाहरण के तौर पर प्राथमिक विद्यालय हैंसी के निकास द्वार के दोनो तरफ दबंगो ने ईट की दीवार खड़ा कर दी है। दबंग की इस मनमानी से अध्यापक भयभीत है। वहीं छात्र घर से भय के कारण स्कूल नहीं जा रहें है। सरकार की स्कूल चलो अभियान पर पहरा लगाया जा रहा है। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद मौन सांधे हुए है। बतादें, मुहम्मदाबाद शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हैंसी की स्थापना सन 2004 में हुई थी। प्राथमिक विद्यालय सुचारू रूप से चल रहा था। इस विद्यालय के बाउंड्री वाल में पश्चिमी और उत्तरी तरफ दो गेट लगे हुए हैं। विद्यालय के पश्चिमी गेट से निकलने वाला रास्ता कब्रिस्तान के बगल से होते हुए मेन रोड में मिलता है। जबकि उत्तरी गेट की तरफ से निकलने वाला रास्ता अमर कुशवाहा के घर के सामने से होते हुए मेन रोड पर निकलता है। विगत 19 अप्रैल को विद्यालय के बंद होने के उपरांत हैंसी गांव के ही रामाशंकर यादव ने पश्चिमी गेट से सटाकर दीवाल जोड़कर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। देखा देखी में उत्तरी गेट की तरफ अमर कुशवाहा ने भी दीवार जोड़कर गेट को बंद कर दिया। जब इसकी सूचना गांव वालों से प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार जायसवाल को मिली। उन्होंने शाम को ही दूरभाष के माध्यम से अपने विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। बीते गुरूवार को जब सुबह खंड शिक्षा अधिकारी दीनानाथ साहनी ने स्थल का निरीक्षण किया और दोनों पक्षों से बात की तो उनके द्वारा बताया गया की रास्ता उनकी निजी जमीन में बना था। इसलिए उन्होंने रास्ता बंद कर दिया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार जायसवाल ने बताया कि उपरोक्त घटनाक्रम के बारे में पुलिस विभाग, उप जिलाधिकारी, जिलाधिकारी आदि को तत्काल लिखित रूप से सूचना दे दी गई है। लेकिन किसी भी विभाग का कोई भी अधिकारी इस मामले में रुचि नहीं ले रहा। जिससे विद्यालय के स्टाफ तो परेशान है ही बल्कि बच्चों के अभिभावकों में भी पर्याप्त खौफ का माहौल बना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जमीन संबंधी लोगों से वार्ता की जाएगी। फिलहाल स्कूल खुले में चला जाएगा।























## जनसंपादकीय

# दलबदलुओं के लिये विचारधारा नहीं 'राजनैतिक कैरियर' महत्वपूर्ण

तनवीर जाफरी



कर्नाटक में राज्य विधानसभा हेतु 10 मई को चुनाव होने निर्धारित हैं। पूरे राज्य में एक ही चरण में होने वाले चुनाव की मतगणना 13 मई को होनी तय है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण से फिलहाल यही पता चल रहा है कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को सत्ता में वापसी के लिये कड़ी मशक़्क़त करनी पड़ रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस के पक्ष में भी सकारात्मक माहौल बनता दिखाई दे रहा है। भाजपा के विरुद्ध जहाँ सत्ता विरोधी रुझान है वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कर्नाटक के बड़े क्षेत्र से होकर गुजरना,तथा राहुल गांधी की संसद से बर्खास्तगी के बाद राज्य में उनके प्रति पैदा हुई सहानुभूति कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में कारगर साबित हो रही है। राज्य में होने वाले इस संभावित सत्ता परिवर्तन को राज्य के कई 'मंझे' हुये नेता भी बखूबी समझ रहे हैं। और उनकी यही 'दूरदर्शिता' उन्हें किसी न किसी परिस्थितिवश चुनाव पूर्व ही 'दल बदल ' करने के लिये 'मजबूर ' कर रही है। प्राप्त खबरों के अनुसार राज्य के आठ प्रमुख भाजपा नेताओं के अतिरिक्त तमाम 'छुटभैय्ये ' भाजपाई भी कांग्रेस पार्टी का दामन थाम चुके हैं। जबकि कुछ जे डी एस में भी शामिल हुये हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व उप मुख्यमंत्री से लेकर कई विधायक और विधान परिषद सदस्य तक शामिल है। इसी सूची में सबसे महत्वपूर्ण नाम राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री भाजपा एवं लिंगायत समुदाय के प्रभावशाली नेता जगदीश शेट्टार और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का है। कर्नाटक की राजनीति में लिंगायत समुदाय सत्ता का खेल बनाने बिगाड़ने में अत्यंत प्रभावी माना जाता है। बताया जा रहा है कि शेट्टार अपनी पारंपरिक सीट हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में सातवीं बार चुनाव लड़ना चाह रहे थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें टिकट देने से मना कर दिया था। प्राप्त खबरों के अनुसार शेट्टार को हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी न बनाने के बदले में उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री और उनके परिवार के किसी अन्य सदस्य को विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश पार्टी की ओर से की गयी थी जो उन्होंने स्वीकार नहीं किया। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने आनन फानन में जगदीश शेट्टार को पार्टी में शामिल कर उन्हें हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। लिंगायत समुदाय के कर्नाटक में 18 फीसद मतदाता हैं और वो प्रायः भाजपा के समर्थक माने जाते रहे हैं।

भाजपा छोड़ने के बाद जगदीश शेट्टार अकेले 20 से लेकर 25 लिंगायत प्रभाव वाली सीटों पर भाजपा को नुक़सान व कांग्रेस को फायदा पहुंचा सकते हैं। इनके अतिरिक्त भाजपा छोड़ने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व विधायक डीपी नारीबोल, मंत्री एस अंगारा और बीएस येदियुरप्पा के करीबी डॉक्टर विश्वनाथ के साथ वर्तमान विधायक एमपी कुमारस्वामी,विधायक रामप्पा लमानी, विधायक गुली हटी शेखर, तथा वर्तमान एमएलसी ( विधान पार्षद ) शंकर शामिल हैं। दल बदल करने वाले अधिकांश भाजपा नेताओं का एक ही दुखड़ा है कि पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया। टिकट न मिलने के कारण पार्टी छोड़ने वाला एक नाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कर्नाटक विधानसभा के पूर्व स्पीकर कागोडु थिम्मप्पा की बेटी डॉ. राजनंदिनी का भी है। गत दिनों यह कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और पार्टी के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गयीं । बीजेपी में शामिल होने बाद डॉ. राजनंदिनी ने अपनी 'व्यथा' बयान करते हुये कहा भी कि -'मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस) मुझे पहचानेगी और मुझे टिकट देगी , लेकिन मुझे मौका नहीं मिला जबकि बीजेपी में गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया गया। मैं पार्टी के लिए काम करूंगी। मैं वर्कर हूं और कहीं भी काम कर सकती हूं'। पूरी संभावना है कि डॉ. राजनंदिनी थिम्मप्पा भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगी।

केवल कर्नाटक ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के चुनाव में भी यहाँ तक कि लोकसभा चुनावों के समय भी अपना अपना 'राजनैतिक कैरियर' बचाने या बनाने के नाम पर दल बदल का खेल चलना एक आम बात बन चुकी है। यह दल बदल पार्टी के टिकट मिलने या न मिलने से शुरू होकर मंत्री यहाँ तक कि मुख्यमंत्री बनने बनाने तक जारी रहता है। मध्य प्रदेश की तरह कई राज्य इस बात के भी उदाहरण पेश कर चुके हैं कि किस तरह सत्ता के इसी घिनौने खेल में राज्य की जनता द्वारा दिये गये सत्ता विरोधी जनमत का इन्हीं अवसरवादी व अपने स्वार्थपूर्ण राजनैतिक कैरियर को राजनैतिक विचारधारा से भी ऊपर मानने वालों द्वारा मजाक उड़ाया गया। आज भले ही कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में बड़ी संख्या में भाजपाई नेताओं को पार्टी में शामिल कराकर आगामी चुनाव में अपनी बढ़त की संभावनाओं का एहसास कर रही हो परन्तु जो नेता केवल भाजपा का टिकट न मिलने के कारण कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं वह कांग्रेस की विचारधारा के वाहक आखिर कैसे हो सकते हैं ? अभी पिछले दिनों हिजाब के विरोध से लेकर और भी कई तरह के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास भाजपा द्वारा कर्नाटक में इन्हीं वर्तमान विधानसभा चुनावों के मद्देनजर किये गये थे। उस समय तो यही भाजपा छोड़ने वाले लोग भाजपा की नीतियों का समर्थन कर रहे थे ?

कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य परस्पर धुर विरोधी वैचारिक पार्टियां, इनके द्वारा अवसरवादिता के कारण खास कर अपने राजनैतिक कैरियर को 'संवारने ' की गरज से दल बदल करने वाले लोगों को अपने अपने दलों में शामिल कराने का साफ अर्थ है कि पार्टियां स्वयं भी मात्र सत्ता प्राप्त करने के लिये ऐसे 'थाली के बैंगनों ' का सहारा लेना पसंद करती हैं जिनके लिये विचारधारा नहीं बल्कि उनका 'राजनैतिक कैरियर अधिक महत्वपूर्ण' है। और जिनकी कोई राजनैतिक विचारधारा ही न हो केवल उनका 'राजनैतिक कैरियर' ही उनके लिये सबसे महत्वपूर्ण हो वे वैचारिक रूप से किसी भी पार्टी के वफादार तो हरगिज नहीं हो सकते। राजनैतिक दल जो कि दरअसल प्रायः अवसरवादियों का ही एक समूह कहा जा सकता है यह भले ही अपना लाभ देखकर दलबदलुओं को टिकट,मंत्री पद यहां तक कि मुख्यमंत्री पद देकर अपने को मजबूत और अपने विरोधी दलों को कमजोर करने का अस्थायी खेल खेलते रहते हों परन्तु जनता को ऐसे दलबदलुओं को तो जरूर सबक सिखान चहिये जिनके लिये विचारधारा नहीं बल्कि उनका स्वार्थपूर्ण राजनैतिक कैरियर ही सबसे महत्वपूर्ण है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# पृथ्वी पर जीवन बचाने की मुहिम

## पृथ्वी दिवस पर

गिरीश्वर मिश्र



अपने दौड़ भाग भरे व्यस्त दैनिक जीवन में हम सब कुछ अपने को ही ध्यान में रख कर सोचते-विचारते हैं और करते हैं। हम यह भूल जाते हैं कि यह पृथ्वी जिस पर हमारा आशियाना है मंगल, बुध की ही तरह का एक ग्रह है जो विशाल सौर मण्डल का एक सदस्य है । यह भी गौर तलब है कि अब तक के ज्ञान के हिसाब से धरती ही एक ऐसा ग्रह है जहां जीवन है। इस धरती पर हमारा पर्यावरण एक परिवृत्त की तरह है जिसमें वायु मंडल, जल मंडल, तथा स्थल मंडल के अनेक भौतिक और रासायनिक तत्व मौजूद रहते हैं। जैविक और अजैविक दोनों तरह के तत्वों से मिल कर धरती पर संचालित होने वाला पूरा जीवन-चक्र निर्मित होता है । इस जीवन-चक्र का आधार सिद्धांत विभिन्न तत्वों का सह अस्तित्व है क्योंकि अकेले कोई भी पर्याप्त नहीं होता है। सत्य यही है कि दूसरों से जुड़ कर ही जीवन सम्भव हो पाता है। इसलिए जो नैसर्गिक रूप से उपलब्ध प्रकृति है वह जीवन के लिए आधार प्रदान करती है। हमारा अपना अस्तित्व उस समग्र का एक बड़ा छोटा हिस्सा होता है। जीवन को चिरायु और गतिशील बनाए रखने के लिए प्रकृति के विभिन्न अवयवों के बीच सतत सामंजस्य बनाए रखना जरूरी होता है।

प्रकृति ये सभी पक्ष भारतीय चिंतन में आरंभ से ही महत्व पाते रहे हैं। वस्तुतः पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के तत्व जीवन से घनिष्ठ रूप से सम्बंधित हैं। वनस्पति, जल, अंतरिक्ष और पृथ्वी को लेकर वैदिक चिंतन में प्रकृति की महिमा का बड़ा बखान किया गया है। बाद में जिस जीवन पद्धति का विकास हुआ उसमें कूप, तडाग, सरोवर, नदी, सागर और तीर्थ आदि धार्मिक और गृहस्थ जीवन में प्रमुख स्थान पाते रहे। वर्ष चक्र की एक यज्ञ के रूप में कल्पना करते हुए ऋग्वेद में वसंत ऋतु को ह्यघी', ग्रीष्म को ह्यसमिधा' शरद को ह्यहवि' कहा गया है।

पृथ्वी पर वनस्पति, पशु-पक्षी और मनुष्य साथ-साथ रहते आए हैं। वे सहजीवी रहे हैं। सह जीवन में आदान-प्रदान होता है और परस्परनिर्भरता को पहचानते हुए प्रकृति की रक्षा भी की जाती है। प्रकृति ह्यमाता' की भाँति पूज्य है। वेद में भूमि को माँ और स्वयं को पृथ्वी की संतति कहा गया हैः माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्याः । पृथ्वी के प्रति मनुष्यता का आभार का एक सहज भाव यहाँ के समाज में व्याप्त रहा है जो कई तरह से प्रकट हुआ है। प्रकृति के विभिन्न पक्ष ईश्वर के प्रत्यक्ष तनु (शरीर) कहे गए हैं। पीपल, नीम और वट के वृक्षों की पूजा की बड़ी प्राचीन परम्परा है । प्राण वायु (आक्सीजन) देने वाले वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। विभिन्न वनस्पतियों के औषधीय गुणों को आयुर्वेद में महत्वपूर्ण स्थान मिला हुआ है और ह्यवृक्षायुर्वेद' एक शास्त्र के रूप में विकसित हुआ था जिसमें इनका विशद विवेचन मिलता है।

यहाँ यह भी स्मरणीय है कि नदी, वृक्ष और पशु-पक्षी सब मिल कर हमारी पारिस्थितिकी का निर्माण करते हैं। पारिस्थितिकी के संतुलन को बनाए रखने में इन सबका समान महत्व है। लोक मानस में अभी भी गीतों, कथाओं, जीवन-संस्कारों, लोकाचारों, रीति-रिवाजों, तथा उपासना के यज्ञादिक कृत्यों में विभिन्न पौधों और वृक्षों की जीवन्त उपस्थिति बनी हुई है। आम्र-पल्लव, दूर्वा और तुलसी-दल के बिना कोई पूजा विधि पूरी नहीं होती। और तो और गंगा और यमुना जैसी नदियों को भी शादी-व्याह में जैसे अवसरों पर न्योता देने की प्रथा है। इनमें स्नान कर पुण्य-लाभ कमाने का आकर्षण अभी भी बना हुआ है। कुम्भ मेले की परम्परा इसका ज्वलंत प्रमाण है जिसमें लाखों लोग गंगा में डुबकी लगाने के लिए प्रयाग में एकत्र होते हैं। प्रकृति के प्रति आकर्षण का एक आधार यह भी है कि नैसर्गिक परिवेश का सौंदर्य आत्मिक तृप्ति देने वाला होता है। समुद्र और नदी में स्नान स्वास्थ्यवर्धक होता है और उससे मन को विश्रांति मिलती है। सागर, निर्झर, वन, झील, पर्वत, वृक्ष और नदी से संसर्ग हमारे आध्यात्मिक जीवन, सृजन और सामुदायिक जीवन को समृद्ध बनाने वाला होता है। उसका स्वाद लेने के लिए आज साधनसम्पन्न सैलानी देश विदेश में दूर-दराज और दुर्गम स्थानों की यात्रा करते नहीं थकते। इतिहास द्वारा भी इस बात की पुष्टि होती है कि नदियाँ पूरे विश्व में मानव सभ्यता और जननी रही हैं। उन्हीं के निकट संस्कृतियों के विकास की गाथाएं लिखी जाती रही हैं।

भारत में प्राकृतिक संसाधनों को संग्रह कर उपभोग किया जाता रहा परंतु बाजार केंद्रित अर्थ व्यवस्था के साथ संसाधनों के असीमित उपयोग की लालच बढ़ी। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान उनके अपने हितों के लिए जंगलों की कटाई और खनन का दौर शुरू हुआ और प्राकृतिक सम्पदा का घोर शोषण आरम्भ हुआ। निर्वनीकरण और बाँधों का निर्माण आज भी जारी है। यह दुखद है कि पर्यावरण जैसे गम्भीर प्रश्न के साथ भी प्रतीकात्मक ढंग से बर्ताव किया जाता है। पर्यावरण की शुद्धता और स्वच्छता का सवाल जीवन से जुड़ा है परंतु सत्ता और कारपोरेट दुनिया की मिली भगत के बीच जल, जीवन और जंगल पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। विकास के नाम पर प्राकृतिक सम्पदा से परिपूर्ण झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में व्यापक पर्यावरण विनाश होता आया है और साथ में विस्थापन की विकट समस्या भी खड़ी हुई है। दिल्ली और मथुरा में यमुना एवं कानपुर तथा काशी में गंगा का प्रदूषण चिंताजनक स्तर पर है। प्रौद्योगिकी और उद्योग घरानों की साँठ गाँठ के बीच पर्यावरण की बलि चढ रही है। प्रगति और विकास के नारे के आगे सब कुछ ध्वस्त होता जा रहा है। ये नारे वस्तुतः मनुष्य की अनियंत्रित धन सम्पदा कमाने की भूख को ही द्योतित करते हैं। इस तरह के अंधे स्वार्थ के आगे विवेक जबाव दे रहा है। आर्थिक सम्पन्नता के लिए वसुंधरा पृथ्वी आज सब तरह से शोषित और लुंठित हो रही है।

मनुष्य को केंद्र में रख कर नियंता के भाव के साथ प्रकृति को उपभोग्य मान लिया गया। इसके चलते खुद को निरपेक्ष उपभोक्ता की हैसियत से उसका अंधाँधुँध दोहन करना मनुष्य का मुख्य कार्य हो गया। प्रकृतिभक्षी दृष्टि के चलते पारिस्थितिक असंतुलन के फलस्वरूप अब आए दिन अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, अकाल और तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के संकट छाए रहते हैं। प्रजातियाँ लुप्त हो रही हैं और जैव विविधता घट रही है। आधी सदी से कम समय में पक्षियों, स्तनधारियों, मछलियों, उभयचरों और सरीसृपों में औसतन 68 प्रतिशत कमी आई है। जैव विविधता घटने के कई प्रत्यक्ष और परोक्ष परिणाम हैं। वह एक संसाधन है जो जीवन की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है। एक सदी में भू उपयोग में बड़ा बदलाव आया है। जैव विविधता नष्ट होने से पारिस्थितिकी तंत्र ध्वस्त हो जाएगा। जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा और पुनर्स्थापना आवश्यक है। इस दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र द्वारा जी डी पी में प्रकृति के सच्चे मूल्य को भी शामिल करने की बात की जा रही है।

कृषियोग्य भूमि बना कर भारी मात्रा में 50 प्रतिशत वृक्ष खत्म हुए हैं। समुद्र के उपयोग में भारी बदलाव से समुद्री पारिस्थितिकी भी बदली है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो औद्योगिकीकरण के चलते सबसे काम समय में, लगभग 350 वर्षों में सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचा है। उर्वरक और कीटनाशकों के प्रयोग के चलते रसायन भारी मात्रा पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। भूमि का क्षरण हो रहा है, वन का आवरण काम हो रहा है, नदियों के जल स्तर में गिरावट आ रही है, भू जल स्तर घाट रहा है और ग्लेशियर खिसक रहे हैं। जीवन शैली में आए बदलाव से तरह झ तरह की गैसों का उत्सर्जन हो रहा है। ग्रीन हाउस प्रभाव की चचाओं के बीच पर्यावरण का ह्रास एक विकट चुनौती बन रही है। प्रकृति और मनुष्य के बीच संघर्ष का परिणाम पर्यावरण संकट के रूप में आ रहा है। हवा, पानी और भोजन जैसे जीवन जीने के लिए अनिवार्य तत्व घोर प्रदूषण की गिरफ़्त में आ रहे हैं। मौसम में बदलाव को ले कर पृथ्वी पर आपात काल लगाने जैसी स्थिति उभर रही है। पृथ्वी पर हाबी हो रहे मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों की पूरी ऋंखला को तनावग्रस्त बना दिया है।

अपनी आत्म केंद्रित दृष्टि के भ्रम में हम यह अक्सर भूल जाते हैं कि सम्पूर्ण जैविक विश्व एक इकाई है और मनुष्य को इससे जुदा नहीं रखा जा सकता। अन्य तत्वों की ही तरह वह भी पर्यावरण की व्यवस्था का ही एक हिस्सा है। इसलिए समग्र प्रकृति के साथ जुड़ते हुए और तालमेल के साथ ही आगे कदम बढ़ाया जा सकता है। चूँकि हमारा जीवन प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर करता है अतः उन मूल्यों को प्रभावी करना होगा जो सम्पूर्ण जीवन को पहचान सकें और सबके विकास का अवसर दे सकें। धरती की सीमा में ही उपभोग और उत्पादन करना ही एकमात्र विकल्प है। असीम उपभोग से सुख की तलाश बेमानी है। आज मनुष्य का पर्यावरण के प्रति उदासीन व्यवहार सार्थक और सुखमय जीवन में बड़ा बाधक हो रहा है। प्रकृति के बाह्य पक्ष हमें आकर्षित करते हैं और जंगल सफारी, पर्वत, नदी, घाटी, झील आदि घूमने जाते हैं परंतु पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हम सतर्क नहीं रहते।

वर्तमान परिस्थितियों के मद्दे नजर आज धरती के साथ जुड़ाव हो यह आवश्यक है। जन साधारण के मन में प्रकृति प्रेम का भाव पैदा करना होगा। जल की बबार्दी, भू जल स्तर में गिरावट, अस्वच्छ जल के उपयोग से बीमारी आदि को ध्यान में रख कर जल-प्रबंधन को वरीयता देनी होगी। वृक्षारोपण का अभियान, वनों की कटाई रोकना जैविक खाद और बीज के साथ जैविक खेती की ओर ध्यान देना होगा। जीव जगत की पारस्परिकता को स्वीकसर करते हुए दायित्व बोध जगाना होगा और आत्मीय रिश्ता बनाना होगा। प्रकृति को देखने और उसे महत्व देने के नजरिए को बदलना होगा।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं)**

> **पृथ्वी पर वनस्पति, पशु-पक्षी और मनुष्य साथ-साथ रहते आए हैं। वे सहजीवी रहे हैं। सह जीवन में आदान-प्रदान होता है और परस्परनिर्भरता को पहचानते हुए प्रकृति की रक्षा भी की जाती है। प्रकृति ह्यमाता' की भाँति पूज्य है। वेद में भूमि को माँ और स्वयं को पृथ्वी की संतति कहा गया हैः माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्याः । पृथ्वी के प्रति मनुष्यता का आभार का एक सहज भाव यहाँ के समाज में व्याप्त रहा है जो कई तरह से प्रकट हुआ है। प्रकृति के विभिन्न पक्ष ईश्वर के प्रत्यक्ष तनु (शरीर) कहे गए हैं। पीपल, नीम और वट के वृक्षों की पूजा की बड़ी प्राचीन परम्परा है । प्राण वायु (आक्सीजन) देने वाले वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। विभिन्न वनस्पतियों के औषधीय गुणों को आयुर्वेद में महत्वपूर्ण स्थान मिला हुआ है और ह्यवृक्षायुर्वेद' एक शास्त्र के रूप में विकसित हुआ था जिसमें इनका विशद विवेचन मिलता है।**

# क्या क्षरण के दौर में हैं पृथ्वी और हम ?

## प्रसंगवश

अरुण तिवारी



यदि हम जानने की कोशिश करें कि किसान अपने पेड़ों की छटनी करते, फसलों को बोते और अन्न को संजोते समय अंधेरे और उजाले पक्ष का भेद क्यों रखता है, तो हम यह भी समझ जायेंगे कि सूर्य सोखा हुआ जलरस वापस लौटाता है। चन्द्रमा अन्न समेत समस्त जीवितों में रस भरने का काम करता है। वायुमण्डल जितना मोटा होगा, उतना गर्म होगा; सूर्य उतना कम जलरस लौटाएगा। चन्द्रमा को सूर्य से प्राप्त श्वेत रश्मियों के मार्ग में श्याम छायायें जितनी ज्यादा होती जायेंगी, रस भरने की चन्द्रशक्ति उतनी कम होती जाएगी; उत्पादन उतना कम रस, गंध व स्वादयुक्त होगा। दर्ज इतिहास के अनुसार, सूर्य व चन्द्रमा के लिए यह चुनौती सबसे पहले पृथ्वी के शुरूआती तीन से चार बिलियन वर्षों के दौरान वर्तमान कनाडा और इटली में जागे ज्वालामुखियों से निकले लावे और धुएं ने किया। आज तो एक ही वर्ष में 70-70 ज्वालामुखी फट रहे हैं। हम अपने वायुमण्डल को हर रोज धूल, धुआं, नुकसानदेह गैसों व अन्य ठोस कणों से भर निरन्तर मोटा व असंतुलित कर रहे हैं। जल और वायु तो बदलेंगे ही।

दर्ज इतिहास के अनुसार, पिछले 150 करोड़ वर्षों में पांच बार प्रलय आई है; 500 करोड़ वर्ष पूर्व एक महाप्रलय, जिसमें 95 प्रतिशत प्रजातियां नेस्तनाबूद हो गईं। शेष बची 05 प्रतिशत ने फिर नई प्रजातियां रचीं। भारतीय पौराणिक आख्यान मानते हैं कि यह सब पारितंत्र के नियमानुसार ही हुआ। वे पृथ्वी को भी एक जीव मान इसकी गर्भावस्था, शैशवकाल, यौवन, प्रौढ़ व वृद्धावस्था के क्षरण व मरण की संकल्पना सामने रखते हैं। हम जन-जीवों के तन-मन, विचार-व्यवहार में आ रहे क्षरण को भी इससे जोड़ते हैं। जरा अपने आसपास घट रहे घटनाक्रम तथा उनके प्रति अपने व्यवहार का निष्पक्ष भाव से विश्लेषण कीजिए। सोचिए कि क्या यह पृथ्वी का क्षरण काल से गुजर रहे हैं। वे रचना और विध्वंस को एक-दूसरे की अनुगामी प्रक्रिया मानते हैं।

हम यह मान भी लें कि अंतरिक्ष के ज्ञात-अज्ञात ग्रहों में से एक हमारी पृथ्वी का भी क्षरण और मरण होता है। इस वक्त पृथ्वी अपने क्षरण काल में हो, तो भी हम वर्तमान कालखण्ड में हो रही तापवृद्धि व जलवायु परिवर्तन के कारणों को महज प्राकृतिक बताकर पल्ला नहीं झाड़ सकते। क्यों ? क्योंकि यह जितनी तेज गति से हो रहा है, वह अप्रत्याशित है और डराने वाला भी। कारण वैश्विक हैं, तो स्थानीय भी।

विचार कीजिए कि छह महीने दिन, छह महीने रात वाले उत्तरी ध्रुव का अपने ऐतिहासिक तापमान से 35 डिग्री सेल्सियस ऊपर चले जाना, यूरोप के औसत तापमान से अधिक हो जाना; कोई सामान्य घटना नहीं है। यह पहली बार नवम्बर, 2018 में दर्ज किया गया। समुद्री जीवों का 1970 की तुलना में आधा हो जाना; यह भी पहली बार 2018 में ही दर्ज हुआ। ध्वनि प्रदूषण के चलते जीवों में आपसी संवाद-संचार में आई कमी व समुद्र में बढ़ते कचरा को इसका मुख्य कारण बताया गया। कार्बन अवषोशित करने में सबसे सक्षम सामुद्रिक प्राकृतिक प्रणाली कही जाने वाली मूंगा भित्तियों का रकबा लगातार घट रहा है। पृथ्वी की धुरी में आए कोणीय बदलाव ने समुद्रों से उठने वाले मेघों के संघनन और विन्यास को ही नहीं, बल्कि समूचे जलचक्र व वायु ताप-दाब के खेल को ही बदलकर रख दिया है। ऐसे में जलवायु न बदले, यह कैसे हो सकता है ? जलवायु का मतलब ही है जल और वायु।

हम क्या कर सकते हैं ? इस प्रश्न को सामने रख विचार करें तो हम कह सकते हैं कि कचरा घटायें। जुहू बीच और गंगासागर तट पर सागर सौंदर्य को निहारने जाएं...शांति पाने जाएं; शोर मचाने नहीं। जापान ने ज्वालामुखियों की भू-तापीय ऊर्जा को बिजली में तब्दील कर, आखिरकार उन्हे शांत करने का ही तो काम किया है। भारत ने फिलहाल प्रयोग के तौर पर लद्दाख में अपनी पहली भू-तापीय ऊर्जा परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। भारत समेत दुनिया के बहुत सारे देश स्वयं को कोयला ऊर्जा उत्पादन से मुक्त कर सौर व पवन ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने में लगे हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों के युग में हम प्रवेश कर ही चुके हैं। भारत सरकार ने कबाड़ कम करने हेतु वाहन नीति में बदलाव किया है। हम यह सब करें, किंतु यदि हम बिजली, ईंधन, पानी व औद्योगिक उत्पाद आदि के दैनिक उपभोग की सीमा रेखा न बनायें; पंच तत्वों को पंच तत्वों से काट दें तो हमारे ये वर्तमान प्रयास भी एक न एक दिन बेकार ही साबित होने वाले हैं।

हमें हमेशा याद रखना होगा कि घुमंतू आदिम द्वारा अपने लिए अन्न उपजाने का विचार, मानव सभ्यता के इतिहास की सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना है।विशाल बसवाटें, बाजार, बिजली, उद्योग, मोटरगाड़ियां, आबादी व कचरे में वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण बन रही उपभोग में अति व अधिक से अधिक संपत्ति पर एकाधिकार के शैतान का जन्म इसके पीछे व परिणामस्वरूप हुई घटनायें हैं। 1780 के दशक में धागे को मशीनों से कातने वाले ब्रिटेन ने नहीं सोचा होगा कि तेज गति में उत्पादन से उपजी औद्योगिक क्रांति एक दिन हवस बन पर्यावरण को खाने लग जाएगी। महात्मा गांधी ने अपने कालखण्ड में चेताया। इस भविष्य को भांप लेने वालों ने लाखों सालों तक अपनी खेती को प्राकृतिक तथा जरूरतों की सीमित बनाकर पर्यावरण व खुद को बचाया। हम भी बचायें। हम खेती को व्यापार की जटिल वस्तु न बनायें। औद्योगिक व्यवहार में पर्यावरणीय अनुकूलन लाएं।

उत्पादक, सेवा प्रदाता और ग्राहक के बीच में कमीशन बांट लेने वाली कड़ियां कम हों। ग्राहक को सस्ता मिले; उत्पादक फिर भी ज्यादा कमाये। यह सोचकर ही 1997 में हॉटबॉक्स, लुकस्मार्ट, एलक्सा के अलावा 1997 में प्रथम सोशल मीडिया वेबसाइट 'सिक्स डिग्री डॉट कॉम' लांच की गई होगी। गूगल को डिजीटल मार्किटिंग की दुनिया में पहला सुनहरी कदम माना ही जाता है। किंतु न सिर्फ गूगल जैसा गुरु, बल्कि आज सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार बन चुका अमेजन डॉट कॉम भी नहीं सोचना चाहता कि ग्राहक जिस पैकेट को तुरन्त फाड़कर फेंक देता है; कच्चा माल, पैकेट बनाने व पैकेजिंग में लगने वाली ऊर्जा, अनुपयोगी होने पर पैकेट का कचरा तथा सामान पहुंचाने में फूंकने वाला डीजल-पेट्रोल जलवायु को किस कदर दुष्प्रभावित कर रहे हैं। हम ग्राहक तो सोचें। कभी पैकेजिंग, सामान की गुणवत्ता की गारण्टी थी; आज महज एक फैशन है। अक्ल से बने नकली व मिलावटी सामानों से हमारे बाजार पटे पडे हैं। ऐसे में सरकारों और बाजारों को भी सोचना ही चाहिए कि खुला बिकने वाले माल की शुद्धता की गारण्टी व ग्राहक तक सुरक्षित पहुंच कैसे सुनिश्चित हो।


गौर कीजिए कि सरस्वती का लुप्त होना, मानव सभ्यता के इतिहास में किसी हिमालयी नदी के लुप्त होने की संभवतः पहली दर्ज घटना थी और इसके कारण किनारे बसे हड़प्पाकालीन धोलावीरा नगर के नष्ट होने की भी। नदी-नगर विनाश के इस अंतसंबंध की पुष्टि आई आई टी, खड़गपुर के साथ मिलकर किए शोध ने अब की है। किंतु इसे बहुत पहले समझ कर ही हमारे पूर्वजों ने अपनी नदियों को समृद्ध बनाये रखने का अनुशासन अपना लिया था; हम पुनः अपनायें।

हमारी सरकारें नदियों को निर्मल बनाने में तो पूरे धन-बल के साथ लगी दिखना चाहती हैं, किंतु अविरल बहाने से कतरा रही हैं; पनबिजली और सिंचाई के कम नुकसानदेह मॉडलों से अपनाने से दूर भाग रही हैं। वे पानी की कमी और कब्जे के वैश्विक संघर्षों को नजरअंदाज कर रहे हैं। बाजारू शक्तियां पानी को मांग और आपूर्ति के सिद्धांत के तराजू पर तौलने वाली बाजारू वस्तु में तब्दील करने में लगी हैं। हम ऐसा न करें। हम संगठित हों। हम अपनी स्थानीय जरूरत की बिजली का उत्पादन व स्थानीय स्वावलम्बी नदी-पानी प्रबंधन करने के गुर खुद आजमायें।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

> **समुद्री जीवों का 1970 की तुलना में आधा हो जाना; यह भी पहली बार 2018 में ही दर्ज हुआ। ध्वनि प्रदूषण के चलते जीवों में आपसी संवाद-संचार में आई कमी व समुद्र में बढ़ते कचरा को इसका मुख्य कारण बताया गया। कार्बन अवषोशित करने में सबसे सक्षम सामुद्रिक प्राकृतिक प्रणाली कही जाने वाली मूंगा भित्तियों का रकबा लगातार घट रहा है। पृथ्वी की धुरी में आए कोणीय बदलाव ने समुद्रों से उठने वाले मेघों के संघनन और विन्यास को ही नहीं, बल्कि समूचे जलचक्र व वायु ताप-दाब के खेल को ही बदलकर रख दिया है। ऐसे में जलवायु न बदले, यह कैसे हो सकता है ? जलवायु का मतलब ही है जल और वायु।**

## व्यंग्य



# क्रांति मुक्त दल बदल

ब्रजेश कानूनगो

जब कोई राजनीतिक व्यक्ति एक दल छोड़कर दूसरे दल में प्रवेश करता है मुझे कुछ जासूसी और अपराध फिल्में याद आने लगती हैं। उनमें होता यह था कि किसी एक गैंग का कोई व्यक्ति चतुराई से दूसरी गैंग के सरगना का दिल जीतकर उसके दल में शामिल हो जाता था। उचित समय आने पर वहां के भेद जानकर उसका सफाया या भंडाफोड़ कर देता था। लेकिन यह विश्वासघात और जासूसी रोमांच राजनीतिक क्षेत्रों में सामान्यतः नहीं दिखाई देता। मैं उम्मीद लगाए ही रह जाता हूं की एक दल से दूसरे दल में गया व्यक्ति वहां भूचाल ला देगा और उस दल को तबाह कर देगा। लेकिन ऐसा होता नहीं। वह घुसपेठिया धीरे धीरे उसी रंग में रंग जाता है।

बहरहाल, जाना-आना दुनिया की रीत है। जो आता है वह जाता भी है। किसे यहाँ हमेशा के लिए रह जाना है। जब सारी सम्भावनाएँ खत्म हो गईं हों तो रह कर कोई करेगा भी क्या। एकरसता कोई अच्छी चीज नही होती। थोडे ही दिनों में बोरियत होने लगती है। डिप्रेशन में आ जाता है भला चंगा आदमी। जीवन का आनन्द ही इसी मे है कि उत्साह बना रहे। निराशा सब बीमारियों की जड है, इसलिए हवा-बदली की भी जरूरत पडती है। हवा बदली के लिए भी कभी कभी स्थान परिवर्तन करना पडता है। इसलिए भी आना-जाना लगा रहता है। कोई हवा बदली के लिए आता है तो कोई हवा बदली के लिए चला जाता है।

ऐसा ही होता आया है सदा से। जो कभी बीहडों में भटका करते थे, हवा बदली के लिए नगरों-महानगरों में सुपारी लेने लगे हैं। जो जनता की सेवा का दम भरते थे, वे अब राजनीति के बगीचे में चले आए हैं, संसद की हवा उन्हे स्वास्थ्य के लिए बडी मुफीद लगने लगी है। हाल यह है कि सेना की कमान सम्भालते सम्भालते कोई सेनापति इतना ऊब जाता है कि वह जनता की कमान सम्भालने के लिए लालायित दिखाई देने लगता है।

अब भाई ! इस आने-जाने को कौन रोक सकता है भला। जहाँ जिसे अच्छा लगे, वहाँ वह पलायन करने को स्वतंत्र है। चाहें तो सरकारी नौकरी छोडकर कोई एनजीओ बना लो या एनजीओ चलाते-चलाते इसे आन्दोलन का रूप दे दो। मन करे तो आन्दोलन को राजनीतिक दल में परिवर्तित कर डालो। चुनाव जीतने पर यदि सत्ता का सिंहासन रास न आए तो दन्न से सडक पर धरने पर बैठ जाओ। ऐसे में कुछ और लोग भी आपके साथ जुडने को आतुर हो सकते हैं। आप उन्हे रोकें नही। उन्हे रोका नही जा सकता। शिव जी की बारात में सम्मिलित होने से किसे रोका जा सकता है।

खैर, जो आते हैं वे चले भी जाते हैं। जमे जमाए घरों से लोग निकल लेते हैं। टीवी स्टूडियो की बहसों में कभी लगता ही नही था कि सबसे पुराने घराने का प्रतिष्ठित प्रवक्ता अचानक घर-परिवार छोडकर किसी और परिवार की गोद में जाकर बैठ जाएगा। कभी रुबाबदार प्रशासनिक अधिकारी रहा और सत्ताधारी दल की बैसाखियों के सहारे राजनीति में राजनीति में आनेवाला व्यक्ति भी सत्ता सुन्दरी के आकर्षण में अचानक अपने पितृ दल की उम्मीदवारी को तिलांजली देकर विरोधी दल में छलांग लगा देता है।

इस आने-जाने में कभी-कभी बडी होड दिखाई देती है। रोज पल पल किसी न किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के पार्टी ज्वाइन करने की खबरें सुर्खियाँ बटोरने लगतीं हैं. जैसे इन दिनों हो रहा है. कई बार आने-जाने वालों के सामने बडे भ्रम की स्थिति निर्मित हो जाती है। ह्यमैं इधर जाऊँ या उधर जाऊँ' वाली स्थिति । चुनाओं की घोषणाओं के साथ ही राजनैतिक पार्टियों का सूचकांक रोज बदलता रहता है। नेता ही क्या स्वयं पार्टियाँ तक समझ नही पाती कि वे किस के साथ जाएं? किसके साथ गठबन्धन करें। आज जिस नेता या दल की तूती बजती है अगले ही दिन किसी समन के पहुंच जाने की खबर सामने आ जाती है। संभावनाओं के आकाश में शंकाओं के बादल घिरे रहते हैं। कोई जानता ही नही कि चुनावी ऊँट किस करवट बैठेगा। ऐसे आयाराम गयारामों को निर्णय लेने में भारी कठिनाई का सामना करना पड जाता है। सत्ता सुन्दरी के खयालों में खोए इन सभी के अंतर्मन में एक ही धुन गूंजती रहती है- ह्यएक राह तो वो होगी, तुम तक जो पहुंचती हो।' लेकिन दिक्कत यह होती है कि इस राह पर अक्सर कोहरा छाया रहता है, जब भी कोई कृत्रिम प्रकाश पुंज दिखाई देने लगता है ये उस ओर ही दौडने लगते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# तिहरे हत्याकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**कार्रवाई**

## आलाकत्ल सहित अन्य सामान बरामद


पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त


अभियुक्त के पास से बरामद आलाकत्ल

**कप्तानगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने माता-पिता व बहन की निर्मम हत्या करने वाले अभियुक्त को गांव के इन्नीताल के पास से जैसे ही उसे पकड़ने का प्रयास किया अभियुक्त पुलिस पर फायर झोंक दिया पुलिस की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी जिससे वह घायल होकर गिर गया पुलिस ने गिरफ्तार को अस्पातल में भर्ती कराया।

16 अप्रैल को वादी भूपति सिंह पुत्र हरिनरायन सिंह निवासी ग्राम धन्धारी थाना कप्तानगंज द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि 15 अप्रैल की रात्रि में आरोपी राजन सिंह पुत्र भानुप्रताप सिंह निवासी ग्राम धन्धारी थाना कप्तानगंज द्वारा उमेश सिंह पुत्र रामरूप सिंह का गेंहू चुराया गया था। जिसकी शिकायत पर आरोपी के पिता भानुप्रताप सिंह द्वारा अपने पुत्र आरोपी राजन सिंह को डांट-फटकार लगाया गया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर आरोपी राजन सिंह उपरोक्त द्वारा 16 अप्रैल की रात्रि अपने पिता भानु प्रताप सिंह पुत्र स्व. हरिनरायन सिंह, माँ सुनीता देवी व छोटी बहन को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह मय हमराह के साथ उपरोक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की तलाश में क्षेत्र देऊरपुर में मौजूद थे कि मुखबिर द्वारा बताया गया कि जिस अभियुक्त द्वारा अपने मां-बाप व बहन की हत्या को अंजाम दिया गया है वह आज अंधेरा होने के बाद कुछ लोगो को दिखा है जो कि पुनः वारदात करने के फिराक में गांव व तालाब के बीच में कही है जो लोग देखे है वह डर के वजह से बता नही रहे है तालाब के पास अगर तलाश किया जाये तो मिल सकता है। मुखबिर की सूचना पर थानाप्रभारी कप्तानगंज व पुलिस टीम जैसे ही इन्नीताल तालाब के पास की पुलिया बन्दे वीर बाबा मंदिर के पहले और तालाब वाले रास्ते पर पुलिया के बाये साईड में एक आदमी तेजी से अन्दर की तरफ गया और झाड़ियो और गढ्ढे मे छिपने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस ने आत्मसमर्पण करने को कहा। अभियुक्त ने पुलिस टीम को जान से मारने की धमकी दी। जिसपर प्रभारी कप्तानगंज द्वारा टार्च जलाया गया तो अभियुक्त द्वारा एक फायर टार्च की रोशनी की तरफ लक्ष्य बनाकर पुलिस बल के उपर फायर किया। अभियुक्त पुनः अपने आपको छिपाकर फिर असलहा भरने लगा। पुलिस टीम द्वारा घेरा बन्दी करके गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त द्वारा पुनः लक्ष्य बनाकर पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में फायरिंग की गई जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में लगी गोली जिससे वह घायल होकर गिर गया। अभियुक्त के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर, 2 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार घायल अभियुक्त को उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया।

### माता-पिता की डांट से क्षुब्ध होकर अभियुक्त ने दिया घटना को अंजाम

**आजमगढ़।** गिरफ्तार अभियुक्त राजन सिंह ने पूछताछ में पुलिस टीम को बताया कि 15 अप्रैल को मैने अपने गांव के उमेश सिंह पुत्र राम रूप सिंह का दो बोरी गेहूं चोरी किया था जिसके वजह शाम के समय मेरे पिता-माता व बहन मिलकर रात में मुझे डांटा फटकारा व मारा था। उससे क्षुब्ध होकर मै रात्रि में करीब ढाई से तीन के बीच उठा और जाकर भूसा वाले घर से दो कुल्हाडी लेकर आया। पिताजी के सिर पे कुल्हाडी से कई वार किया तब तक मेरी मां जग गयी और मुझे कुल्हाडी सहित पकड़ने का प्रयास किया कुल्हाडी मेरे हाथ से छीन कर फेक दिया तब मै दूसरी कुल्हाडी से मां सुनीता को एक कुल्हाडी मारा और वह घर से बाहर की तरफ भागी जिसको दौड़ाकर कई कुल्हाडी मारा। तभी मेरी छोटी बहन जग गयी और चिल्लाकर रोड की तरफ भागने लगी कि मै घेर कर खेत में कुल्हाडी से गर्दन कई वार किया जिससे उसकी मौत हो गयी।

### अभियुक्त ने साक्ष्य मिटाने का किया प्रयास

**आजमगढ़।** अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि साक्ष्य को मिटाने हेतु बैग में रखे खून से लगे कपड़े, चप्पल को जलाने के लिये और छोटी बहन रानी को भी मारने के चक्कर में आजमगढ़ गया था वहा से मालूम हुआ कि सब घर गये है। तत्पश्चात मै अपने गांव उनको खोजते हुये आया। अभियुक्त के पास मौजूद बैग से कुल्हाडी व घटना के दिन पहने हुए टी-शर्ट, एक लोवर, एक जोडी चप्पल रक्त लगा, 2 मोबाइल व 3 सिम, 2700 रुपए नगद, एक माचिस व प्लास्टिक के बोतल में पेट्रोल भी बरामद हुआ।

### आवाज की डर से नहीं किया तमंचे से वार

**आजमगढ़।** अवैध शस्त्र के सम्बन्ध में पूछने पर अभियुक्त ने पुलिस टीम को बताया कि मैने इसीलिये कट्टे से नही मारा कि यदि कट्टे से मारता तो आवाज की वजह से आस पास के लोग जग जाते और मै पकड़ा जाता। उसके बाद मै जाकर हाथ पैर धोया और कपड़ा दूसरा पहन कर खून से लगे कपड़े व कुल्हाडी चप्पल को पालिथिन में भर कर बैग में रख लिया। पिता की मोबाइल व जेब में रखा 6500 रूपया निकाल लिया तथा कट्टा व कारतूस लेकर वहां से निकल कर गन्ने के खेत में आ गया। बैग लेकर बाहर जाना ठीक न समझते हुये बैग उसी गन्ने के खेत में छिपा दिया। और वहां से निकल गया।

## अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से युवक की मौत

**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रायपुर काजिमली गांव निवासी एक युवक की अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। रायपुर काजिमली निवासी पंचम का 31 वर्षीय पुत्र मुकेश राम बुधवार की देर रात्रि मेहनगर बाजार सामान लेने गया था। खुटवा चक खुटवा गांव के समीप अज्ञात ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया जिससे घायल हो गया। पास पड़ोस के लोगों ने घायल की सूचना पर ग्राम प्रधान राहुल यादव व स्वजनघायल को सीएचसी अस्पताल मेहनगर ले गए जहां हालत गंभीर देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर अस्पताल जाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी।

मृतक के एक पुत्र एक पुत्री हैं। इसकी लिखित तहरीर मृतक के पिता पंचम राम ने थानाध्यक्ष मेहनगर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# अलविदा जुमा की नमाज सकुशल संपन्न

**अतीक मामले को लेकर पुलिस रही सतर्क**


अलविदा जुमा की नमाज अता करते मुस्लिम बंधु

**आजमगढ़।** रमजान के आखिरी अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गयी। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन जिले भर में अलर्ट मोड पर रहा। सकुशल नमाज सम्पन्न होने पर राहत की सांस ली। शुक्रवार को सुबह से ही अलविदा की नमाज अदा करने की तैयारी होने लगी थी। अलविदा के दिन को छोटी ईद भी कहा जाता है जिसके लिए सुबह से ही बूढ़े बच्चे जवान सभी नहाने धोने में व्यस्त रहे। 12 बजे दिन से ही नहा धोकर नए नए कपड़े पहन और इत्र लगाकर मस्जिदों के लिए निकल पड़े। शहर के पुरानी कोतवाली स्थित जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज शान्तिपूर्ण ढंग से अता की गयी। अलविदा जुमा की नमाज के लिए शहर के लगभग सभी मस्जिदों के पास भारी संख्या में फोर्स तैनात की गयी थी। इसके साथ ही गुलामी का पूरा शंकर जी त्रिमुहानी मेन चैक तकिया पर भी फोर्स की सुरक्षा में अलविदा जुमा की नमाज अता की गयी। **अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार** स्थानीय नगर पंचायत की मरकजी ईदगाह जामा मस्जिद में रमजान के आखिरी व अलविदा जुमे की नमाज बड़े ही शांतिपूर्ण ढ़ंग से अदा की गई। इस दौरान अतीक मामले को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट रहा। रमजान में जुमे की आखिरी नमाज में नगर पंचायत व क्षेत्र के लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा की। जामा मस्जिद अतरौलिया के इमाम मौलाना अब्दुल बारी नईमी ने बताया कि रमजान मुबारक का सबसे आखिरी जुमा जो होता है। उसे अलविदा जुमा के नाम से जाना जाता है। अमन और शांति के साथ रमजान के आखिरी जुमे को पढ़ा गया। मस्जिदों के आसपास पुलिस प्रशासन का काफी इंतजाम रहा। लोगों ने आखिरी जुमे की नमाज पढ़कर अल्लाह के सामने मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआएं मांगी। **लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार** स्थानीय क्षेत्र में जुमा की नमाज सकुशल संपन्न हो गई। इस मौके पर मस्जिदों में सदका-ए-फित्र की जानकारी देते हुए इमामों ने ईद की नमाज से पहले इसे अदा करने के बाद ईदगाह पहुंचने का आह्वान किया। हदीस में कहा गया है कि यह गरीबों और निर्धनों का अधिकार है। इसलिए ईद की नमाज अदा करने से पहले सदका ए फित्र अदा करने के पश्चात ही ईदगाह जाएं। बैरीडीह में तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पंकज शाही, कोतवाल गजानंद चैबे चक्रमण करते देखे गए। इसी तरह देवगांव जामा मस्जिद, मस्जिद उमर बिन खत्ताब, मस्जिद नूर, बसही इकबालपुर जामा मस्जिद, सलहरा, बनारपुर, कटौली आदि गांव में अलविदा जुमा की नमाज सकुशल संपन्न हो गई।

**मुबारकपुर प्रतिनिधि के अनुसार** अलविदा कि नमाज अदा करने के लिए कस्बे के अलावा ग्रामीण अंचलों अमिलो, चकिया, नेवादा, सरैयाँ, कुकुरसंडा, इस्लामपूरा, इब्राहीमपुर, देवली, गजहड़ा, हुसैनबाद, सिकठी धकवा आदि दर्जनों ग्रामीण अंचलों से भी कस्बे की जामा मस्जिदों में पहुंचकर अलविदा की नमाज अदा किये। क्षेत्र की सभी छोटी बड़ी जामा मस्जिदों जामा मस्जिद सय्यद राजा मुबारकशाह, जामा मस्जिद बेवरिया पूरासोफी, जामा मस्जिद अजीजूल मसाजिद, जामा मस्जिद कटरा, जामा मस्जिद इस्लामपूरा, शिया जामा मस्जिद शाहमुहम्मदपुर, जामा मस्जिद मुबारक बाबा पूरारानी, जामा मस्जिद हाँस बाबा पूरारानी, नगरपालिका स्थित जामा मस्जिद सहित दो दर्जन से अधिक जामा मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गयी। अलविदा की नमाज से पूर्व ईद की नमाज दुगाना के लिए निर्धारित समय का एलान किया गया। सभी जामा मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रही। थाना निरीक्षक राजेश कुमार सभी मस्जिदों के आसपास लगातार चक्रमण करते रहे।

**माहुल प्रतिनिधि के अनुसार** स्थानीय कस्बे में मेन चैक स्थित पुरानी मस्जिद, पठान मोहल्ले में नूरानी मस्जिद सहित कुल सात मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। नूरानी मस्जिद में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली, पूर्व प्रधान लियाकत अली ने पूरे परिवार के साथ नमाज अदा किया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह, चैकी प्रभारी माहुल लालबहादुर बिन्द क्षेत्रीय लेखपाल शैलेश यादव पुलिस और पीएसी बल के साथ पूरे कस्बे में चक्रमण करते रहे। मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती भी रही। इसी तरह क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली, मखदुमपुर, निजामपुर, मोलनापुर, कोरार्घाटमपुर, गौसपुर आदि गावों के लोगो ने अलविदा जुमा की नमाज अदा किया।

### ईद के मद्देनजर अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल द्वारा अलविदा जुमा व ईद के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाये जाने के दृष्टिगत शहर क्षेत्र के कोतवाली, बड़ादेव, पहाड़पुर, तकिया, गुलामी का पूरा, दलाल घाट आदि जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया और लोगों को सुरक्षा का संदेश भी दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नगर निकाय चुनाव के साथ ही ईद का पर्व है, इसको लेकर भौगोलिक स्थिति का भी जायजा लिया गया है। इसके साथ ही साफ-सफाई, अतिक्रमण, बिजली, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। उन्होने कहा कि ज्यादातर समस्याओं का हल निकाल लिया गया है। अन्य समस्याएं जो बाकी रह गई हैं, उनको भी आज शाम तक सुलझा लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। जनपद में करीब साढ़े तीन हजार पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा एक कंपनी आरएएफ व तीन कंपनी पीएसी को भी लगाया गया है। साथ ही डायल 112 की ड्यूटी भी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील इलाकों पर लगातार लगाई गई है। उन्होंने कहा कि एलआईयू और इंटेलीजेंस यूनिट लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। अलविदा जुमे की नमाज और ईद की नमाज को लेकर फुटमार्च किया गया है। इससे पूर्व शांति समिति की बैठकों के साथ ही सभी धर्म गुरुओं के साथ भी बैठक कर बातें की गई हैं।

## पीड़ित ने लगायी एसपी से न्याय की गुहार

संजरपुर (आजमगढ़)। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रीवा बभनगावा गांव निवासी संतराज यादव पुत्र समारू यादव की घरोंही की आबादी जमीन है जिस पर एक पक्ष द्वारा कब्जा किया जा रहा था। संतराज यादव ने दीवानी न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया। कई वर्षों से मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय में मामला होते हुए भी गंभीरपुर चैकी पुलिस विपक्षियों के हक में विवादित जमीन पर पिलर लगवाकर घेराबंदी करवा दिया गया। पीड़ित संतराज यादव ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मैं मजदूरी करने गांव में चला गया था। थाने की पुलिस पहुंचकर मेरी विवादित जमीन को एक पक्ष के साथ मिल कर हमारे विवादित जमीन पर पिलर लगवा कर कब्जा करा दिए। मेरी पत्नी मना करने गई तो चैकी इंचार्ज ने भगा दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने संतराज को आश्वासन देते हुए कहा कि इसकी जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# एसपी ने ली परेड की सलामी


पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने दौड़ लगाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया।

एसपी श्री आर्य ने पुलिस लाईन परिसर में हो रहे नवीनीकरण कार्यो, आवासों व कार्यालयों की मरम्मत व पेंटिंग का गहनता से निरीक्षण किया। पुलिस लाईन के विभिन्न शाखाओं व आवासीय परिसरों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई हेतु दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने भोजनालय में बने भोजन को ग्रहण कर गुणवत्ता को परखा तथा भोजनालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसर, पुलिस क्लब, पुलिस कर्मियों के बैरेक, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सालय, डॉग स्क्वाड के रहने की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई आदि के संबंध में क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक को दिशा निर्देश दिया।

# आवास का निर्माण नहीं होने दे रहे विपक्षी


प्रदर्शन करते विशुनपुरा गांव के ग्रामीण

**बूढनपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकास खंड अहरौला के बिशुनपुरा गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व तहसील प्रशासन के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। गांव निवासी राजेंद्र पुत्र भुल्लर का आरोप है कि मेरी पुश्तैनी जमीन पर मेरे विपक्षी द्वारा तहसील प्रशासन और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से सरकारी आवास का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जा रहा है बल्कि तहसील प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर मेरे आवास की दरवार को गिरने की धमकी दी जा रही है। उस पर रास्ता निर्माण कराना चाहता है जिसकी कई बार हल्का लेखपाल द्वारा पैमाइश की गई। लेखपाल की रिपोर्ट हमारे पक्ष में लगी है लेकिन अधिकारी लेखपाल की रिपोर्ट को झूठा ठहरा रहे हैं। लेखपाल द्वारा स्पष्ट रिपोर्ट लगाया गया है कि इस जमीन में कहीं कोई चक मार्ग नहीं है। लेकिन विपक्षी उपजिलाधिकारी से मिलकर हमारा सरकारी आवास का निर्माण कार्य रुकवा रहा है। हमें अपना आवास बनाने नहीं दिया जा रहा है। तहसील के अधिकारी और ग्राम प्रधान द्वारा मुझे बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा उपजिलाधिकारी से लेकर जिलाधिकारी तक की गई लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। विपक्षी को दूसरी तरफ से आने जाने के लिए रास्ता है फिर भी जबरदस्ती वह मेरी जमीन में रास्ता लेना चाहता है। अगर हमारी सुनवाई नहीं की गई तो हम ग्रामीण तहसील पर विशाल धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है अगर जमीन में चक मार्ग नहीं है तो जबरदस्ती उस पर चक मार्ग निर्माण नहीं किया जा सकता। जांच कर विपक्षी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नीरज कुमार, दिवाकर कुमार, प्रभाकर, पिंटू, सचिन, रीता देवी, पूनम, सोनम देवी, मिथिलेश, गीता आदि उपस्थित रहीं।

## संक्षेप

### एमएलसी पुत्र को सिपाहियों ने पीटा

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के मक्खापुर गांव निवासी नव नियुक्त विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर के पुत्र शगुन राजभर को माहुल चैकी के दो सिपाहियों ने पीट दिया। जिससे पुलिस के प्रति भाजपाईयों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को पीड़ित ने मुकामी थाने में तहरीर देकर दोनो सिपाहियों पर कार्यवाही की मांग की। पुलिस को दिए गए तहरीर में एमएलसी रामसूरत राजभर के पुत्र शगुन राजभर ने कहा कि गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे वह अपने घर मकखापुर से अपनी बाइक से माहुल बाजार आ रहा था। बाजार में जाम लगा था। अकारण ही माहुल चैकी पर तैनात सिपाही ऋषिकेश यादव और अक्षय कन्नौजिया ने उसके वाहन को रोक दिया और बुरी तरह मारने पीटने लगे जिससे उसके कान से खून निकल आया और शरीर पर बहुत सी चोटें आई। शगुन राजभर ने तहरीर में इन दोनो सिपाहियो के कृत्य की जांच कराकर विधि सम्मत कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जांच में अगर सिपाही दोषी पाए जाते हैं तो कठोर कार्यवाही होगी।

### गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेहनगर पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सैदपुर पन्दहा में गांजा बिक्री की जा रही है। पुलिस ने उक्त स्थान से अभियुक्ता पूनम पत्नी दिलिप निवासी सैदपुर पन्दहा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 1.650 ग्राम गांजा व 14 पुड़िया अवैध गांजा आदि बरामद हुआ।

सराहनीय कार्य के लिए पुलिस कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा डायल 112 (पीआरवी-1060) के कर्मचारियों को सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। बुधवार को पीआरवी-1060 थाना फूलपुर पर नियुक्त कर्मचारियों द्वारा ग्राम खुरासो, थाना फूलपुर से अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर वापस आते समय ग्राम खुरासो के पास झाड़ियों में लगी भीषण आग को गांव की बस्ती की तरफ बढते देखकर तत्काल नियंत्रण कक्ष को अवगत कराया गया और पीआरवी कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से आग को बुझाना प्रारम्भ कर दिया गया। लगभग 2 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्णतया नियंत्रण कर लिया गया। इस कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने मुख्य आरक्षी तेज बहादुर यादव, महिला आरक्षी वन्दना यादव, महिला आरक्षी कोमल सरोज, व होमगार्ड कालिका प्रसाद, पीआरवी 1060 थाना फूलपुर आजमगढ़ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### अमृत सरोवर पर पौधरोपण कर करें सुंदरीकरण

**संजरपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड मिजार्पुर अंतर्गत अमृत सरोवर की हकीकत जानने के लिए वीडियो मिजार्पुर राजन राय ने शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण पर निकले। उन्होंने नियाऊज गांव के अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। खुटौली गांव व रसूलपुर बरवा गांव में अमृत सरोवर का निरीक्षण कर गांव के संभ्रांत लोगों से संपर्क किया। ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग ग्रामीणों के साथ मिलकर अमृत सरोवर को सुंदर बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति कम से कम 10 पेड़ लगाए। उस पेड़ का स्वयं देखभाल करें एक पेड़ एक पुत्र के समान होता है। बिना देखभाल के उसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अमृतसर सरोवर पर लाइट की व्यवस्था बनाई जाए लोगों के लिए सुंदर तरीके से बैठने की व्यवस्था बनाई जाए जिससे कि बच्चे व ग्रामीण अमृत सरोवर पर बैठकर अपना सेल्फी ले सकें। उन्होंने कहा कि हर अमृत सरोवर पर एक सेल्फी प्वाइंट बनाई जाए। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार यादव, विनीत कुमार सिंह, मानस राय, संतोष कुमार यादव, संजय यादव, परविंद मौर्या, प्रमोद कुमार, रेनू भारती, कृष्ण मुरारी यादव, बृजेश चैरसिया आदि मौजूद रहे।

### कोठिया गांव में चिकन पॉक्स का प्रकोप, कई पीड़ित

**संजरपुर (आजमगढ़)।** मिजार्पुर ब्लाक अंतर्गत कोठिया गांव में इस समय चिकन पॉक्स (बड़ी चेचक) का प्रकोप जोरों पर चल रहा है। कई लोग चिकन पॉक्स के बीमारी से पीड़ित हैं। चिकन पाक्स से लोगों के शरीर में बड़े-बड़े फोड़े के शक्ल में शरीर में निकल जाते हैं जिससे तेज बुखार सर में तेज दर्द होना शरीर में खुजली होना होने लगता है जिससे मरीज एक सप्ताह तक बहुत गंभीर तरीके से पीड़ित रहता है। एक सप्ताह के बाद ही इस मरीज को कुछ राहत महसूस होती है। इस संबंध में मिजार्पुर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार चैधरी ने बताया कि इसकी दवा ब्लॉक पर उपलब्ध है। 5 दिन दवा खिलाने पर मरीज को आराम मिल जाता है। इस बीमारी में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# सविता राय बनीं जमसर गांव की ग्राम प्रधान


रिकाउंटिंग के बाद विजयी प्रत्याशी सविता राय

**आजमगढ़।** ग्राम पंचायत का चुनाव बीते 2 वर्ष से अधिक हो चुका है। ऐसे में कानूनी दांवपेच के बाद शुक्रवार को कोर्ट के आदेश पर सगड़ी तहसील के जमसर गांव के ग्राम प्रधान चुनाव में रिकाउंटिंग कलेक्ट्रेट भवन आजमगढ़ में किया गया, जहां पर उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में रिकाउंटिंग की गई। इस दौरान मौजूदा ग्राम प्रधान रंजना राज को हराकर दूसरे स्थान पर रही सविता राय पत्नी रामाश्रय राय ने जीत हासिल की। सविता राय को 583 मत मिले जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंदी रंजना राज को 582 मत मिले। सविता राय की इस जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान समर्थकों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। लगभग 2 साल से ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी संभाल चुकी जमसर गांव की ग्राम प्रधान रंजना राज को हार का सामना करते हुए निराशा हाथ लगी। हालांकि अभी प्रमाण पत्र का वितरण निर्धारित तिथि पर किया जाएगा।

पंचायत चुनाव के बाद हुए रिकाउंटिंग के बाद एक वोट से चुनाव हार चुकी सविता राय ने एसडीएम सगड़ी के यहां वाद दाखिल किया था कि पुनः रिकाउंटिंग कराई जाय। जहां पर समय बीतने लगा तो उच्च न्यायालय में वाद दाखिल किया कि जल्द इसका निस्तारण किया जाए। जहां पर उच्च न्यायालय ने निर्धारित समय में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। एसडीएम कोर्ट में पक्ष विपक्ष को सुनने के बाद 19 मार्च में यह आदेश हुआ कि इस मामले की रिकाउंटिंग 21 अप्रैल 2023 को कराई जाए। जिसके निर्देश के क्रम में शुक्रवार को रिकाउंटिंग की गई जिसमें दूसरे स्थान पर रही सविता राय ने जीत हासिल की। इस कानूनी दांवपेच की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर हो रही है।

# आठ लोगों ने किया अध्यक्ष पद पर नामांकन


नामांकन करने जाते सरफराज आलम


नामांकन पत्र जमा करते हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव


नामांकन कर बाहर आते रामविलास साहू


नामांकन के लिए सदस्यों की लगी भीड़

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** नगर पालिका आजमगढ़ चुनाव के लिए शुक्रवार को आठ लोगों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। आजमगढ नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 5 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा सदस्य पद के लिए 11 नामांकन पत्र खरिदे गये। शुक्रवार को अध्यक्ष पद के 8 लोगों ने नामांकन किया गया। जिनमें भारत रक्षा दल से हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, सपा से सरफराज अहमद मंसूर तथा रामविलास साहू सहित आठ लोगों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान समर्थकों की भीड़ देखने को मिली। वहीं मुबाकरपुर नगर पालिका के लिए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म की विक्री नहीं हुई तथा सदस्य पद के लिए 9 नामांकन पत्र खरीदे गये। अध्यक्ष पर के लिए नामांकन भी नहीं हुआ तथा सदस्य पद के लिए 44 लोगों ने नामांकन किया।

बिलरियागंज नगर पालिका अध्यक्ष के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं हुई तथा सदस्य पद के लिए 18 नामांकन पत्र खरीदे गये। अध्यक्ष पद पर नामांकन नहीं हुआ तथा सदस्य पद पर 41 लोगों ने नामांकन किया।

### सपा समर्थित प्रत्याशी ने किया नामांकन



**महराजगंज (आजमगढ़)।** नगर निकाय चुनाव में जहां प्रत्याशियों में अपनी अपनी ताकत दिखाने का होड़ लगा हुआ है वहीं कुछ प्रत्याशी अपनी सादगी और व्यवहार के चलते लोगों के दिलों में जगह बना ले जाते हैं। ऐसा ही कुछ नगर पंचायत महराजगंज में अध्यक्ष पद के लिए सपा प्रत्याशी नूरजहां पत्नी इरशाद अहमद के नामांकन में देखने को मिला। नगर पंचायत महराजगंज के अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी ने अपने सिम्बल से लगातार दो बार से अध्यक्ष रह चुके निवर्तमान अध्यक्ष के टिकट काट कर समाजसेवी नूरजहां पत्नी इरशाद अहमद को अबकी बार टिकट दिया है और पार्टी ने उनका नामांकन भी आज कराया। परन्तु जो बात आज नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है वह है समाजसेवी की सादगी और व्यवहार। नामांकन पर जाते समय नूरजहां और उनके पति इरशाद अहमद ने साधारण रूप से चंद पदाधिकारियों और कार्यकताओं को साथ ले नगरवासियों से मिलते हुए उनका अभिवादन कर उनसे जीत के लिए समर्थन मांगा और शुभकामनाएं तथा आशीर्वाद लेते नजर आये। फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार को फूलपुर में अध्यक्ष पद पर सुफियान ने नामांकन किया तो पांच वार्ड से वाशिम एक से बिनोद ने पर्चा दाखिल किया। सदस्य का तीन नामांकन पत्र बिक्रय हुआ वहीं माहुल नगर पंचायत से अध्यक्ष पद का एक नामांकन पत्र बिक्रय हुआ। दो नामांकन अध्यक्ष पद का हुआ जिसमें नाज फातिमा व लियाकत ने अध्यक्ष के लिए नामांकन किया। सदस्य का दो नामांकन पत्र बिका और 18 नामांकन हुआ। बूढ़नपुर प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील में दो नगर पंचायतों के लिए शुक्रवार को अतरौलिया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा। अतरौलिया में सभासद के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन फॉर्म खरीदा वहीं बूढ़नपुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के 4 प्रत्याशियों ने नामांकन फॉर्म खरीदा और सभासद पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन फॉर्म खरीदा अतरौलिया से एक भी प्रत्याशी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन नहीं किया। सभासद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। बूढ़नपुर से 4 प्रत्याशियों ने नामांकन किया सभासद के लिए 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

# पेड़ की डाल गिरने से युवती की दबकर मौत

**दुखद**

## गुरुवार की देर रात दो बजे के करीब आई आंधी

## आम बीनने के दौरान गड़बड़ा राजा गांव में हुआ हादसा

जनसंदेश न्यूज


घटना की जानकारी के बाद पहुंचे परिजन व ग्रामीण

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा ग्राम पंचायत के सेमरा कलां गांव निवासी रामलली चौरसिया की 21 वर्षीया बेटी की गुरुवार देर रात आई आंधी के दौरान हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव में आम बीनने के दौरान आम की डाल अचानक गिरने से दबकर मौके पर मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सेमरा कलां गांव निवासी रामलली चौरसिया अपने पैतृक आवास पथरही बरेज गांव में परिवार सहित रहते थे गुरुवार की देर रात दो बजे के करीब आई आंधी के दौरान उनकी पुत्री सुनीता आम बीनने के लिए घर के सामने खलिहान में सीमावर्ती हलिया थाना क्षेत्र के गांव गड़बड़ा राजा में स्थित आम के पेड़ के नीचे आम बीनने के लिए गई थी। उसी दौरान आम की डाल युवती के ऊपर टूटकर गिर पड़ी जिसके नीचे दबने से युवती की दर्दनाक मौत हो गई। आंधी को देखते हुए मां शांति देवी बेटी को आम बीनने से मना करने के लिए आम के पेड़ के पास पहुंची तो देखा तो आम की विशाल डाल जमीन पर टूटकर गिरी पड़ी थी और बेटी डाल के नीचे दबी हुई थी। बेटी को आम की डाल के नीचे दबी देखकर मां बदहवास होकर रोने बिलखने लगी। तब तक परिजन भी मौके पर पहुंच गए और आम की डाल को ग्रामीणों के सहयोग से अगल बगल कर युवती को बाहर निकाला लेकिन तबतक युवती की मौत हो चुकी थी। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## ब्लड कैंसर से पीड़ित बालक की मौत परिजनों में कोहराम

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के पथरही बरेज गांव में शुक्रवार सुबह ब्लड कैंसर की बीमारी से पीड़ित बालक की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पथरही बरेज गांव निवासी कृपा शंकर चौरसिया का आठ वर्षीय पुत्र इयूष चौरसिया काफी समय से ब्लड कैंसर की बीमारी पीड़ित था। जिसका उपचार प्रयागराज जिले के कमला नेहरू चिकित्सालय में चल रहा था कि शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में बालक की घर पर ही मौत हो गई। मृत बालक दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था।

## बाइक के धक्के से घायल बालक की मौत

**पिता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज देवघाट मार्ग स्थित देवहट गांव में गुरुवार देर शाम बाइक सवार ने घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय बालक को धक्का मार दिया था गंभीर रूप से घायल बालक को उपचार हेतु ड्रमंडगंज स्थित निजी क्लीनिक पर ले गए ले गए जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह मृत बालक के पिता अशोक कुमार ने बाइक चालक सुरेश कोल निवासी देवहट के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दी गई तहरीर में मृत बालक के पिता ने आरोप लगाया कि गुरुवार शाम को पांच वर्षीय बेटा नंदकुमार सड़क किनारे खंडंजा पर खेल रहा था कि लापरवाही पूर्वक तेज गति से बाइक चलाते हुए बाइक चालक सुरेश कोल ने धक्का मार दिया जिससे बेटे को गंभीर चोटें आई और दवा इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रांसफार्मर को ट्रक ने मारी टक्कर बड़ा हादसा टला

**जमालपुर।** क्षेत्र के हसौली गांव स्थित चट्टी पर गुरुवार की शाम ट्रक बैक करते समय 25 केवीए लगें ट्रांसफार्मर को ट्रक की टक्कर लग जाने से नीचे नहर में गिर गया जिससे ट्रांसफार्मर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस संयोग इतना था कि बड़ा हादसा होने से टला है। वाहन चालक ने सड़क किनारे नहर के पास लगे ट्रांसफार्मर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज से हसौली चट्टी और आसपास के लोग घरों के बाहर निकल गए। जिस समय हादसा हुआ। उस दौरान विद्युत सप्लाई चालू था। बस गनीमत रही कि इस दौरान तारों के टकराने से शार्ट सर्किट नहीं हुआ और ट्रक में आग नहीं लगी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वही सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और पुलिस एवं विद्युत विभाग को सूचना दिया गया लेकिन हादसे के बाद अभी तक बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो पाया। गर्मी के कारण चट्टी के लोग परेशान हैं।

# अनुशासन व स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए करवाया गया ड्रिल

**पहल**

## लगवाई दौड़ व अधिकारी कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ व पुश-अप लगवायी गयी। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। साप्ताहिक परेड के दौरान पी0आर0वी0 112 को घटना स्थल को सुरक्षित करने हेतु डॉग स्क्वाड के साथ अभ्यास कराया गया। इस दौरान कोई भी घटना होने पर पी0आर0वी0 112 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल को किस प्रकार सुरक्षित करना है इस सम्बन्ध में जानकारी दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने परेड में आये पुलिस बल को दंगों से निपटनों हेतु दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। परेड में शामिल प्रशिक्षु उपनिरीक्षकगण से वार्ता कर कर्तव्य एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया गया तथा प्रशिक्षु उपनिरीक्षगण को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु पुशअप कराया गया। गणना कार्यालय में विभिन्न रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों को अद्यतन रखने लिए एवं पुलिस लाइन मेस, पुलिस लाइन कार्यालय, बैरक, महिला थाना, रेडियो शाखा, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गयें।

# गहराया पेयजल संकट, टैंकर से नहीं बुझ रही प्यास

**परेशानी**

## अंधाधुंध बिजली कटौती से नहीं हो पा रही है पेयजल आपूर्ति


टैंकर से पानी लेते ग्रामीण

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी में गुरदेव नगर पावर हाउस से मिलने वाली बिजली के अंधाधुंध कटौती से क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। क्षेत्र में पेयजल तभी मिलेगा जब बिजली रहेगी। दिन में तेज हवाओं के चलने के कारण या तेज धूप के कारण बिजली की कटौती अंधाधुंध की जा रही है जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। 5000 आबादी वाले ग्राम सभा में 2 टैंकरों से पानी की सप्लाई की जाती है। बिजली रहने पर ही पानी की सप्लाई टैंकर से की जाती है अन्यथा कम पानी की सप्लाई की जाती है। टैंकर के पानी से ग्रामीण तो गला तर कर लेते हैं लेकिन पशुओं को पीने की पानी की समस्या होती है। क्षेत्र के 80% डीप बोरिंग पानी देना छोड़ दिये है। क्षेत्र में बने अमृत सरोवर के सुखे पड़े हैं अन्य तालाब अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के भेंट चढ़ गए हैं जिससे क्षेत्र में जल संचयन नहीं हो पाता है यदि जल संचयन कराया जाय तो काफी हद तक क्षेत्र में पेयजल की समस्या से निजात मिलेगा। टैंकर से पानी सप्लाई के दौरान जांच में नोडल अधिकारी कपूरचंद मौके पर पहुंचे टैंकर चालक को आवश्यक निर्देश दिया कि क्षेत्र में पेयजल संकट चरम पर है ग्रामीणों को पेयजल सुनिश्चित कराया जाए, लापरवाही मिलने पर जांच करा कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिजली सप्लाई न मिलने पर प्रधान द्वारा जनरेटर चलाकर टैंकर में पानी भर कर आपूर्ति की जा रही है।

> ग्राम सभा में पानी की कोई समस्या नही है। ग्राम सभा के व्यवस्थानुसार आठ बोर संचालित हो रहे है। टैंकर से सुबह शाम मिलाकर आठ टैंकर पानी आवश्यक जगह पर भेजा जा रहा है। अगर बिजली कटौती न हो तो पेयजल आपूर्ति में कोई समस्या नही आएगी।
>
> रामा देवी ग्राम प्रधान

## पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को पति ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सदर हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी विमला देवी 40 ने बताया कि पति ने किसी बात को लेकर कर रहे विवाद को मना करने पर पति ने 11 बजे दिन मारपीट कर घायल कर दिया सिर में गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया है। महिला की सूचना पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# संक्षेप

## सर्राफा की दुकान में लगी आग

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित शिवदानी सेठ के आभूषण की दुकान में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। आग की लपटें उठती देखकर दुकानदार के शोरगुल मचाने पर आसपास के लोग आग बुझाने के लिए डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर दौड़ पड़े और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से पचास हजार नकद एव दो लाख रुपए का आभूषण जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ और थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने गैस सिलेंडर पर बालू एवं गद्दा फेंककर स्थानीय लोगों की मदद से गैस सिलेंडर को दुकान से बाहर निकलवाया। गनीमत रही दुकान में मौजूद गैस सिलेंडर की आग को बुझाकर बाहर निकाल लिया गया नही तो गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से बड़ा हादसा हो सकता था। दुकानदार शिव दानी सेठ ने बताया कि चांदी के आभूषण की जोड़ाई कर रहा था कि उसी दौरान उठी चिंगारी से दुकान में आग लग गई। आग की चपेट में आने से करीब पचास हजार नकद और दो लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण जल गए। आग से ढाई लाख रूपए की क्षति बताई जा रही है।

## महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा मीरजापुर पर 21 अप्रैल 2023 को थाना को0कटरा क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध स्वयं को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर ब्लैकमेल कर पैसे माँगने गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक को0 कटरा प्रेमशंकर तिवारी मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी तौकीर अहमद उर्फ तौकीर ऐराकी उर्फ अन्नु पुत्र स्व0 बजीर उर्फ जुम्मन निवासी भटवा की पोखरी थाना को0कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा ने दी है।

## रमजान की अंतिम नमाज पर मस्जिदों में जुटे लोग

**हलिया।** शांतिपूर्ण ढंग से जुमें की नमाज अता की गई। रमजान के महीने में जुमें की अलविदा नमाज पर क्षेत्र की मस्जिदों में शुक्रवार को अंतिम नमाज अता करने के लिए लोगों की दोपहर में भीड़ जमा हो गई। कस्बा स्थित गौसिया मस्जिद में शांतिपूर्ण ढंग से सैकड़ों लोगों ने नमाज अदा किया। अगल बगल गांव में हथेडा, भटवारी, सोठिया सोनगढ़ा, पंवारी खुर्द, बढ़वार, खम्हरिया आदि गांवों के लोग एक बजे एकत्रित हो गए और हजारों की तादाद में लोगों ने नमाज अदा किया। इसी तरह से क्षेत्र के गांव में सहित दर्जनों मस्जिदों में नमाज अता किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर थाना अध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह मय फोर्स चक्रमण करते रहे।

## बोलेरो ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर मवैया गांव के पास स्कूटी सवार 60 वर्षिय वृद्ध को बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो बाइक पर सवार तीन लोग विंध्याचल दर्शन करने के बाद वापस घर लौट रहे थे कि मवैया गांव के सामने शुक्रवार को पीछे से बोलेरो ने स्कूटी सवार राजमनि यादव 60 निवासी बसनेहता थाना फूलपुर प्रयागराज को धक्का मार दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी समर बहादुर सरोज ने एंबुलेंस की मदद से उसे मंडलीय अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक राजमनि यादव के साथ दूसरी बाइक पर राम अभिलाख पाल तथा अनुज कुमार निवासी सिथौली थाना उतराव, प्रयागराज स्कूटी सवार से दूसरी बाईक पर आगे चल रहे थे। पुलिस ने मृतक के जेब से मिली मोबाइल से कॉल कर साथी दोनों बाइक सवार को घटना की जानकारी दिया। घटना की जानकारी पाते ही दोनों साथी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा घटना की जानकारी उन्होंने मृतक के परिजनों को दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ईद व उपचुनाव के मद्देनजर एसएसबी के जवानों ने किया रूटमार्च

**हलिया।** ईद पर्व और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर शुक्रवार शाम को थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह के नेतृत्व में एक बटालियन एसएसबी के जवानों तथा पुलिसकर्मियों संग क्षेत्र में रूटमार्च किया। सशस्त्र सीमा बल के जवानों व पुलिसकर्मियों ने हलिया बाजार से रूटमार्च करते हुए हथेड़ा गुलाब तिराहे से हलिया थाना होकर हथेड़ा गांव से भटवारी गांव होते हुए बरी गांव पेट्रोल पंप तक रूटमार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास कराया। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि ईद व विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए एसएसबी के जवानों तथा पुलिसकर्मी संग रूटमार्च किया गया है।






# अकीदत के साथ अदा की गयी अलविदा जुमे की नमाज

**अलविदा की नमाज**

**सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े प्रबंध, चक्रमण करती रही पुलिस टीम**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरे अकीदत के साथ अदा की गयी। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह से देश व विश्व में अमन चैन बनाए रखने की दुआ की। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। रावर्ट्सगंज नगर के ईदगाहों में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा की नमाज अदा की गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व एसडीएम सदर द्वारा मय पीएसी बल अलविदा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नगर में फ्लैग मार्च किया गया तथा मस्जिदों पर ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-स्थानीय रजा जामा मस्जिद व मकतब जब्बारिया ईदगाह में अलविदा की नमाज अकीदतमंदों ने अदा किया। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह से देश व विश्व में अमन चैन बनाए रखने की दुआ की। रजा जामा मस्जिद में हाफिज अब्दुल रज्जाक व ईदगाह में मौलाना तौहीद ने नमाज पढ़ायी। इस मौके पर जामा मस्जिद सदर रहीम बख्श उर्फ कल्लन खां, सैयद फैजुल्लाह, सदर अंसारी, आसिफ खान, इब्राहीम खां राफे खां, फतेह मोहम्मद खां समेत तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं मकतब जब्बारिया ईदगाह में अयूब खां, शमीम अंसारी, आदिल खां, सलीम खां, रिजवान अहमद, सरफराज मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ दद्दन प्रसाद गोंड़, प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय व कस्बा इंचार्ज संजय सिंह मय फोर्स तैनात रहे। वहीं अलविदा के नमाज के उपरांत ईदगाह के बाहर किन्नरों ने किरण के नेतृत्व में गरीबों में साड़ी, रुपये के अलावा जरुरत के हिसाब से इमदाद बांटी।

चोपन संवाददाता के अनुसार-स्थानीय नगर के जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान माह के अलविदा जुम्मा पर नमाजियों से जामा मस्जिद खचाखच भरी रही। दोपहर बाद जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने मस्जिद में तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई। चिलचिलाती धूप से बचने के लिये जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद व पूरी कमेटी के मेम्बरों ने शामियाने लगाकर नमाजियों को राहत दिलाई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली, नाजिम खान, हाजी मुख्तार अहमद, ईदू भाई सर्राफ, मुन्ना, महफूज आरिफ, चिराग अली, रियाज अहमद, शमीम अंसारी, एम एम खान, सरफराज अंसारी, सलीम कुरैशी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत मय फोर्स चाक चौबंद रहे। बीजपुर संवाददाता के अनुसार-क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में स्थित मस्जिदों में रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जुमे की नमाज अकीदत के साथ रस्मों रिवाज के साथ मुस्लिम बंधुओं ने अदा की। बीजपुर के टोला शांतिनगर, एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर मस्जिद, जरहां के टोला राजो में बने मस्जिद एवं खम्हरिया के मस्जिद में नमाज अदा की गई। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से नमाज की अदायगी की गयी। मस्जिदों में सदर के नेतृत्व में नमाज पढ़कर मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह से अपने परिजनों एवं देश की सलामती के लिए दुआ मांगी।


दुद्धी ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग


रावर्ट्सगंज नगर में फ्लैग मार्च करती टीम

**डाला संवाददाता के अनुसार-** स्थानीय जामा मस्जिद में आखिरी जूमे पर अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाज अदा की पश्चात देश में अमन चैन के लिए दुआएं भी मांगी गई। नमाजे तरावीह हाजीफ नसीम सल्लमह्हू ने पढ़ाया जो शबे कदर की रात्रि सत्ताईसवीं रमजान को मुकम्मल हुआ, वहीं जामा मस्जिद के इमाम जुबेर आलम द्वारा सैकड़ों नमाजियों को अलविदा की नमाज कराई गई। सदर जहरुद्दीन ने बताया कि रमजान मे नेक दिल से रोजा रखने वाले पर अल्लाह मेहरबान रहता है साथ ही उनकी रोजे की हिफाजत भी वही करता है। इस मौके पर सूफी सगीर बाबा, रियाज कुरेशी, मोहम्मद इरफान, मकसूद, गुलाम मुस्तफा उर्फ गुड्डू, जुबेर आलम, गुलाम गौस, बरकत अली, रिजवान अली, सद्दाम, समीम, मेराज आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह मय फोर्स तैनात रहे।

## संक्षेप

### आगजनी से बचाव को किया गया जागरूक



**डाला।** आगजनी आपदा से बचने के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड वर्क्स सीमेंट कंपनी में गुरुवार की देर सायंकाल माक ड्रिल के माध्यम से आगजनी के दौरान सुरक्षा के उपाय व संयंत्र का आपातकालीन व्यवस्था की तैयारी का निरीक्षण किया गया। माक ड्रिल की निगरानी के लिए जिला प्रशासन से बतौर पर्वेक्षक ओबरा उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह व सीमेंट कम्पनी से यूनिट हेड राहुल सहगल रहे। एसडीएम ने बताया कि सीमेंट कम्पनी द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से श्रमिकों को अचानक आग से होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं और उससे बचाने के लिये तत्काल बचाव हेतु आपातकालीन ब्यवस्था का संचालन पूर्णतया चुस्त व दुरुस्त है। यूनिट हेड राहुल सहगल ने बताया कि कंपनी आसपास के लोगों की हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है, आगजनी के लिए आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए हमारी फायर संयंत्र हरदम रेडी गो मूवमेंट पर रहते हैं। इस दौरान टेक्निकल हेड प्रशांत त्रिपाठी, सेफ्टी हेड मनोरंजन महापात्रा, फायर अधिकारी चोपन करन सिंह यादव, डाला चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह, सुरेश शर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन सीमेंट कंपनी मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार व एडमिन हेड ऋषि राज सिंह ने किया।

### कच्चे घर में लगी आग, आठ बकरियों की जलकर मौत

**करमा।** सदर कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरसिया के कुसहि गांव में शुक्रवार को संदिग्ध हाल में कच्चे घर में आग लग जाने से आठ बकरियों की जलकर मौत हो गयी। बताया गया कि ग्राम पंचायत सिरसिया के राजस्व गांव कुसहि में बेचन पटेल ने अपने घर में 11 बकरियों व दो भैंसों को बांध रखा था। घर में संदिग्ध हाल मे आग लग गई, जिससे घर धूं-धूं कर जलने लगा। आनन-फानन में बकरियों व भैसों को निकालते समय आग की लपटें तेज हो गई, जिसमें 8 बकरियों की जल कर मौत हो गई, साथ ही दोनो भैस भी बुरी तरह झुलस गई। वहीं बचाने पहुंचे बेचन पटेल का पुत्र राम जनम भी झुलस गया। किसी प्रकार ग्रामीणों ने पास के समरसेबल के पानी से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बकरियां झुलस कर मर चुकी थीं। राम जनम का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककराही में किया जा रहा है। प्रधान राधेश्याम पटेल ने बताया कि आग कैसे लगी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस को दे दी गई है।

### जैन साध्वियों की पदयात्रा का हुआ स्वागत

**डाला।** एक दो तीन चार जैन मुनि की जय जयकार, जैन मुनि को देख लो, त्याग करना सीख लो, अहिंसा परमो धर्मः जैसे नारों के साथ कोरबा छत्तीसगढ़ से वाराणसी पद यात्रा करते हुए जा रही जैन साध्वियों का डाला नगर जैन धर्म के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को गुरमुरा में विश्राम के बाद शुक्रवार की सुबह उनकी अगुवाई में पहुंचे दर्जनों लोगों के साथ 12 किलोमीटर की पदयात्रा कर डाला नगर में पहुंची जैन साध्वी सम्यगदर्शना श्रीजी व सम्यक प्रभा श्रीजी का नगर वासियों ने गगनभेदी नारों से स्वागत किया बताया गया इसके बाद नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई ईश्वर चंद जैन के आवास पर उनका विश्राम दिवस रहेगा शनिवार की सुबह पुनः पदयात्रा करते हुए चोपन पहुंचेंगी। जैन साध्वियों ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि मांसाहार व मदिरापान का त्याग कर दें, ताकि घर में आपसी प्रेम बना रहे परिवार टूटने से बचा रहे घर को स्वर्ग बनाने के लिए चिंतन करना चाहिए। इस मौके पर खजान चंद जैन, संजय मित्तल, सुरेश जैन, मुकेश जैन, डब्लू जैन, विकास जैन, रमेश जैन, विद्या देवी मौजूद रहे।

### अवैध परिवहन में 82 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 19 व 20 अप्रैल तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमें 82 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के करण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 10 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस दौरान 13 वाहन स्वामियों द्वारा नोटिस की धनराशि मौके पर जमा करा लिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिये निर्देश

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से परेड की दौड़ लगवाई। इस क्रम में यूपी 112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के कैण्टिन एवं पुलिस बैरकों व आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पिपरखाड़ का संचालन जुलाई से

**सोनभद्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने बताया कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पिपरखाड़, कोन का संचालन माह जुलाई में किया जाना है। यह विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक सीबीएसई पैटर्न पर नवोदय की तर्ज पर संचालित किया जायेगा, जिसमें 50 प्रतिशत बालक तथा 50 प्रतिशत बालिकाएं संवसित होकर पठन-पाठन करेंगे। संवासित बालक/बालिकाओं को भोजन, नास्ता, स्टेशनरी, दैनिक सामग्री इत्यादि की व्यवस्था निःशुल्क करायी जायेगी। प्रत्येक कक्षा में 30-30 जनजाति के बालक/बालिकाओं का प्रवेश लिया जायेगा। दस प्रतिशत विमुक्त जाति समुदाय के बच्चों, नक्सलवाद/कोविड में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों, अनाथ बच्चों तथा विधवाओं, दिव्यांग माता-पिता के बच्चों को स्कूल में प्रवेश लिया जायेगा। छात्र-छात्राओं के प्रवेश आवेदन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से सहयोग लिया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे अभिभावक जो अपने बालक/बालिका का कक्षा 6, 7 एवं 8 में उक्त विद्यालय में प्रवेश कराना चाहते हैं, वे अपने ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी या सम्बन्धित विद्यालय से प्रवेश फार्म लेकर उसमें जाति प्रमाण-पत्र, टीसी मार्कशीट, आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र को संलग्न कर आवेदन भरकर अपने सम्बन्धित विद्यालय/खण्ड शिक्षा अधिकारी या जिला समाज कल्याण कमरा नं 47 में जमा कर सकते हैं।

# सोन नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक लापता

**तलाश में गोताखोर**

**युवक बाइक से आये थे कुंडवासिनी धाम दर्शन करने**

**सोन नदी में निर्माणाधीन पुल के समीप की है घटना**


घटनास्थल पर लगी भीड़

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** जुगैल थाना अंतर्गत कुड़ारी धाम में शुक्रवार को पाँच दोस्त दर्शन हेतु गए थे। दर्शन करने के बाद पाँचो दोस्त सोन नदी में नहाने लगे। इस दौरान युवक नदी में डूबने लगे, शोर-गुल सुन आस-पास मौजूद लोगों ने चार को बचा लिया, गोताखोर डूबे युवक की तलाश कर रहे हैं। हालांकि उसके मरने की आशंका जताई जा रही है।

पांच मित्र रिशु पाण्डेय 22 पुत्र संतोष देव पाण्डेय निवासी तरांवा रावट्सगंज, सूरज दूबे 21 पुत्र सुरेंद्र नाथ दूबे, संजय शुक्ला18 पुत्र मंगल प्रसाद, अमीत शुक्ला18 पुत्र सुरेश शुक्ला तथा शिवम सिंह19 पुत्र चौधरी सिंह निवासीगण कुशहरा थाना शाहगंज तीन बाइक से एकमत होकर सोननदी के तट पर विराजमान मां कुंडवासिनी देवी के दर्शन कर नदी में निमार्णाधीन पुल के पास पहुंच वे लोग कपड़ा निकाल कर नदी में स्नान करने लगे। बताया जाता है कि वहीं पर अपनी नाव लेकर मौजूद नाविक ने सभी को मना किया कि आगे पानी ज्यादा गहरा है अंदर मत जाइए। परंतु नहाते नहाते पांचों गहरे पानी में समा गये और देखते ही देखते सभी डूबने लगे। शोर सुनकर कुछ लोग दौड़े और डूब रहे युवकों को बचाने का प्रयास करने लगे जिसमें चार युवकों को तो किसी तरह बचा लिया गया, किन्तु रिशु गहरे पानी में डूब गया। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची जुगैल पुलिस गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल पाया था।

### अगलगी में तीन घरों की गृहस्थी राख

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रेणुकापार स्थित पनारी ग्राम सभा के टोला अदराकुदर में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण तीन घर पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद घर में रखा दैनिक जीवन का कोई सामान बचाया नहीं जा सका। पनारी ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने बताया कि मुनिया पत्नी स्व. आरा सिंह निवासी टोला अदरा कुदर के कच्चे घर में किसी कारण वश दोपहर एक बजे आग लग गई। आग की लपटें देख आस पास के ग्रामीण आग बुझाने का काफी प्रयास किए, लेकिन आग बढ़ती ही चली गई। देखते देखते आग ने अगल बगल के राम गोविंद पुत्र बसंत तथा कलावती पत्नी राम सूरज के घरों को भी चपेट में ले लिया। जिससे घर में रखा तीनों व्यक्तियों के दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित खाने पीने के अनाज व कुछ नगदी एवं महत्वपूर्ण कागजात तथा कलावती के घर में देवर की शादी के लिए रखा 50 हजार रुपया जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सहित पुलिस को दे दी गई है।

# बच्चों ने मनाया ईद का त्योहार, आपसी प्रेम व भाई चारे का दिया संदेश

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** नगर के चोपन रोड स्थित हेलो स्कूल आफ एक्सीलेंश के बच्चों द्वारा ईद सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि संरक्षक हाजी जलालुद्दीन खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने तमाम तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य नाहिद खान ने कहा कि ईद भाई चारे का त्योहार है।

ईद के माध्यम से बच्चों को सिखाया जा सकता है कि वह किस तरह से आपसी प्रेम और भाईचारे को बनाकर रख सकते हैं।इस मौके पर डाक्टर के रोल का मंचन भूमि भाटिया, अनाया इद्रीशी, पूर्वी गर्ग, प्रिसा शाहा, योगेश कुमार, अलीशा वसीम, आर्यन सिंह ने किया। ईद का त्योहार भाई चारे का त्योहार के गाने पर आयत, सौम्या शुक्ला, अराध्या शुक्ला, पीहू अग्रवाल, सना फातिमा, अस्चिता, अलफिजा आदि ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया।

इसी क्रम में बम-बम बोले गीत पर आश्वी सिंह, अनुराग शर्मा, रेहान रजा, प्रिशू, भूमिका अग्रहरि, सृष्टि, अवीसी वर्मा, सानवी शर्मा, आरो यादव, आरूषी सोनी आदि की प्रस्तुती ने वाहवाही लूटी।गलती से मिस्टेक गीत पर शहर मण्डल, गोल्डी अग्रहरि, शौम्या, दिब्यासी शुक्ला, अभिनव सिंह आदि ने लोगो को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की शिक्षिका आरती, नेहा गर्ग, एंजल, लूबना आदि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबन्धक शमशाद आलम ने किया।

# टोल कलेक्शन स्टे किए जाने को एनजीटी ने जारी किया नोटिस

**मांगा जवाब**

**सेंचुरी एरिया में लोढ़ी गांव के समीप टोल लगाए जाने का मामला**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के लोढ़ी स्थित टोल प्लाजा पर टोल कलेक्शन रोके जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आशीष चौबे की याचिका पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए आवेदन को स्वीकार करते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र समेत सात लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इसमें चीफ सेकेट्री उत्तर प्रदेश को भी कहा है की ऐसे मामलो में जवाब देही की जिम्मेदारी गंभीरता पूर्वक तय किया जाए। याचिका में कहा गया है कि कैमूर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एरिया में टोल होने से जंगली वनस्पति, जीव जंतु पर बुरा असर पड़ रहा है। अभी हाल ही में प्राकृतिक धरोहर चिता की मृत्यु भी टोल से महज कुछ दूरी पर ही हो गयी थी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मामले को गंभीरता से लिया है। बताते चलें की कोर्ट ने यह भी कहा है कि सेंचुरी एरिया में अवैध रूप से बनाए गए आवास के मामले में अभी तक कम्पनी की तरफ से कोई जवाब नही आया है, ऐसे में कोर्ट एक्स पार्टी ऑर्डर भी याचिका करता के पक्ष में कर सकती है। याचिकाकर्ता ने तत्काल टोल कलेक्शन रोक जाने एवं टोल प्लाजा को कैमूर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एरिया से बाहर करने की मांग की है। संविधान के अनुच्छेद 51 क के खंड (छ) के अनुसार प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करें और उसका संवर्धन करें।

### चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के पं दीन दयाल नगर डाला चढ़ाई स्थित एक अस्पताल से एक दिन पूर्व हुए गेट चोरी के मामले में पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर तीन आरोपीयों को गेट सहित चौकी क्षेत्र अन्तर्गत झपरहवां से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि एक दिन पूर्व पं दीन दयाल नगर डाला चढाई निवासी हेमंत कुमार दूबे पुत्र हरिशंकर दूबे ने तहरीर देकर बताया कि अस्पताल के सामने लगे एक गेट को चोरी कर लिया गया है, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर-के आरोपी की तलाश की जा रही थी कि शुक्रवार को मुखबीर ने बताया कि चोरी हुए गेट के साथ तीन लोग झपरहवां मोड पर खड़े हैं जो चोरी के गेट को एक वाहन पर लाद बेचने की फिराक में हैं, सूचना को सत्य मान कर दल बल के साथ मौके पर पहुंच संतलाल पुत्र रामसुमेर, बुल्लू पुत्र हरिश्चंद्र निवासी गण डाला चढ़ाई, झपरहवा व गफूर खान पुत्र जफीर खान निवासी चूड़ी गली, डाला को मौके से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# अध्यक्ष 13, सभासद के लिए 124 ने किया नामांकन

**निकाय चुनाव**

**अध्यक्ष के 22 व सभासद के खरीदे गए 149 पर्चे**

जनसंदेश न्यूज




**सोनभद्र/ओबरा/दुद्धी।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन शुक्रवार को दस निकायों के लिए अध्यक्ष पद के लिए 22 और सभासद पद के लिए 149 पर्चे क्रय किए गए। वहीं 137 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 13 व सभासद के लिए 124 नामांकन हुआ। रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 2 व सभासद के लिए 41 पर्चे खरीदे गये।

नगर पंचायत चुर्क में अध्यक्ष पद के लिए 4 व सभासद के लिए 13 पर्चे खरीदे गये। वहीं घोरावल नपं अध्यक्ष के लिए 4 व सभासद के लिए 18 पर्चा खरीदा गया। ओबरा संवाददाता के अनुसार-चोपन नपं अध्यक्ष पद के लिए एक व सभासद के लिए 9 पर्चे खरीदे गये। वहीं ओबरा में नपं सभासद के लिए 12 पर्चे खरीदे गये। जबकि डाला नपं सभासद के लिए 7 पर्चे खरीदे गये। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-नाम निर्देशन पत्रों के दाखिला के पांचवें दिन शुक्रवार को पिपरी नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार अंजनी कुशवाहा ने अपना नामंकन दाखिल किया। दुद्धी नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु अनिल कुमार पुत्र विन्धयाचल प्रसाद तथा उनकी पत्नी अनिता देवी ने अपना नामंकन दाखिल किया। रेनुकूट से अध्यक्ष पद हेतु किसी ने नामांकन दाखिल नही किया।

अनपरा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु 9 लोगों ने अपना नामंकन दाखिल किया। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु दुद्धी से 9, रेनुकूट से 16, पिपरी से 10 व अनपरा से 40 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी व अनपरा से अध्यक्ष पद हेतु 11 उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु 49 ने नामांकन पत्रों की खरीद की। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु दुद्धी से 4, रेनुकूट से 2 व अनपरा से 5 उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा। दुद्धी वार्ड सदस्य पद हेतु 7, रेनुकूट से 6, पिपरी 5 व अनपरा 31 लोगों ने पर्चा खरीदा।

# तरंगिणी महिला मंडल ने मनाया हस्बैंड नाइट

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में तरंगिणी महिला मंडल द्वारावार्षिक दिवस के अवसर पर हस्बैंड नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंहिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्जवलित कर गणेश वंदना के साथ किया गया। हिण्डाल्को ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे- दो अलग-अलग ग्रुप्स द्वारा सामूहिक नृत्य, गायन, स्किट की शानदार प्रस्तुति दी गई।

सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र पति का पत्नियों संग रैंप वॉक रहा जिसमें एक- एक करके सभी जोड़ों ने अपनी वॉक से समां बांधते हुए सबका मन मोह लिया। हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश एवं उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश तथा मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा सिंह, एल्युमिना हेड- एन. एन. रॉय एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम रॉय, विनोद ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा ठाकुर, रवि गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गुप्ता व अन्य जोड़ों ने मंच पर रैम्प वॉक कर सभी को ताली बजाने पर विवश कर दिया। श्री नागेश ने महिला मंडल द्वारा इस सफल आयोजन पर सभी सदस्याओं को बधाई दी। इस दौरान बॉलीवुड थीम पर आधारित कई मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। साथ ही गेम्स और हाउजी भी खेला गया। मंच संचालन अपर्णा मिश्रा एवं एकता मिश्रा ने किया। गेम्स के जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिलाए

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने हेतु टीमों का हुआ गठन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में हिस्सा लेने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी बालक जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है, इस अवसर पर बाल विवाह की कुप्रथा के रोक-थाम हेतु प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरूक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी सुनील को 20 वर्ष की कैद, 35 हजार रुपए अर्थदंड

**सजा**

**ढाई वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** ढाई वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सुनील कुमार को 20 वर्ष की कैद एवं 35 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 10 अगस्त 2020 को दोपहर दो बजे लापता हो गई। बेटी की हर संभावित जगहों पर तलाश की गई। लेकिन उसका कहीं पता नही चला। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने के उपरांत दोषसिद्ध पाकर सुनील कुमार को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# मुस्लिम बंधुओं ने अकीदत के साथ अदा की अलविदा की नमाज

ईद-उल-फित्र

**चंदौली ईदगाह में 07:30 बजे अदा की जाएगी ईद-उल-फित्र की नमाज**



चंदौली जामा मस्जिद में अलविदा की अदा करते मुस्लिम बंधु।



नगर में पैदल गश्त करते सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह

**चंदौली।** इबादत, बरकत व मगफिरत को अपने आप में समेटे माह-ए-रमजान विदा हो रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को अलविदा की नमाज जनपद में शांति-सद्भाव व पूरी अकीदत के साथ अदा की गयी। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अपने पास-पड़ोस के मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की और देश में अमन-चैन के लिए दुआ की। इसके साथ ही मुस्लिम बंधुओं में ईद-उल-फित्र त्यौहार को लेकर खुशियां व उत्साह दिखा, वहीं माह-ए-रमजान के विदा होने का कसक भी नजर आया। अलवेदा को लेकर सुबह से ही मुस्लिम इलाकों में तैयारियां देखने को मिली।

लोग घरों के साथ-साथ मस्जिदों की साफ-सफाई करने में जुटे रहे। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम किए गए थे। सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ लगातार नगर में व मस्जिदों के आस पास गश्त कर रहे थे। इस क्रम में चंदौली जिला मुख्यालय स्थित जामा एवं शाही मस्जिद में अलवेदा का नमाज अदा की गयी। इस दौरान नमाज अदा करने के भारी संख्या में मुस्लिम बंधु मस्जिदों में जमा हुए। अलवेदा के नमाज को लेकर मुस्लिम बंधुओं में उत्साह व खुशी देखने को मिली। इस दौरान शाही मस्जिद में तकरीर करते हुए मौलाना इलियास ने कहा कि ईद की नमाज से पहले फितरे का पैसा हर हाल में अदा कर दें, क्योंकि फितरा का पैसा अदा किए बिना आपके रोजे कबूल नहीं होंगे। बताया कि अबकी बार चंदौली ईदगाह व चंदौली जामा मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 07:30 बजे अदा की जाएगी। लिहाजा सभी मुस्लिम बंधु तय समय से पहले ईदगाह में उपस्थित होकर ईद की नमाज को अदा करें। इसके बाद पुलिस सुरक्षा के बीच अलवेदा की नमाज अदा कर मुस्लिम बंधुओं ने अमन-चैन के लिए दुआ की। इसी तरह चंदौली जनपद के शहरी, कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में अलवेदा की नमाज पूरी अकीदत के साथ अदा की गयी। इस दौरान मुस्लिम इलाकों में अलवेदा को लेकर रौनक देखने को मिला। लोग नए लिबास में अपने हमउम्र साथियों, परिवार के लोगों के साथ मस्जिद पहुंचे और अलवेदा की नमाज अदा की।

## कोई चलाएगा साइकिल तो कोई लगाएगा झाड़ू

**चंदौली।** नगर निकाय के चुनाव की सरगर्मी तेज होती जा रही है। मुख्यालय स्थित सदर तहसील परिसर के आरओ कक्ष में नगर पंचायत सैयदराजा अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह का आवंटन शुक्रवार को मनोज कुमार पाठक ने किया। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशी वर्ग समर्थक खुशी से झूम उठे और अपने अपने प्रचार कार्यों में तेजी से जुट गए। वही सभासद के 69 प्रत्याशियों को भी चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। सैयदराजा नगर निकाय के अध्यक्ष और सभासद के प्रत्याशियों को शुक्रवार को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। इसी कड़ी में अध्यक्ष पद के लिए सैयदराजा नगर पंचायत से आप की उम्मीदवार पुष्पा झाड़ू, भाजपा प्रत्याशी रीता को कमल का फूल, समाजवादी पार्टी के मजीदुन को साइकिल, कांग्रेस की शहनाज बेगम को हाथ का पंजा, निर्दल इशरत खातून को हथौड़ा, फातिमा बीबी को स्कूटर, बिलकिस बानो को अलाव और आदमी, रूबी कुमारी को कंघा, श्वेता गुप्ता को पानी का बोतल दिया गया। 69 सभासद पदों के लिए पार्टी के सिंबल पर लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह के रूप में पार्टी का सिंबल दिया गया है। वही निर्दलीयों आयोग की ओर से जारी सिंबल दिए गए। किसी को कार मिला तो किसी को छाता मिला है।

## संक्षेप

### चंदौली पुलिस ने किया बलवा व दंगे से निपटने का पूर्वाभ्यास



पॉलीटेक्निक ग्राउंड पर बलवा व दंगा से निपटने का पूर्वाभ्यास करती पुलिस।

**चंदौली।** एसपी अंकुर अग्रवाल के निदेर्शानुसार पालिटेक्निक ग्राउंड चन्दौली पर बलवा मॉक ड्रिल का प्रदर्शन, अभ्यास किया गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन आदि के विषय में ट्रेनिंग दी गई। जिले में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने व आपातकालीन परिस्थितियों को काबू में रखने के लिए मॉक ड्रील, बलवा परेड का आयोजन किया गया। माक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों को आंसू गैस के गोले छोड़ना व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कनसील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया। अगर कहीं पर भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं तो उनसे कैसे सख्ती से निपटा जाए तथा उनके साथ कानूनी कार्यवाही के तहत बल प्रयोग किया जाए, इसके बारे में भी प्रशिक्षित किया गया तथा ऐसी परिस्थितियों से निपटने हेतु अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनपद के समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारीगण एवं अन्य सम्बन्धित उक्त ड्रिल व प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रोकने को सभी के लिए जागरूकता जरूरी

**चंदौली।** बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई कार्मिक, महिला शक्ति केन्द्र व वन स्टाप सेन्टर के साथ शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दृष्टिगत में कैंप कार्यालय पर बैठक किया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है ।बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी ।इस दौरान दीक्षा अग्रहरि, रंजना श्रीवास्तव, राजेश सोनी, नाथ यादव, मनीष कुमार, राजदेव उपस्थित रहे।

### स्वर्गीय हरगेंद सिंह की मनायी गयी पुण्यतिथि

**कन्दवा।** उ0प्र० प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष, एवं सम्भागीय शिक्षा मंत्री तथा प्रगतिशील इण्टर कालेज अमड़ा चंदौली के संस्थापक, प्रबंधक स्व० हरगेंद सिंह जी, जिनको वर्ष 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व० इंदिरा गाँधी जी द्वारा एवं 1999 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अन्तरर्राष्ट्रीय - वृद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया था। जिनकी पुण्यतिथि 20 अप्रैल को मनाई गई जिसमे सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि दिया गया सप्रगतिशील इंटर कॉलेज अमड़ा के संस्थापक स्वर्गीय हरगेंद सिंह जी की 17 वी पुण्य तिथि अमड़ा गांव और विद्यालय परिवार ने मिलकर मनाया, जिसमे मुख्य रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि इंदल सिंह बाबा, बलराम पाठक आदर्श शिक्षक, प्रधानचार्य संजीव सिंह गुड्डू , राकेश सिंह, अखिलेश सिंह, राज सिंह, मृत्युंजय सिंह, विनीत सिंह, चंदन सिंह, अरुण सिंह, मनीष सिंह, राजन सिंह,हेमंत सिंह, पवन सिंह, गौरव सिंह,दिग्विजय सिंह, गिरधर, आदि मौजूद रहे।

### यात्रा के दौरान महिला का बैग चोरी

**डीडीयू नगर।** यात्रा के दौरान मनीषा पटेल का अज्ञात चोरों ने आरा स्टेशन पर बैग चोरी कर लिया। डीडीयू स्टेशन पर रेनू रुकने पर पुलिस ने राजकीय रेलवे पुलिस थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। बिहार प्रांत के बैजनाथपुर थाना बिहारीगंज जिला मच्चेपुरा ट्रेन 12362 लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन कोच संख्या बी फाइप सीट नंबर 25 पर भागलपुर से डीडीयू की यात्रा पर थी। आरा स्टेशन से खुलते ही एक अज्ञात चोर अमीषा पटेल का बैग लेकर उतर गया जानकारी होने पर महिला शोर मचाने लगी डीडीयू स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर पीड़ित महिला जीआरपी थाने पहुंचकर तहरीर दी। महिला ने बताया कि बैग में रेडमी मोबाइल,लेडिस पर्स ,एटीएम,पेन कार्ड,अधार कार्ड, मार्कशीट आदि सामान रहा। इस बाबत अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर संबंधित थाना को स्थानांतरित किया जा रहा है।

### चोरी के मोबाइल फोन के साथ दो गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अलग अलग समय पर अलग अलग स्थानों से चोरी के दो मोबाइल के साथ महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे प्लेटफार्म संख्या एक और दो के पूर्वी छोर पर स्टेशन नाम पट्टिका बोर्ड के पास से एक महिला को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला शोभना निवासी अकोढी थाना रोहतास बिहार का चालान किया गया है। वही इसी तरह भोर में साढे चार बजे प्लेटफार्म संख्या एक और दो के पश्चिमी छोर पर लाइन शहीदबाबा की मजार के पास से एकयुवक को चोरी की मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दीपक पाठक निवासी मोहनपुर वार्ड नंबर नौ थाना धनसोई जिला बक्सर बिहार का चालान किया गया है। दोनों ट्रेनों में और प्लेटफार्म पर यात्रियों का सामान चुराते थे।

### प्रचंड गर्मी में ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे यात्री

**डीडीयू नगर।** अतिव्यस्त डीडीयू स्टेशन पर ट्रेनों के आते ही पानी के लिए नल पर यात्रियों की कतार लग रही है ।जब कि यहां पर ठंडा पानी नहीं मिलता है। यात्रियों को सस्ता और ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए लगा निजी कंपनी का आरओ सिस्टम बंद है। रेलवे की ओर से आठ प्लेटफार्मों पर सात वाटर कूलर लगाए गए हैं। इसमें भी सात और आठ नंबर प्लेटफार्म पर एक भी वाटर कूलर नहीं लगा है। अप्रैल माह में ही गर्मी चरम पर पहुंच गई है। पारा चालीस डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। ऐसे में लोग हर जगह पानी के लिए तरस रहे हैं। हावड़ा दिल्ली रूट पर अतिव्यस्त डीडीयू स्टेशन पर प्रतिदिन 110 जोड़ी ट्रेनें आती है। प्रतिदिन यहां से बीस हजार से अधिक यात्री ट्रेनों पर सवार होते हैं और उतरते हैं। यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आठ प्लेटफार्मों पर पेयजल बूथों पर कूल 372 टोटियां लगाई गई है। इसमें सबसे अधिक 105 टोटी प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर है। वहीं लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर चार, तीन और चार नंबर प्लेटफार्म पर दो जबकि पांच और छह नंबर प्लेटफार्म पर एक वाटर कूलर लगा है। सात और आठ नंबर प्लेटफार्म पर एक भी वाटर कूलर नहीं है। इतने बड़े स्टेशन पर मात्र सात वाटर कूलर काफी कम है। यही कारण है कि ट्रेनों के आते ही पानी के लिए टोटियों पर यात्रियों की भीड़ उमड़ती है। खाद्य स्टालों पर रेल नीर बिकता है। वर्तमान में स्थानीय स्टेशन पर प्रतिदिन 24 हजार से अधिक बोतल पानी बिक रहा है।

### अनियमित बिजली कटौती से लोग परेशान

**कन्दवा।** चिलचिलाती धूप एवं उमस भरी गर्मी में बिजली की कटौती लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। जिससे लोग बेचौन विभागीय प्राशास को कोसते थक रहे हैं। इस उमस भरी गर्मी में बिजली विभाग की दौपहर व रात्रि में अंधाधुंध बिजली कटौती से लोगों की रात्रि की नींद हराम हो जा रही है। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो जा रहा है ।लोग बाग इस रात्रि की बिद्युत कटौती से बिलबिला गये हैं द्य किसी भी पावर हाउस पर रात्रि में बिजली कब आयेगी इसका शिड्यूल कोई बताने वाला नहीं है ।वही क्षेत्रीय जनों का कहना है संपर्क करने पर आश्वासन मिलता हैं । लेकिन संतोष जनक कार्य नही होता है नही जबाब मिलता है। बिजली कटौती से सबसे ज्यादा परेशान घर की महिलाए छोटे बच्चे, बूढ़े हैं। इस मौसम में वायरल फीवर के मरीज करीब अधिकांश घरों में हैं। उन्हें बिजली की कटौती से दिक्कतें आ रही हैं। मंच्छरों की फौज भी डंक मारना शुरू कर देती है। इस संबंध में सुरेन्द्र सिंह,मनमन सिंह,दुर्गेश सिंह, ध्रुव सिंह,बंशनारायण यादव,मृत्युजय सिंह,तेजप्रताप,डाक्टर ददीबल,रविशंकर सिंह,अजित सिंह ,रामाज्ञा पाड़े आदि लोगों ने बिजली नियमित रूप से दिए जाने की मांग किया है ।

# खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, पिता-पुत्र समेत तीन की मौत



नेशनल हाईवे पर दुर्घटना के बाद कार के उड़े परखच्चे



सड़क हादसे में घायल युवक का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के झांसी समीप रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। घटना में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। दरअसल घटना शुक्रवार की अलसुबह की है, जहां झांसी के समीप नेशनल हाइवे पर ट्रक और कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी. सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं तीनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों में पिता-पुत्र समेत 3 लोगों की मौत हो गई। राजकिशोर सिंह 35 वर्ष व आरुष सिंह 5 वर्ष पिता पुत्र है, जबकि शैलेश पटेल 22 वर्ष साले है। जबकि 4 अन्य लोग शारदा 45 वर्ष, राधिका 65 वर्ष, रुचि 16 वर्ष, खुशबू 17 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा चालक व एक महिला बाल बाल बच गई। कार में सवार सभी लोग बिहार के रोहतास जिले के निवासी है। कार चालक दीपक कुमार पटेल ने बताया कि बिहार के रोहतास जिले से कार सवार सभी लोगों को लेकर विंध्याचल देवी दर्शन के लिए जा रहा था, तभी अचानक नींद आ गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ. इस बाबत सदर इंस्पेक्टर राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो। सभी को इलाज के वाराणसी ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

### अज्ञात वृद्ध की मौत

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1-2 के पश्चिमी छोर नया ओवर ब्रिज के नीचे एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया ।आसपास के लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी व डिप्टी एसएस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई और आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस बाबत एसआई विद्यासागर ने बताया कि मृतक संभवत भीख मांग कर अपना जीवन यापन करता था। पड़ रहा प्रचंड गर्मी में संभवत लू लगने से उसकी मौत हो गई होगी ।पीएम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

# ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** पंचायत संसाधन केन्द्र चंदौली में उपनिदेशक पंचायत वाराणसी मंडल वाराणसी के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वितीय चरण के तहत जनपद गाजीपुर के विकास खण्ड मोहम्दाबाद के 15 ग्राम पंचायतों के 60 प्रतिभागियों की तथा जनपद चंदौली के विकास खंड चंदौली सादर के 15 ग्राम पंचायतों के 55 प्रधानगण, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी के प्रशिक्षण का उद्घाटन उपनिदेशक पंचायत ए.के. सिंह वाराणसी मंडल वाराणसी तथा प्रधानगण के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण में उपनिदेशक पंचायत द्वारा प्रशिक्षण में आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी गयी कि सभी ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत बनाया जाना है, ग्राम पंचायत तभी मॉडल होगा जब वहॉ सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत सभी ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया, जिस पर आज का प्रशिक्षण रखा गया है।

ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्य योजना निर्माण कर उससे संबंधित कार्य कराया जाएगा । प्रशिक्षण में ओडीएफ प्लस के तहत चार उद्देश्य बताए गये, जिससे ओ डी एफ को बनाए रखना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन किया जाय, जिससे ग्राम में दृश्यमान अपशिष्ट न हो । प्रशिक्षण ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य योजना का निर्माण, वित्त का प्राविधान, साथ ही ग्राम पंचायत नियामताबाद में निर्मित सोख पिट, कूड़ा पात्र, नाडेप, वर्मीकमपोस्ट को क्षेत्र भ्रमण के दौरान दिखाया गया । प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जिला कंसल्टेंट चंदौली, कंसल्टिंग इंजीनियर गौरव त्रिपाठी, अनुज जायसवाल तथा डीपीआरसी फैकल्टी सुनील सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### ठेकेदार पर 2.50 लाख रुपए गबन करने का आरोप

**शहाबगंज।** सोनभद्र से आये मजदूरों ने पालपुर गांव निवासी ठेकेदार के खिलाफ काम कराकर मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी ठेकेदार को बुलाकर पूछ ताछ में जूट गयी। पालपुर गांव के कोमल यादव पुत्र काशी यादव सोनभद्र जिला के गांव भालकुदर थाना कोन हाथीनाला से 35 मजदूरों को लेकर हरियाणा गया था। जहां मजदूरों से 22 दिन तक सरसों कटाई का कार्य किया। काम खत्म होने के बाद सभी मजदूरों को हरियाणा से वाराणसी लेकर आया। उसी दौरान चाय पान करने के बहाने बिना मजदूरी दिये गायब हो गया और मोबाइल बंद कर दिया। जिससे सभी मजदूर परेशान हो गये। किसी प्रकार सभी मजदूर निजी वाहन से शहाबगंज थाने पर पहुंच कर ठेकेदार के खिलाफ 2.50लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया। वहीं मजदूर धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कोमल यादव ने पांच सौ रुपए प्रतिदिन देने की बात हुई थी। काम करने के दौरान कुछ धन मिला ।शेष पैसा वाराणसी में देने की बात हुई लेकिन बिना पैसा दिए ठेकेदार गायब हो गया। हम लोग बिना पैसा लिए कैसे घर वापस जाय ।परेशान होकर हम सभी लोगों ने थाने पर तहरीर दिया।

# महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर जागरूक कर रही पुलिस

**चंदौली।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद पुलिस सक्रिय है। पुलिस द्वारा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीमों द्वारा धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों, प्रमुख मार्गों, पार्कों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर की जा रही चेकिंग एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं व बलिकाओं को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। शासन द्वारा महिलाओं सुरक्षा, जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि जगहों पर गश्त कर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद चन्दौली के समस्त थानों पर गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीमों द्वारा धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों, प्रमुख मार्गों, पार्कों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर चेकिंग की जा रही तथा बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया। साथ ही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे-वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं थाना स्थानीय के सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा। एण्टी रोमियो टीमों द्वारा बालिकाओं को बताया जा रहा कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना व एण्टी रोमियों टीम व यूपी पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा व सहायता हेतु संचालित नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया जा रहा एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा ऐसे स्थानों के आसपास सतर्क दृष्टि रखते हुए सघन चेकिंग की जा रही एवं बेवजह घूम रहे युवकों व शोहदों से पूछताछ कर चेतावनी देने सहित तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही।

### परशुराम जन्मोत्सव आज

**डीडीयू नग।** केन्द्रीय ब्राम्हण समाज के तत्वावधान मे शनिवार की शाम 4 बजे से नगर के इण्डिन इंस्टच्यूट कालोनी स्थित सामुदायिक भवन के प्रांगण मे श्री परशुराम जन्मोत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ० दयाशंकर मिश्र (दयालु) होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद डॉ0 राजेश कुमार मिश्रा व महंथ सकट मोचन वाराणसी डॉ० विशम्भर नाथ मिश्रा मौजूद रहेंगे ।वही सदलपुरा स्थित ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है।

# परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**चहनियां।** राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को कम्पोजिट विद्यालय हृदयपुर के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव द्वारा माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया ! प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया एवं शिक्षकों का भी सम्मान बढ़ाया।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक नंद कुमार शर्मा जो राज्य शिक्षक पुरस्कार 2021 से सम्मानित हैं। उनकी मेहनत और लगन से बच्चे आज विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को साधुवाद दिया। नंद कुमार शर्मा ने बताया कि मन में लगन हो, निष्ठा हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। शुरूआत में अभिभावकों के मन में शंका थी लेकिन 2019 में 5 बच्चों की सफलता ने सभी आशंकाओं को दूर कर दिया और उनका भरोसा हम लोगों पर हुआ। 2019 से 2023 तक कुल 28 बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। जिन्हें प्रत्येक वर्ष रुपया 12000 की छात्रवृत्ति कक्षा 9 से 12 तक मिलती रहेगी। कुल रुपया 48000 बच्चों को छात्रवृत्ति मिलेगी । इस सफलता से उत्साहित छात्रों के अभिभावक कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में नामांकन कराना चाहते हैं । जिससे उनका बच्चा इस छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हो सके। चंदौली जनपद में इस बार रिकॉर्ड 2600 बच्चों ने आवेदन किया था। जिसमें 201 बच्चों ने सफलता प्राप्त की। पहली बार जिले को आवंटित सीट पूरी तरह से भर पाई । मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेधावी बच्चों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर जिले के मेरिट के हिसाब से बच्चों का चयन करता है ।

जिससे बच्चों की आगे की पढ़ाई निर्बाध रूप से चलती रहे, इसके लिए इस छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले बच्चों में पवन पाल -104 अंक, पूजा यादव -101 अंक, अंकित मौर्य- 95 ,स्नेहा मौर्या -93 अंक ,प्रिया पाल- 93 अंक ,विष्णु चंद्रशेखर कुशवाहा- 86 अंक ,और अंजलि पाल- 86 अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर शिक्षक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ,पूजा सिंह ,बृजेश कुमार मिश्रा ,प्रतीक्षा मौर्या ,वंदना चौहान,गौतम लाल ,ममता रानी गुप्ता ,रूबी सिंह, विजय राज रवि, मंजू देवी, राम भजन राम ,सुशीला देवी सहित छात्र-छात्रा एवं अभिभावक उपस्थित रहे।





विद्यालय में छात्र छात्राओं को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र यादव

# कोई चलाएगा जीप कोई खिलायेगा कमल

आवंटन

**निकाय चुनाव में प्रत्याशियों को जारी किया गया चुनाव चिन्ह**

**चंदौली।** नगर पंचायत चंदौली अध्यक्ष पद के व सभासद के उम्मीदवारों को शुक्रवार को सदर तहसील कक्ष में बने केंद्र में आर ओ दिग्विजय प्रताप सिंह चुनाव चिन्ह का आवंटन किया। कोई खिलाएगा कमल तो कोई चलाएगा साइकिल किसी को हाथ के पंजे का सहारा है। वही निर्दलीयों में किसी को मिला जीप तो किसी को ताला चाबी मिला है।



अध्यक्ष पद के कुल 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में व सभासद के 66 प्रत्याशी मैदान में सभी को चुनाव चिन्ह मिलने के बाद ही वह अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को लुभाने में जुट गए। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चंदौली से कुल 12 उम्मीदवार हैं। जहां शुक्रवार को आर.ओ दिग्विजय प्रताप सिंह ने प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से ओमप्रकाश सिंह को कमल का फूल, देवी शरण बसपा से हाथी, मनोज सिंह को कांग्रेस से हाथ का पंजा, रत्ना सिंह को आप से झाड़ू, ए आई एम आई एम के प्रत्याशी संजय सिंह को पतंग मिला है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार बृजेश को अनार, भरत कुमार को सटल, विवेक कुमार सिंह को पानी का नल, संतोष को अलाव और आदमी, सुदर्शन सिंह को सितारा सुनील यादव गुड्डू को चुनाव चिन्ह जीप मिली है। सभासद के 66 उम्मीदवारों में पार्टी से नामांकन करने वाले सभासदों को पार्टी का सिंबल और निर्दलीयों को किसी को कार तो किसी को छाता मिला है।

# स्पोर्ट्स

## अब विदेश में अभ्यास कर सकेंगे श्रीशंकर-प्रियंका गोस्वामी और संदीप कुमार, खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर के इस साल होने वाले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए यूनान में एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीशंकर 32 दिनों तक यूनान में अभ्यास करेंगे और इस दौरान उनके कोच शिवाशंकरन मुरली भी उनके साथ रहेंगे। उनके इस अभ्यास की लागत लक्ष्य ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) के तहत वहन की जाएगी। श्रीशंकर के अलावा मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 95वीं बैठक में पैदल चाल के एथलीट प्रियंका गोस्वामी और संदीप कुमार के ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में 16 दिन तक अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ये दोनों एथलीट 15 मई को अपने कोच गुरमीत सिंह के साथ ऑस्ट्रेलिया रवाना हो सकते हैं।



# सुपरजायंट्स की नजरें तालिका में शीर्ष स्थान पर टाइटंस की कोशिश जीत की राह पर लौटने की

## गुजरात की टीम पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद नए सिरे से शुरूआत करना चाहेगी

**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शनिवार को यहां जब लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछले मैच में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने की होगी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपरजायंट्स अपने घरेलू मैदान में जीत की लय को बनाये रख कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज होना चाहेगा। गुजरात की टीम पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद नए सिरे से शुरूआत करना चाहेगी, वहीं लोकेश राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम ने इसी टीम के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली 10 रन की जीत दर्ज की थी। आईपीएल की इन दोनों नयी टीमों ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन मौजूदा सत्र में इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। दोनों टीमों को अब तक दो-दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। टाइटंस ने हालांकि सुपरजायंट्स से एक मैच कम खेला है। इस सत्र में टाइटंस की सबसे बड़ी कमजोरी लक्ष्य का बचाव करने की रही है। मोहम्मद शमी शुरूआती ओवरों में लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे है लेकिन अल्जारी जोसेफ और जोश लिटिल से उन्हें और मदद की जरूरत है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी गेंद से कमाल करने में विफल रहे हैं और अब तक चार मैचों में उन्होंने सिर्फ एक विकेट चटकाया है।



अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने दो मैचों में मिले मौके का लाभ उठाया है। स्पिन विभाग में राशिद खान एक मैच को छोड़कर असरदार रहे हैं। पिछले मुकाबले में हालांकि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन उन पर लगातार तीन छक्के लगाए थे जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाया होगा। शुभमन गिल, डेविड मिलर और साई सुदर्शन जैसे बल्लेबाजों के लय में होने से गुजरात टाइटंस इस विभाग में मजबूत है। टीम के गेंदबाजों को हालांकि सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिए अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा। काइल मेयर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के पास किसी भी गेंदबाजी इकाई की धज्जियां उड़ाने की क्षमता है। टीम के लिए हालांकि कप्तान लोकेश राहुल और हरफनमौला दीपक हुड्डा की लय चिंता का विषय है जिन्होंने अब तक इस सत्र में एक भी यादगार पारी नहीं खेली है। प्रतिभाशाली लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और अनुभवी अमित मिश्रा स्पिन विभाग में सुपर जायंट्स के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि क्रुणाल पांड्या ने भी मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया है। मार्क वुड, अवेश खान और युधवीर सिंह चरक के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी में अच्छा विकल्प है। पदार्पण मैच में नवीन-उल हक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और वह इसी तरह से खेलना जारी रखना चाहेंगे। पिछले सत्र में हालांकि दो मौकों पर सुपर जायंट्स को हराने के बाद टाइटंस के पास थोड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त हो सकती है।

***दोनों टीम इस प्रकार हैं:***

लखनऊ सुपर जायंट्स: केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव। गुजरात टाइटंस:

गुजरात टाइटंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ। मैच का समय : दोपहर बाद 03:30 बजे से...।

## संक्षेप

### रेलवे ट्रैक से होकर आवागमन कर रहे लोग



**बैरिया।** शार्ट कट के चक्कर में जान जोखिम में डाल कर सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर रेलवे ट्रैक पार कर राहगीरों के इस पार से उस पार आने-जाने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। जीआरपी एवं आरपीएफ की उदासीनता किसी दिन बड़े हादसा का कारण बन सकती है। बता दे कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के उत्तर तरफ दियरांचल के लगभग एक दर्जन गांवों के सैकड़ों लोग एवं स्कूली बच्चे सुरेमनपुर, रानीगंज, बैरिया आते-जाते हैं। वह शार्ट कट के चक्कर में रेलवे ट्रैक पार कर उस पार से इस पार और इस पार से उस पार आते-जाते हैं, जबकि स्टेशन से 500 मीटर पश्चिम रेलवे फाटक मौजूद है। विशेषकर स्कूली बच्चे रेलवे ट्रैक पारकर ही आते-जाते हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जीआरपी एवं आरपीएफ के जवानों के सामने ही लोग रेलवे ट्रैक पार कर आते-जाते हैं, किंतु रोकने की बात तो दूर आरपीएफ व जीआरपी लोगों को मना तक नहीं करती है। इस संदर्भ में क्षेत्रवासियों ने मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी व जीआरपी बलिया के थाना प्रभारी के अलावे रेलवे सुरक्षा बल बलिया के प्रभारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रेलवे ट्रैक पारकर आने-जाने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग की है। इस बाबत स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि कुछ संभ्रांत व्यक्तियों ने शिकायत किया है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

### अपने बच्चों पर ध्यान दें अभिभावक




**बांसडीह।** स्थानीय विधान सभा क्षेत्र के आदर्श विद्यालय केवरा में गुरुवार की देर शाम पहुंचे पूर्व मंत्री राम गोविंद चौधरी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा असंभव है। अभिभावक खुद बच्चों पर ख्याल रखें। आदर्श विद्यालय केवरा के प्रथम वार्षिकोत्सव में पधारे पूर्व मंत्री राम गोविंद चौधरी ने प्रबंधक पारस नाथ सिंह का नाम लेते हुए कहा कि वह हमारे गार्जियन हैं। इनके आशीर्वाद से आदर्श विद्यालय चल रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा पाना असम्भव है। विद्यालय में अभिभावकों को बुलाया जाता है, ताकि अपने बच्चों को देखें कि किस तरह से बच्चा पढ़ रहा है। श्री चौधरी ने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों पर ध्यान दें। स्कूल से जब भी बच्चे घर जाते हैं तो एक बार बैठाकर तहकीकात करिए, तभी बच्चों के बारे में पता चल पायेगा। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि यदि अभिभावक 25 प्रतिशत मदद कर दें तो इस विद्यालय के बच्चे मिसाल कायम करेंगे। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इसके बाद देशभक्ति गीत, देवी गीत एवं नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुनील सिंह, प्रबंधक पारस नाथ सिंह, सुनील मिश्र, भोला मिश्र, अनिल सिंह, पंकज पासवान, श्रीनिवास पटेल, ब्रजेश मिश्र आदि उपस्थित रहे। सभी का आभार अनिल सिंह ने व्यक्त किया।

### गंगा को प्रवाह की जरूरत है, पैसे की नहीं

**बलिया।** ब्रह्म द्रव गंगा का अनादर राष्ट्र की मुश्किलें बढ़ा रहा है। सियासत के सुप्रीमो इसे क्यो नहीं समझते? पतित पावनी पर बांध बनाने के जिम्मेदार लोग गंगा के हित चिंतक नहीं हो सकते। गंगा को प्रवाह की जरूरत है, पैसे की नहीं।
उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने शुक्रवार को श्रीरामपुर घाट पर पतित पावनी का मैला आंचल साफ करने के पश्चात स्नानार्थियों के बीच व्यक्त किया। कहा कि गंगा उदास रहेगी तो राष्ट्र फिर खुश कैसे रहेगी? गंगा की धाराओं की अंतः पीड़ा को अभी भी ठीक से पढ़ा नहीं जा रहा है। गंगा के सवाल हल करने के लिए श्री तिवारी ने त्रिसूत्रत्री फार्मूला सुझाया। प्रथम गंगा की राहें रोके नहीं। दूसरा गंगा में गिरने वाले नालों को तुरंत रोके। तीसरा जनमानस द्वारा अंधभक्ति के जरिये गंगा में कूड़ा, करकट डालने वालो को भारत की आत्मा, विश्व की धरोहर गंगा की गरिमा एवं महिमा समझायें। इस अवसर पर ऋषि कुमार, राजेश, राजकुमार साह, गंगासागर यादव, विनय पांडेय आदि मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में कम्पोजिट विद्यालय का छात्र हुआ सफल

**राजगढ़।** पिछले शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति के परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसका परीक्षा परिणाम पिछले दिनों घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम में विकासखंड राजगढ़ के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा में सम्मिलित बच्चों में से 20 बच्चों ने सफलता हासिल किया। कंपोजिट विद्यालय धनसीरियां के कक्षा आठ के छात्र प्रकाश यादव पुत्र संतोष यादव निवासी धनसरिया ने पूरे जनपद में 28 वां रैंक प्राप्त किया। प्रकाश यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय के अध्यापकों को दिया। इस योजना में सफल छात्रों को कक्षा 9 से लेकर 12 तक 1000 प्रति माह छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। छात्र के सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ चंद्रप्रकाश सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह, ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, अध्यापक वीरेंद्र कुमार सिंह, दिनकर सिंह, रविंद्र नाथ, राजेश मौर्य, अनुराग जीवन, शिक्षामित्र राम दुलारे, गायत्री सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश भारती, राजेश चौधरी, संतोष पाठक, आदि ने छात्र को इस सफलता पर बधाई दिया है।

# निवर्तमान सभासद को बिना अनुमति के जुलूस निकालना पड़ा महंगा

**कार्रवाई**

**13 नामजद और 30 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत**

**कोपागंज, मऊ।** विगत बुधवार की आधी रात्रि को निवर्तमान सभासद और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्यासी के पति द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो पर अपने समर्थको द्वारा बिना अनुमति के जुलुस निकालना महंगा पड़ गया।

जुलुस के वायरल विडिओ को सज्ञान में लेते हुए सभासद सहित 13 नामजद और 30 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। दर्ज मुकदमा के अनुसार निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शबनम हेलाल के पुत्र और निवर्तमान सभासद साकिम बिन हेलाल द्वारा अपनी पत्नी को समाजवादी पार्टी का टिकट मिलने का दावा करते हुए बिगत बुधवार की रात्रि करीब ढाई बजे कई मोटरसदायकिल और चार पहिया वाहन के साथ नगर के चमन रोड सहित विभिन्न क्षेत्रो में नारेबाजी करते हुए जुलुस निकाला।

जुलुस निकालने और धारा 144 और आचार सहिता उंल्लघन की सुचना अन्य दलों के प्रत्यासियो द्वारा तत्काल पुलिस को दिया गया। साथ ही जुलुस का विडिओ सोशल मिडिया पर वायरल होने लगा। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए वायरल विडिओ से पहचान करते हुए सभासद साकिम बिन हेलाल पुत्र हेलाल अहमद, फैय्याज अहमद, खुर्शीद अहमद, हाजी शकील, नौशाद उर्फ. लड्डू, सेराज अहमद सहित कुल 13 नामजद 30 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# 'मेरा गांव मेरा बैंक' थीम के तहत किया किसानों से संवाद



**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत किसानों की बेहतर और उन्नत खेती को लेकर बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा सायंकालीन चैपाल का आयोजन झारखंडी बाबा शिव मंदिर प्रांगण में किया गया। ह्लमेरा गांव मेरा बैंकह्ल के तहत लगाए गए सायंकालीन चैपाल में किसानों को बैंक द्वारा दिए जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उमाशंकर सिंह रिजिनल मैनेजर मऊ, सुधीर पांडे आरओ क्रेडिट, अमर सिंह कुशवाहा एफएलसी मऊ शामिल हुए। रिजीनल मैनेजर उमाशंकर सिंह ने बताया कि सायंकालीन चैपाल के जरिए किसानों से जुड़ने का एक प्रयास है और जब किसान अपने साथ है तो बैंक समृद्ध होगा। और देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि ह्लमेरा गांव मेरा बैंकह्ल चैपाल के जरिए किसानों को बैंक की योजनाओं के बारे में जागरूक और उनसे संवाद स्थापित किया जा रहा है। बड़ौदा यूपी बैंक गोंठा के शाखा प्रबंधक आलोक सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बैंक की ऋण संबंधी योजनाएं जैसे फिसरी, डेयरी, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी, मुद्रा, जेएलजी बैंक की बचत संबंधी योजनाएं जैसे धन वर्षा योजना, सावधि समृद्धि योजना, आरडी और सुरक्षा बीमा योजना के तहत पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक की इन योजनाओं का लाभ लेकर आप अपनी खेती को और बेहतर कर सकते हैं। आलोक सिंह ने कहा कि किसानों की समृद्धि से देश की समृद्धि है और बड़ौदा यूपी बैंक किसानों को बैंकिंग की हर प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान क्रेडिट ऑफिसर मुकेश कुमार, करौली के शाखा प्रबंधक आनंद राय, कार्यालय सहायक आशुतोष सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बिजेंदर राय, धर्मेंद्र राय, सुधाकर राय, पूर्व प्रधानाचार्य झारखंडे राय, संजय उपाध्याय, रामविलास राय, गिरीश राय, विजय नारायण, श्याम नारायण, रामअवध, रिंकू, टिंकू, उषा, सुनीता, सरोज, अशोक, राजू, राममिलन, रेखा, सौरभ, राम शरीख समेत बड़ी तादाद में किसानों की मौजूदगी में इस कार्यक्रम का सफल अयोजन हुआ।

## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई अलविदा की नमाज

**कोपागंज, मऊ।** रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने सभी के सलामती की दुआ मांगी। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों पर आखिरी जुमे की नमाज पढ़ने के लिए काफी भीड़ जुटी रही। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कोपागंज नगर पंचायत और उसके आसपास के क्षेत्रो में अलविदा जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। शुक्रवार को नगर की प्रमुख शाही मस्जिद, कोईरियापार, पूराघाट, कुथीर्जाफरपुर अदरी आदि मस्जिदों पर अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी के सलामती एवं अमन चैन की दुआ मांगी। सभी मस्जिदों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान नगर पंचायत के मुख्य बाजार चैक पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गया इस दौरान एस डीएम सदर अनूप कन्नौजिया क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। नायब तहसीलदार अनुराग सिंह, राजस्व निरीक्षक राजेश सिंह, लेखपाल अश्वनी कुमार राय के साथ ही साथ थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा क्षेत्र में लगातार गस्त करते हुए सुरक्षा के इंतेजाम की निगरानी में लगे हुए थे।

## सुभासपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पर लगाये आरोप, कर रहे हैं टिकटों की हेराफेरी

**मऊ।** मुहम्मदपुर बाबूपुर में सुभसपा के कार्यकताओं ने बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बिच्छे लाल राजभर पर आरोप लगाते हुए कहाँ की नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव में टिकट का हेराफेरी कर रहे हैं। कोपागंज थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर बाबूपुर में सुभासपा के सैकड़ों कार्यकताओं ने बैठक की। जिसमें सुभासपा के विधानसभा सचिव घोसी नागवंशी राजभर ने बोले की जो पार्टी के कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करके पार्टी को मजबूत करता है उसे पार्टी टिकट नहीं देतीं हैं और पार्टी से हाली ही में जुडा में जुडा है और उसे पार्टी के बारे में सही से जानकारी भी नहीं होती है उसे पार्टी टिकट दे देती है। अगर इस तरह के लोग पार्टी से जुडते है, बेगैर मेहनत किये टिकट मिल जाता है, ये लोग चुनाव लडकर पार्टी छोड़ देते हैं।

# बॉलीवुड न्यूज

## ड्रीम गर्ल 2 के लिए एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी



**मुंबई।** ईद के खास मौके पर आयुष्मान खुराना स्टारर अपकमिंग फिल्म ड्रीम गर्ल 2 के लिए एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी किया है, जो बहुत मजेदार है। वीडियो में आयुष्मान खुराना के किरदार पूजा को बॉलीवुड के सुपरस्टार भाईजान से बात करते हुए दिखाया गया है। ये ड्रीम गर्ल 2 का तीसरा प्रमोशनल वीडियो है, जिसमें भाईजान और पूजा के बीच मजेदार बातचीत दिखाई गई है। भाईजान और पूजा एक अच्छी रोमांटिक बातचीत के बीच में हैं और भाईजान पूजा के चांद से मुखड़े का दीदार करने के लिए उत्सुक हैं और उससे सामने आने के के लिए भी कहते हैं। लेकिन तभी वीडियो में एक मजेदार ट्विस्ट आता है और जैसे ही पूजा अपनी खूबसूरत झलक दिखाने जाती है लाइट बंद हो जाती है। पूजा के साथ पठान और रॉकस्टार के पिछले वीडियोज दर्शकों के बीच हिट रहे थे, और यह इसे अगले स्तर पर ले जा रहा है। कहा जा सकता है कि ड्रीम गर्ल 2 के ये प्रमोशनल वीडियोज फिल्म के लिए प्रचार और प्रत्याशा बनाने में सफल रहे हैं, और फैन्स इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ड्रीम गर्ल 2 एक गुदगुदाने वाली और मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है, और आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे के बीच की केमिस्ट्री निश्चित रूप से स्क्रीन पर आग लगा देगी। बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित, फिल्म हंसी का दंगल होने का वादा करती है। ऐसे में फैन्स यह देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते कि ड्रीम गर्ल 2 में और क्या है। ये फिल्म 7 जुलाई 2023 को रिलीज होगी। इस रोमांचक फिल्म के बारे में अधिक अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें!

## कंगना रनौत लेकर आ रही हैं लिमिट-तोड़ रोमांच!



**इंदौर।** एक्शन थ्रिलर धाकड़ में कंगना रनौत ने एक तेजतर्रार महिला योद्धा, एजेंट अग्नि का दमदार रोल निभाया है। जब एक खतरनाक माफिया (अर्जुन रामपाल) दुनिया भर में अफरा-तफरी मचाने की चेतावनी देता है, तब हमारी हीरोइन को उसे मार गिराने के लिए अपनी मास्टर फाइटर स्किल्स आजमाना होगा। लेकिन अग्नि का सफर सिर्फ अपनी चुस्ती-फुर्ती और शारीरिक बल दिखाने के बारे में नहीं है, बल्कि उसे अपने अंदर चल रही कशमकश से भी लड़ना होगा और अपने मुश्किल अतीत का सामना करना होगा। नवोदित डायरेक्टर रजनीश घई के निर्देशन में बनी इस फिल्म को जापानी सिनेमैटोग्राफर टेटसुओ नगाटा ने शूट किया है। जैसे-जैसे इस फिल्म में एक्शन उभरकर सामने आता है, इसका रोमांच बढ़ता ही चला जाता है और अंत में यह एक दिल दहला देने वाले क्लाइमैक्स पर आ पहुंचता है, जो यकीनन आपको अपनी सीट से बांध लेगा। इसमें कंगना ने एक धमाकेदार एक्शन-पैक्ड परफॉर्मेंस दी है, जहां वो कुछ बेहद रोमांचक एक्शन सींस करती नजर आईं। अर्जुन रामपाल भी एक खतरनाक अपराधी के रोल में दर्शकों के रोंगटे खड़े कर देंगे। अर्जुन की पार्टनर के रूप में दिव्या दत्ता ने एक वेश्यालय चलाने वाली महिला के रोल में काबिले तारीफ परफॉर्मेंस दी है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना रनौत कहती हैं, एक्शन फिल्में अक्सर मेल एक्टर्स से जुड़ी होती हैं, लेकिन धाकड़ के साथ हमारी कोशिश यह थी कि हम दुनिया को बताएं कि फीमेल एक्टर्स भी कुछ जबर्दस्त एक्शन स्टंट्स कर सकती हैं। दर्शकों के माइंडसेट में उतरने के अलावा मुझे इसके लिए एक बड़ा फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन भी करना पड़ा। रजनीश ने एक बहुत ही स्टाइलिश फिल्म बनाई है, जो किसी इंटरनेशनल फिल्म की तरह लगती है। मुझे खुशी है कि अब एंड पिक्चर्स पर इस फिल्म के चैनल प्रीमियर के जरिए यह ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेगी।

# मुड़िकटवा ताल में रची गई वीरता की शौर्यगाधा

पुष्पेन्द्र तिवारी 'सिन्धु'

**रेवती।** देश भक्ति, क्रांति और आजादी की लड़ाई में बलिया जनपद के रेवती ब्लाक का लम्बा इतिहास रहा हैं। इन्हीं ऐतिहासिक कारनामों में प्रमुख रुप से शामिल है कुशहर ग्राम सभा का मुड़िकटवा ताल, जहां 22 अप्रैल 1858 में बिहार प्रांत के जगदीशपुर के जमींदार वीरवर बाबू कुंवर सिंह के पीछे लगी ब्रिटिश हुकुमत के 106 सैनिकों के सर कलम कर वीरता का शौर्यगाधा रचा गया।



यह दीगर बात है कि अगर हमारे जनप्रतिनिधि की नजर-ए-इनायत होती तो आज मुड़िकटवा का स्थल काफी विकसित होता। नगर के सटे पश्चिम कुशहर ग्राम सभा स्थित मुड़िकटवा में वीरवर बाबू कुंवर सिंह के शौर्य स्थल पर आज तक न हीं पर्यटन मंत्रालय और ना ही किसी जनप्रतिनिधि की नजरें इनायत हुई। 1857 में पीर अली को अंग्रेजों द्वारा फांसी दिये जाने एवं ब्रिटिश सरकार की हड़प नीतियों से खफा जगदीशपुर (बिहार) के बाबू कुंवर सिंह अपनी सेना लेकर ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध विद्रोह का डंका बजाते हुए अपनी हवेली से निकल पड़े। अस्सी वर्ष की उम्र के कुंवर बाबू को घेरने के लिए अंग्रेजी सेना उनके पीछे पड़ गई। विभिन्न अंग्रेज कैप्टनों के नेतृत्व में अंग्रेज सैनिकों के साथ कुंवर सिंह की लड़ाई आरा, दुल्लौर, अतरौलिया, आजमगढ़ आदि में हुई। वीरवर बाबू कुंवर सिंह अंग्रेज सैनिकों से लोहा लेते हुए मनियर के रास्ते इस क्षेत्र में प्रवेश किए।

कुंवर सिंह के पीछे कप्तान डगलस की सेना लगी हुई थी। आगे-आगे कुंवर सिंह अपनी अल्प सैन्य टोली के साथ निकल रहे थे। उनके पीछे लगातार अंग्रेज सैनिक लगे हुए थे। जब इसकी भनक यहां के स्थानीय आजादी के दीवानों को लगी तो वे तुरंत बाबू कुंवर सिंह के मदद की योजना तैयार करने में लग गए। रेवती, गायघाट, त्रिकालपुर, सहतवार तथा क्षेत्र के अन्य गांवों के लोगों ने गायघाट में बांस के नुकीले खप्चार तैयार किए। जिस रास्ते पर कुंवर सिंह आ रहे थे, उस रास्ते के अगल-बगल वे लोग परम्परागत हथियारों के साथ कुश के झुरमुटों तथा अरहर के खेतों में छिप गए।

कुंवर बाबू की सैन्य टोली आगे बढ़ गयी। जैसे ही अंग्रेज सैनिक आए, स्थानीय वीर जवान छापेमार योद्धाओं की तरह उन पर टूट पड़े तथा एक-एक कर 106 अंग्रेज सैनिकों को प्राणहीन कर दिया। उनका शव तथा शस्त्र वहीं एक कुंए में डाल दिया। आज उस कुंए का अस्तित्व धरातल पर नहीं है। तबसे इस स्थान विशेष का नाम मुड़िकटवा पड़ गया। मुड़िकटवा में यदा-कदा लोगों को 1958 के युद्धावशेष के रूप में कभी तलवार का टुकड़ा तो कभी कवच, भुजंग आदि मिलता रहा, लेकिन लोग इसके इतिहास की जानकारी के अभाव में युद्धावशेष को कबाड़ वालों को विक्रय कर दिया। हालांकि उक्त स्थल के घटनाक्रम का बलिया गजेटियर में उल्लेख है। बावजूद इसके शौर्य स्थल का विकास न होना पूर्ववर्ती सरकारों सहित वर्तमान सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

## शौर्य स्थल के विकास को होते रहे वादे

**रेवती।** सरकार तथा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार रहा मुड़िकटवा के शौर्य स्थल को स्मारक बनाने के लिए कुशहर के तत्कालीन युवा ग्राम प्रधान सोनू पासवान ने 12 कट्ठा जमीन उपलब्ध कराया। नगर रेवती के समाजसेवी अतुल पाण्डेय बब्लू को करीब 14 वर्ष पहले जब उक्त स्थल के विषय में जानकारी हुई तो वह 22 अप्रैल 2009 को अपने साथियों के साथ शौर्य स्थल पर पहुंचे और साफ-सफाई के उपरान्त झण्डा फहराया। इसके बाद प्रतिवर्ष बब्लू पाण्डेय के नेतृत्व में शौर्य स्थल पर झंडात्तोलन का कार्य अनवरत जारी है। बसपा सरकार के समय तत्कालीन विधायक शिव शंकर चौहान, सपा सरकार में नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी ने उक्त स्थल के विकास का वादा किया था। भाजपा सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने झण्डा फहराने के बाद यह कहा था कि पर्यटन विभाग को इसके विकास के लिए पत्र लिखूंगा, लेकिन क्षेत्र के इस ऐतिहासिक धरोहर की तरफ किसी का ध्यान नहीं रहा।

# अलविदा जुमा : इबादत के लिए झुके लाखों सर

**जौनपुर।** शहर में अलविदा जुमा की नमाज पूरे अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ की गई। अलविदा जुमा की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थी। बच्चे, युवा, बुजुर्ग

**त्योहार**

### अलग-अलग मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज



अटाला मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु



शिया जामा मस्जिद के बाहर सड़क पर नमाज अदा करते लोग

सभी ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की। अलविदा जुमा की नमाज के लिए जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही सारी तैयारियां पूरी कर ली थी। डीएम, एसपी ने खुद मस्जिदों का निरीक्षण करके नमाज के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए थे। नमाजियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। नगर में अटाला मस्जिद, बड़ी मस्जिद, शेर मस्जिद, शिया जामा मस्जिद सहित सब्जी मंडी, नवाब यूसुफ रोड, चहारसू चौराहा, ओलंदगंज, जोगियापुर, पालीटेक्निक चौराहा आदि स्थानों पर स्थित मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। शिया जामा मस्जिद नवाब बाग में अलविदा जुमा पर उपस्थित हजारों नमाजियों को खुत्बा ए जुमा में सम्बोधित करते हुए इमामे जुमा मौलाना महफुजुल हसन खां ने कहा कि रमजानुल मुबारक के रोजो से मुसलमान सब्र, आपसी मेलजोल, की तालिम हासिल करता है। मुस्लिम समाज की तरक़्क़ी उसी वक्त मुमकिन है जब समाज शिक्षित हो। खुत्बा ए जुमा के बाद मौलाना ने हजारों नमाजियों को नमाजे जुमा अदा कराई और मख़्सूस दुआ पढ़ाई। मुल्क और मिल्लत की खुशहाली और अमन की मख़्सूस दुआ की। मुतवल्ली शिया जामा मस्जिद शेख अली मंजर डेजी और जामा मस्जिद नवाब बाग इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यों ने सुव्यवस्थित नमाज की अदायगी के लिए नमाजियों और ज़िला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका परिषद प्रशासन एवं राजनेताओं शुक्रिया अदा किया।

इस्लाम में जुमे के दिन को बाकी दिनों से ज्यादा अहमियत दी गई है। ऐसे में रमजान के दिनों में जुमा और भी खास हो जाता है। ईद से पहले रमजान के दौरान जमात-उल-विदा यानी आखिरी जुमे की नमाज का महत्व बड़ा माना गया है। इस्लाम धर्म में जुमा यानी शुक्रवार का दिन खास माना गया है। ऐसे में जब जुमा का दिन रमजान के महीने में आता है, तो उसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है।

खासतौर पर आखिरी जुमा खास माना जाता है। हदीस के मुताबिक, रमजान में इबादत और नेकी के बदले 70 गुना ज्यादा सवाब (पुण्य) मिलता है। रमजान में 30 दिनों तक रोजे रखे जाते हैं, यानी करीब 4 हफ्ते लोग उपवास रखते हैं, इन चार हफ्तों में जुमा तीन-चार बार आता है, लेकिन आखिरी जुमा ही खास माना जाता है। इस साल अलविदा जुमा 21 अप्रैल को मनाया गया। अलविदा जुमा के दिन भी सभी का रोजा होता है। साथ ही यह दिन खास भी होता है इसलिए अल्लाह की इबादत में नमाज पढ़ते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा सवाब मिल सके। अल्लाह का लाख-लाख शुक्रिया अदा करते हैं और गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए दुआ मांगते हैं।

# दबंगों पर निर्माण कर जमीन कब्जाने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**दुस्साहस**

### पीड़ित ने मुख्यमंत्री व राज्यमंत्री से की शिकायत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अरगूपुर कला गांव में भूमाफिया दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री व राज्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों से लिखित पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। दबंगों द्वारा जमीन पर जबरन कराए जा रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है।

क्षेत्र के अरगूपुर कला गांव में गाटा संख्या 2644 नं. की जमीन है जिसका मामला तहसीलदार कोर्ट में चल रहा है। इसके पीछे का कारण है वरासत के दौरान रामनयन पुत्र अदालती यादव का नाम नामांतरण में छूट गया था जिसके लिए उन्होंने नाम अंकित करवाने के लिए तहसीलदार के यहां अपील की और सक्षम अधिकारियों के यहां भी अपील की है लेकिन इसी दौरान वादी का आरोप है कि पड़ोसी लाठी-डंडे हथियार के दम पर उनकी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। इस मामले पर पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन काम रोका नहीं गया। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव से भी लिखित प्रार्थना पत्र दे दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने को लेकर रोकने की मांग किया है। पीड़ित ने कहा है कि दबंग लोग उनके जमीन पर जबरदस्ती निर्माण करा रहे हैं। अगर निर्माण नहीं रोका गया तो जिला मुख्यालय पर धरने के लिए बाध्य होंगे।

# सर्वे को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में की गई बैठक

**आयोजन**

### विकास कार्यो की धीमी प्रगति पर जताई कड़ी नाराजगी

### कार्यो को समय से पूरा करने का दिया गया निर्देश

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक मुख्यालय के शहीद हाल में शुक्रवार को मिशन अंत्योदय सर्वे 2022 हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीडीओ काशीनाथ सोनकर की अध्यक्षता में की किया गया। इसमे बीडीओ द्वारा जरूरी दिशा निर्देश भी दिया गया। वहीं दो ग्राम पंचायतों में विकास कार्य की धीमी गति पाए जाने पर नाराजगी जताई गई।

उक्त कार्यशाला में एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, ब्लॉक मिशन मैनेजर ऋषभ सिंह और प्रीतम मौर्य ने सर्वे करने के तरीके और सर्वेयर की समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बीडीओ काशीनाथ सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त निर्देश पर सर्वे कार्य किया जा रहा है। सर्वे का उद्देश्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं आवश्यकता की कमी को आंका जाना है। बीडीओ ने ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो की समीक्षा की तो रायपुर व सम्मोपुर कला गांव में कार्य धीमी गति से करवाये पाए गए। जिस पर सचिव स्वतंत्र कुमार की गैर मौजूदगी में रोजगार सेवक व पंचायत सहायक से कड़ी नाराजगी जताई गई। उन्होंने कहा कि यदि सचिव स्वतंत्र कुमार उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में कार्य समय से नहीं करवाते हैं तो उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इस मौके पर सर्वेयर की समस्याओं को सुना गया और इसके निराकरण के उपाय बताएं। इस दौरान एडीओ पंचायत लालजी राम, सचिव धर्मेंद्र राय, उमेश सोनकर, अखिलेश कुमार, राजेश यादव, श्रुति गुप्ता, संदीप मौर्य, संजय मौर्य, बेलाल, राजू और समस्त पंचायत सहायक, बीसी सखी और ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# अवैध शराब पाये जाने पर होगी कठोर कार्रवाई

**बोले अनुज झा**

### डीएम ने आबकारी निरीक्षकों व अनुज्ञापियों के साथ की बैठक

### चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब से संबंधित स्थलों एवं कारोबारियों पर सतत निगरानी का निर्देश

### सभी मदिरा की दुकानों की सघन जॉच के लिए गठित की गयी टीम

जनसंदेश न्यूज



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी अनुज झा

**जौनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शान्तिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति हेतु आबकारी निरीक्षकों एवं अनुज्ञापियों के साथ बैठक की गयी जिसमें निम्नवत निर्देश दिये गयें। सभी दुकानों पर निर्धारित समस्त प्रविष्टियोंयुक्त नियमानुसार सहजदृश्य साइनबोर्ड लगा हो। सभी दुकानों पर बड़े एवं स्पष्ट शब्दों/अंकों में रेट लिस्ट, व्हाटएप नम्बर-9454466019 व टोल फ्री नम्बर-14405 एवं चेतावनी स्थायी रूप से अंकित होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहाकि सभी थोक एवं फुटकर दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे बिना किसी बाधा के अनवरत रूप से संचालित हों तथा उसमें मानीटर लगा हो तथा उस सिस्टम में एक माह का स्टोरेज बैकअप भी हो। सीसीटीवी कैमरा किसी भी दशा में बन्द नहीं होना चाहिए। कैमरा बन्द होने अथवा मानीटर न लगे होने की दशा में लाइसेंसधारक एवं विक्रेता के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस लिए जिन दुकानों पर इनवर्टर व मानीटर न हो तत्काल प्रभाव से दो दिन में लगवा लें। इसके सत्यापन के लिए टीमें गठित कर दी गयी है। सभी दुकानें निर्धारित दिवसों में नियत समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही खुले तथा उसके पूर्व अथवा पश्चात किसी भी दशा में मदिरा की बिक्री न हो और न ही किसी भी दशा में ओवर रेटिंग अथवा डाईलूशन होने पायें अन्यथा की दशा में संबंधित अनुज्ञापी पर विधिक कार्यवाही करते हुए विक्रेता पर एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। देशी शराब की समस्त दुकानों पर अनिस्तारित पुराना स्टाक कदापि न हो। विदेशी मदिरा, बीयर एवं माडल शाप्स का घोषित पुराना स्टाक रोलओवर होकर निर्धारित राजस्व जमा हो तथा उक्त स्टाक पर यथावश्यक नये एमआरपी का स्टीकर भी चस्पा हो। यह प्रकाश में आया है कि अधिकांश देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर की फुटकर अनुज्ञापनों पर समयान्तर्गत उनके एमजीक्यू/एमजीआर के सापेक्ष या तो उठान नही हो रहा है अथवा उसके बराबर उठान की ही प्रवृत्ति दिखायी दे रही है। सभी दुकाने अपने निर्धारित अवस्थिति, स्थल एवं चौहद्दी जो उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या एवं स्थिति नियमावली 1968 (यथासंशोधित) के प्रावधानों एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयादेश के अनुरूप हो, पर ही संचालित हो। सभी आबकारी निरीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी दुकानों के अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओं का चरित्र प्रमाण पत्र कार्यालय में उपलब्ध हो जाय जिससे संबंधित अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओ को नियमानुसार अनुज्ञापन/नौकरनामा के निर्गमन की प्रक्रिया सम्पादित की जा सकें। पूर्व में पकड़े गये अवैध शराब कारोबारियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाय तथा यदि चुनाव के दौरान अथवा चुनावी क्षेत्र में ऐसे कारोबारियों की कोई संलिप्तता प्रकाश में आती है तो तत्काल संबंधित के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जाय।

# पर्यावरण की रक्षा नहीं हुई तो प्रदूषित हो जायेगी पृथ्वी



जनसंदेश न्यूज

**कार्यक्रम**

### पृथ्वी दिवसः ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बचाने के लिए किया जागरूक

**सिकरारा।** माउंट लिट्रा जी स्कूल में शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के आयोजन पर छात्रों को ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा के छात्रों ने विद्यालय में पौधारोपण किया एवं अन्य कक्षा के छात्रों ने सेव अर्थ थीम पर पोस्टर एवं स्लोगन लिखे प्राथमिक कक्षाओं के लिए माडल एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता रखी गई थी एवं उच्च कक्षाओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य शिखा शर्मा ने पृथ्वी संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी प्रयास नहीं किये गए तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी पूरी तरह से प्रदूषित हो जाएगी और यहां जीवन बचाना असम्भव हो जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डा. अरविंद कुमार सिंह व विख्यात सिंह ने आभार प्रकट किया।



# ट्रिपल इंजन की सरकार से ही हो पाएगा विकास : प्रभारी मंत्री



जनसंदेश न्यूज

मछलीशहर। नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिगत स्थानीय एक पैलेस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और प्रदेश सरकार के मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहाकि ट्रिपल इंजन की सरकार लाने से ही संपूर्ण विकास संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि आपका प्रत्याशी आपको सरकार से सीधे जोड़ने की क्षमता रखता है बशर्ते कि आप इस चुनाव में विजई बनाकर मोदी और योगी को एहसान चुकाने के लिए विवश कर दें।

कहा कि आज प्रदेश में एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार है। मोदी के भयमुक्त प्रशासन की कड़ी का ही नतीजा है आज अपराधी खुद से आगे बढ़कर सरेंडर कर रहे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन को क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज, जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, मेहीलाल गौतम, अनुराग सिन्हा, अर्चना शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने और संचालन जिला प्रभारी राजेश सिंह ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, राम लखन मौर्य, कमलेश सिंह, आशा मौर्या, वंदना पटेल, राजेश गुप्ता, कृपा शंकर श्रीवास्तव, रवि पटवा, जितेंद्र निगम, शैलेश गिरी आदि रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कौड़िया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के अक्खीपुर गांव निवासी 23 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र विजय व 22 वर्षीय राजमन पुत्र बुधु बीती देर रात बाइक से शाहगंज से घर जा रहे थे कि कौड़िया गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायलों की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## प्रचंड गर्मी आते ही विद्युत विभाग का खेल शुरू

जौनपुर। अप्रैल महीने की शुरूआत होते ही प्रचण्ड गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की ओर से जारी घोर कटौती से आम जनमानस बेहाल है। भीषण गर्मी के साथ ही अघोषित विद्युत कटौती के चलते लोगों का जीना दूभर हो गया है। गर्मी के शुरूआती दौर में बिजली विभाग की घोर लापरवाही की पोल खुलती नजर आ रही है। गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती के चलते घरों एवं दुकानों के विद्युत पर आधारित उपकरण शोपीस बने हुए हैं। लोग भीषण गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। वहीं कूलर, पंखे, फ्रिज, एसी महज शोपीस बने हुये हैं। इन दिनों गर्मी से लोग बेहाल हैं। ऐसे में बार-बार बिजली कटौती से लोगों की मुसीबत काफी बढ़ गई है। तपिश से लोगों को घर में चैन है न घर के बाहर ही आराम है। वहीं लोगों में इस बात की समस्या बनी हुई है कि अभी तो अप्रैल माह ही चल रहा है मई और जून अभी बाकी है। ऐसे में गर्मी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में सूरज का तापमान अधिक होने से लोगों

**परेशानी**

**तापमान अधिक होने से लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर**

का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर सन्नाटा छाया रहता है। शाम छह बजे के बाद ही लोग घरों से बाहर निकल पा रहे हैं। इस प्रचण्ड गर्मी में बिजली की आपूर्ति भी बदतर है। महज 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उसमें भी बिजली की आवाजाही बनी रहती है। लगातार बिजली नहीं मिलने से लोग पड़ रही तेज गर्मी व उमस से परेशान हैं। घरों के भीतर रहने वाली महिलाओं व बुजुर्गों को काफी दिक्कत होती है। बिजली कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों का कहना है कि बिजली की आपूर्ति बेहतर हो व निर्धारित आपूर्ति के घंटे सुनिश्चित हों तो उन लोगों को गर्मी में दिक्कत नहीं होती, लेकिन स्थिति यह है कि गर्मी के साथ ही बिजली भी परेशान कर रही है।

## संक्षेप

### मस्जिदों व ईदगाह पर की गई साफ-सफाई



गौराबादशाहपुर। अलविदा जुमा के अवसर पर मस्जिदों व ईदगाह पर नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई व दवाओं का छिड़काव करवाया गया। ईओ डॉ. अनुपम सिंह अपने कार्यालय के सफाई कर्मियों की चार टीम बनाकर प्रत्येक वार्डो में ईदगाह व मस्जिदों पर साफ-सफाई करवाया। ईओ के निर्देशन में जगह-जगह पानी के टैंकर खड़े कर दिए गए थे तथा दवाओं का छिड़काव भी किया गया जिससे अलविदा जुमा पर मस्जिदों में आने वाले लोगों को काफी राहत मिली। इस दौरान ईओ खुद भ्रमण करते हुए साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### ईदुल फितर पर चुस्त दुरुस्त कराई गयी सफाई व्यवस्था



मड़ियाहूं। जिलाधिकारी के निर्देशन में ईदुल फितर के त्योहार के पावन पर्व को मद्देनजर रखते हुये नगरपंचायत अधिशासी अधिकारी डा. संजय कुमार ने शुक्रवार अलसुबह से ही सफाई कर्मियों को लेकर ईदगाह मैदान व ईदगाह जाने वाले रास्तों व पटरियों पर जमे गंदगी की साफ सफाई कराने में जुटे रहे। सफाई के साथ-साथ नालियों पर डीटीटी पाउडर का छिड़काव व नगर के सभी वार्ड स्थित ईबादतगाहों के आसपास सफाई तथा फागिंग व ईदगाह मैदान पर टैंकरों से नमाजियों के वजू बनाने के लिए पानी की व्यवस्था कराने में जुटे रहे।

### अलविदा जुमा के दिन मांगी दुआएं

जफराबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कस्बा जफराबाद में तीन जगह अलविदा जुमे की नमाज संपन्न हुई जिसमें लोगों ने वतन में अमन शान्ति के लिए दुआएं मांगी तथा मोहल्ला नासही में स्थित शिया जामा मस्जिद में मौलाना मरजान हाशमी ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई और नमाज के बाद एक मजलिस ए अजा हुई जिसको खिताबत मौलाना कैसर अब्बास साहब ने किया और मजलिस के बाद लोगों ने देश में अमन-चैन सुख शांति के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा जिसमें चौकी प्रभारी कस्बा जफराबाद आशीष पाण्डेय, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार सैनी, विपुल सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### गंगा जमुनी तहजीब के साथ आयोजित हुई इफ्तार पार्टी



जलालपुर। विगत वर्षों की भांति इस बार भी सहयोग वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश चेयरमैन एजाज अहमद हाशमी के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। हाशमी ने कहा कि इफ्तार पार्टी सामाजिक समरसता पर बल देता है। उक्त इफ्तार पार्टी में सर्व धर्म सम्भाव की भावना देखने को मिली। इफ्तार के बाद हाफिज आजाद ने मगरिब की नमाज पढ़ाई और मुल्क में अमन और शान्ति के लिए दुआ मांगी। उक्त अवसर पर महिमापुर पूर्व प्रधान संकठा गुप्ता, मीरू अहमद, रतन लाल मौर्या, मंसूर अली, आनंद मोदनवाल, अर्जुन गुप्ता, मोहम्मद इमरान, मो. इनाम, भुल्लन भारती, राजेंद्र प्रसाद, दिलशाद, मो. आरिफ, अनीता मौर्या, मुन्ना देवी, सरोजा, जरुरन, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बदलापुर। घनश्यामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के मदापुर तिराहे के पास से शुक्रवार को पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को एक तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि बटाऊबीर चौराहे पर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि मदापुर तिराहे पर देवरामपुर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर नागेंद्र यादव उर्फ कल्लू खड़ा है जो किसी के आने का इंतजार कर रहा है। चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## संक्षेप

### टोल प्लाजा पर बैरियर लगाए जाने से रोष

गोपीगंज। लालानगर में स्थित टोल प्लाजा पर प्रशासन की मनमानी से बैरियर लगाए जाने के कारण सैकड़ों ग्रामीणों व राहगीरों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाला नगर से जिला मुख्यालय ज्ञानपुर जाने वाले मार्ग को टोल प्लाजा के कर्मियों द्वारा बंद कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अनाधिकृत तौर पर हाईवे के डिवाइडर पर लोहे का बैरियर लगाया गया है। कृषि कार्य हेतु वाहनों को भी आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। लालानगर से जिला मुख्यालय जाने वाले मोड़ पर हाईवे के डिवाइडर पर बीचो-बीच कुछ महीने से टोल कर्मियों के द्वारा एक बैरियर लगा दिया गया है। नई कंपनी ने जब टोल हैंडओवर लिया तो उसने भी बैरियर नहीं हटाया। बताया जाता है कि अनाधिकृत तौर पर यह बैरियर लगाकर यातायात रोका गया है। इस समय गेहूं की मड़ाई और किसानों को अन्य कार्यों से अपने ट्रैक्टर और अन्य वाहन इस पटरी से उस पटरी करने पड़ते हैं, लेकिन बैरियर पर तैनात कर्मी वहां मौजूद नहीं होता और उक्त बैरियर को नहीं खोला जाता है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने कहा कि अगर टोल प्लाजा की मनमानी नहीं रोकी गई तो वह है आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नया टोल प्लाजा बनने के बाद हाईवे के डिवाइडर पर यह बैरियर नहीं लगाया गया था, लेकिन कुछ महीने पहले टोल पर तैनात कर्मियों ने मनमानी दिखाते हुए लोहे का एक अनाधिकृत तौर पर बैरियर लगा दिया था। मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, उन्होंने ट्रैफिक इंस्पेक्टर से वार्ता किया और उन्हें निर्देशित किया कि मामले समस्या का समाधान करें।

### औद्योगिक पार्क विकसित करने पर पूर्वांचल में 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट

ज्ञानपुर। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र भदोही द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगो को बढ़ावा देने हेतु निजी औद्योगिक पार्को के विकास की योजना लागू की गई है। जिसके अन्तर्गत निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने पर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वाचल में 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट तथा औद्योगिक पार्क विकसित करने पर 1 प्रतिशत व्याज पर ऋण दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र भदोही में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

ज्ञानपुर। कोइरौना थाना क्षेत्र के मनोहरपुर केवटाही गांव निवासी 30 वर्षीय युवक की जंगीगंज में जीटी रोड पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों के बीच मातम पसर गया। बता दें कि केवटाही गांव निवासी आकाश उर्फ टिंकू सिंह पुत्र नन्हकू सिंह गुरुवार की देर रात गोपीगंज की ओर से बाइक से घर आ रहा था। वह करीब साढ़े 10 बजे जंगीगंज बाजार में तेज रफ्तार में हाइवे पर ओवरट्रैक करने के चक्कर में खड़ी ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ा। इस दौरान उसे गम्भीर चोटें आ गईं। स्थानीय लोग व पुलिस जब तक हॉस्पिटल भेजने का प्रयास कर रहे थे तब तक उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोपीगंज पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। शव का स्थानीय गंगा घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। उधर परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की माँ अनीता देवी व पत्नी सहित अन्य परिजन दहाड़े मारकर रो रहे हैं। उनके करूँण क्रंदन को सुन लोगों की आंखें नम हो गईं। मृतक को एक छोटा पुत्र व पुत्री है।

### जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोल्ड चेन मैनेजर हुये सम्मानित

भदोही। कोरोना से बचाव के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान के दौरान वैक्सीन के कुशल प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क;ई. विनद्ध एवं कोविड वैक्सीनेसन में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. अपर्णा उपाध्याय ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश सिंह और ड्रिस्ट्रिक्ट वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर डॉक्टर प्रभात मिश्रा को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय इलेक्ट्रानिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क, ई.विनद्ध की कार्यशाला में टीकाकरण रखरखाव को बेहतर तरीके से बताया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक का कहना है की वैक्सीन के बनने से लेकर लाभार्थी तक पहुंचने तक उसे एक लम्बा सफर तय करना पड़ता है। ऐसे में तापमान और रौशनी के प्रभाव से कई वैक्सीन अपनी क्षमता खो देती हैं। इसीलिए कोल्ड चेन प्रबंधन के तहत जिले में 10 कोल्ड चेन स्टोर बनाए गए हैं। वहीँ सप्लाई चेन के तहत यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वैक्सीन की पर्याप्त मात्राए सही समय, सही स्थान, सही तापमान पर ही सही लाभार्थी तक पहुंचे।

### शांतिपूर्ण तरीके से अता की गई अलविदा की नमाज



गोपीगंज। नगर गोपीगंज सहित आस पास के मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। नमाजियों ने देश में शांति और खुशहाली की दुआ की। नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। गोपीगंज के जामा मस्जिद में दोपहर करीब 1.15 बजे अलविदा जुमे की नमाज हुई। इसमें बड़ी संख्या में नमाजी जामा मस्जिद पहुंचे। नमाज पढ़ी। अपर जाधिकारी रविंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी आकाश, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय प्रभारी सदानंद सिंह, चौकी इंचार्ज मनोज राय सुरक्षा व्यवस्था पर पूरी तरह नजर रखे रहे। गर्मी को देखते हुए जामा मस्जिद के अलावा मदरसा में नमाजियों के लिए व्यवस्था कराई गई थी। जिससे रोजेदारों को परेशानी न होने पाए। मान्यता है कि रमजान के अखिरी जुमे की नमाज को अदा करने से दुआएं कबूल होती हैं। अल्लाह रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है। जामा मस्जिद के गुड्डू चौधरी, हसनैन, सरवर खान, सिराज अख्तर अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बताया कि रमजान ऊल मुबारक के आखिरी जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए हर तरह की व्यवस्था पहले ही दुरुस्त की गई थी। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में चार जुमे की नमाज पढ़ी जाती है। आखिरी जुमे की नमाज को अलविदा रमजान होता है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय नगर एवं ग्रामीण इलाकों में अलविदा की नमाज पूरी अकीदत के साथ पढ़ी गई। इस दौरान पुलिस ब्यवस्था व साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मीनाक्षी चतुर्वेदी द्वारा रमजान माह के अंतिम जुमा के मौके पर नगर क्षेत्र के सभी मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई कराई गई और चूने का छिड़काव भी कराया गया। सुबह से ही नगर पालिका की टीम सक्रिय रही और नगर के आधा दर्जन से अधिक मस्जिदों के बाहर साफ सफाई कराई गई। ईद त्योहार के दृष्टिगत सभी मस्जिदों के पास नगर पालिका द्वारा पानी का टैंकर भी लगवाया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी दलबल के साथ नगर क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। सुरक्षा के लिहाज से मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।

## संत निरंकारी मिशन के तहत विश्वव्यापी रक्तदान शृंखलाओं का आयोजन

जौनपुर। मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविरों के आयोजन से 'मानव एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याण हेतु संत निरंकारी मिशन की समाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा भारत वर्ष में स्थापित निरंकारी मिशन की लगभग सभी ब्रांचों सहित



मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी रक्तदाता स्वेच्छापूर्वक सम्मिलित होकर 24 अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे। यह जानकारी मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताते हुए आगे कहा कि युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह ने सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया, साथ ही समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया जिनमें सादा शादियां, नशा मुक्ति एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया समाज के व्याप्त कुरीतियों के उस दौर के उपरांत बाबा हरदेव सिंह के प्रेरक संदेश ₹रक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों मेंं₹ द्वारा सभी श्रद्धालुओं को एक नई सकारात्मक दिशा मिली उसी प्रेरक संदेश को प्रत्येक निरंकारी भक्त मानवता के उपकार हेतु निरंतर उसे जीवंत रूप में अपनाकर लोक कल्याण हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह महा अभियान भारत में स्थापित संत निरंकारी मिशन की 99 जोन की लगभग सभी ब्रांच में आयोजित किया जाएगा। इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जांच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रुप से ध्यान दिया जाएगा। साथ ही रक्त दाताओं हेतु जलपान की समुचित प्रबंध व्यवस्था भी की जा रही है। रक्तदान शिविरों में रक्त संग्रहित करने हेतु सरकारी अस्पतालों से योग्य एवं प्रशिक्षित टीम आएगी।

## शिक्षक पर अश्लील हरकत का आरोप, छात्राओं ने छोड़ा विद्यालय

बदलापुर। विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय ऊदपुर गेल्हवा के एक शिक्षक की डर से कई छात्राओं ने विद्यालय से अपना नाम ही कटवा लिया है। बताते चलें कि एक तरफ शासन प्रशासन शिक्षा ब्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने के लिए लगातार स्कूल चलो अभियान चला रही है। वहीं विकास खंड के ऊदपुर गेल्हवा कम्पोजिट विद्यालय के छात्राओं ने शिक्षक की डर से अपना नाम कटवा ली है। इस सम्बन्ध में जब पीड़ित छात्राओं और उनके अभिभावकों से बात की गई तो उन्होंने शिक्षक पर अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगाए हुए उक्त विद्यालय से नाम कटवा लेना ही अपनी छात्राओं को सुरक्षित समझा। फिलहाल इस सम्बन्ध में जब उक्त कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं कई बार उक्त शिक्षक को समझने बुझाने का प्रयास करती रही लेकिन वह हमसे भी लड़ने झगड़ने पर उतारू हो जाते हैं। फिर मैंने जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं होने के कारण वह अपने प्रधानाध्यापिका पद से इस्तीफा देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बदलापुर को लिखित पत्र देकर इस्तीफा की मांग की है।

# अकीदत के साथ अदा की अलविदा की नमाज



मोहल्ला कजियाना में अलविदा जुमा की नमाज अदा करते नमाजी



शहर के अजीमुल्लाह चौराहे पर एसडीएम के पी पांडेय से आवश्यक जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी

भदोही। जनपद में शुक्रवार को अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के निर्देश पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भारी पुलिस बल सहित मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात हैं। कई क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की टीम पैनी नजर रखे हुए हैं।

जनपद के गोपीगंज, भदोही, खमरिया, सुरियावां, घोसिया समेत विभिन्न इलाकों में अलविदा की नमाज के दृष्टिगत मस्जिदों पर सुरक्षा चाक-चौबंद की गई है। गोपीगंज में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई इस दौरान क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की सोशल मीडिया सेल के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अगर कहीं भी कोई अराजकता फैलाता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करे। अलविदा की नमाज व ईद को संपूर्ण तैयारियों के साथ शांतिपूर्ण व सकुशल मनाए जाने हेतु अजीमुल्ला चौराहा सहित जनपद के विभिन्न कस्बों में जिलाधिकारी गौरंग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासनिक व पुलिस की टीम के साथ लगातार निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी कहा कि जनपद में शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज अदा की गयी हैं ईद पर कही कोई परेशानी न हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबन्ध किये गए हैं।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

भदोही। थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-86/2023 धारा-363, 366 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराध में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राम उपाध्याय उर्फ बाबू पुत्र राम बहादुर उपाध्याय निवासी चक निरंजन थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

## अश्लील वीडियो बनाकर युवती ने किया ब्लैकमेल, युवक ने खाया जहर

गोपीगंज। नगरीय क्षेत्र की एक युवती द्वारा अलग अलग लड़कों को अपना अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चले की इन्ही युवतियों द्वारा एक युवक को इसी तरह अपना अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करती रही, अपने मकसद में कामयाब न होने पर युवती ने उल्टा ही उस युवक के विरुद्ध थाने में अपने साथ अश्लील वीडियो और नाजायज तरीके प्रताड़ित करने और ब्लैक मेलिंग का आरोप लगाकर उसे जेल भेजवा दिया। स्थानीय पुलिस ने तह तक न जाकर युवती के बातों को विश्वास करते हुए, संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। गुरुवार को इन्ही युवतियों द्वारा सजातीय अपने मोहल्ले के युवक से प्रेम पसंग बढ़ाकर अपने विश्वास में लेते हुए बाथरूम में जाकर मोबाइल पर अश्लील वीडियो बनाकर और युवक का अर्धनग्न वीडियो बनाकर धमकी देकर अवैध वसूली करने लगी, युवक इसके कृत्य से समाज के डर से दिन

**दुखद**

**गोपीगंज में सक्रिय ऐसी युवतियों का गैंग**

बृहस्पतिवार को विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी इहलिला समाप्त करने का प्रयास किया, संयोग अच्छा रहा की परिजनों ने हालत खराब होते देख युवक को नजदीकी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां वह खतरे से बाहर बताया जाता है। अभी तक तो अज्ञात लोगों द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का मामला दिखता रहा, परंतु इस तरह के मामले अब अपने नगर में भी पांव पसार रहे है। और पुलिस इस तरह के मामले में युवतियों और औरतों की बातो में आकर बेगुनाहों के विरुद्ध ही कार्यवाही करती है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने ने बताया की हमारे संज्ञान में नहीं है, अगर हमारे पास आते तो जांचोपरांत कार्यवाही की जाती।

## शिक्षक समस्या समाधान दिवस में बीएसए ने सुनी फरियाद

**समाधान दिवस**

**सताइस में 16 मामलों का किया त्वरित निस्तारण**

भदोही। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में विकास खण्ड सुरियावां के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को अपरान्ह दो बजे से किया गया।



विकास खण्ड सुरियावां के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षकों की समस्याओं को सुनते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

शिक्षक समस्या समाधान दिवस के अवसर पर बीएसए ने सत्ताईस अध्यापकों की फरियाद सुनी। जिसमें सोलह अध्यापकों की समस्या का त्वरित समाधान कर दिया। शेष ग्यारह प्रकरण विचाराधीन श्रेणी में डाले गए। उनका निस्तारण अगले एक सप्ताह में कर दिया जाएगा। शिक्षक इस नवीन प्रक्रिया से अति उत्साहित दिखे और उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की इस पहल का स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वे शिक्षकों की समस्याओं का समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं और उनकी एवं शासन की अपेक्षा मात्र इतनी है कि वे निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां सुमन केसरवानी, सिराज, एसआरजी विनय पाण्डेय आदि मौजूद रहें।

# आकस्मिक दंगा और बलवा से निपटने के लिए पुलिस तैयार

**तैयारी**

**एसपी के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास**

जनसंदेश न्यूज



आकस्मिक दंगा व बलवा से निपटने व नियंत्रण हेतु अभ्यास करते पुलिसबल

भदोही। आगामी पर्वों व नगर निकाय निर्वाचन के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था एवं समाज में सुरक्षित भयमुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक व उप जिला मजिस्ट्रेट भदोही सहित समस्त क्षेत्राधिकारी , थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ मुंशीलाटपुर स्थित खेल मैदान में ₹दंगा नियंत्रण स्कीम₹ का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया तथा पुलिस कर्मियों को दंगाइयों बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। दंगा नियंत्रण उपकरणों शस्त्रों का संचालन कराया गया एवं जानकारी दी गई। बलवा ड्रिल प्रशिक्षण सत्र में सभी पुलिसकर्मियों को बलवा व दंगा होने के दौरान बलवाईयो पर पुलिस की तरफ से की जाने वाली कार्यवाही को अलग-अलग टीम बनाकर प्रदर्शित किया गया। एसपी ने बलवा ड्रिल के दौरान पायी गयी खामियों पर विस्तृत रुप से सभी पुलिस कर्मियो से फीडबैक लेकर सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम आज

ज्ञानपुर। विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल के मौके पर "सेल्फी विद अमृत सरोवर" कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम में संबन्धित ग्राम के मनरेगा श्रमिकों, रोजगार सेवक, महिला मेट, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव एवं स्वयं सहायता समूह की दीदीयां, बी सी सखी संबन्धित ग्राम पंचायत के निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त, ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक के क्रम में अवगत कराना है कि अमृत सरोवर एक महत्वपूर्ण योजना है। उप मुख्यमंत्री द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम आयोजित करते हुए उसके फोटोग्राफ, वीडियो, वाइस मैसेज, मैसेज को ट्विटर एवं अन्य सोशल मिडिया पर अपलोड करने एवं उक्त सुअवसर पर एक गोष्ठी भी आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्देश प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# बिना सदन के यहां-वहां बैठके करता बीता नगर निगम का पांच साल का कार्यकाल

# वाराणसी देश का अकेला ऐसा नगर निगम जिसका कोई सदन नहीं


ऐसा था पुराना सदन, जहां बैठती थी 'मिनी संसद'


गदा कुछ इस तरह होता है, निगम के आन-बान शान का प्रतीक गदा

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी नगर निगम वाराणसी नगर का प्रशासकीय निकाय है। नगर निगम में लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए सदस्य सम्मिलित होते हैं, जिनका नेतृत्व महापौर द्वारा किया जाता है, तथा इनके द्वारा नगर के बुनियादी ढ़ांचे एवं सार्वजनिक सेवाओं का प्रबंधन किया जाता है। राज्य के विभिन्न अग्रणी राजनैतिक दलों के सदस्य नगर निगम के निर्वाचित सदस्य होते है। महापौर एवं पार्षदों का निर्वाचन 5 वर्ष के लिए किया जाता है। म्यूनिसिपल कारपोरेशन एक्ट 1959 के अन्तर्गत वाराणसी नगर निगम की स्थापना 24 जनवरी 1959 को नगर महापालिका के रूप में की गई थी, जिसे वर्ष 1994 में नगर निगम के रूप में उच्चीकृत किया गया। 90 वार्डों एवं कुल 82 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला नगर घनी आबादी वाला है तथा यहॉं पर बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का आगमन होता है। नगर के लिए योजनाएं तैयार करना, इसका विकास एवं रख-रखाव तथा अपने नागरिकों को जनोपयोगी सेवाएं प्रदान करना वाराणसी नगर निगम का दायित्व है। वाराणसी को एक गतिशील, जीवंत, सुन्दर, आत्म-निर्भर एवं समस्त बुनियादी सुख सुविधाओं सहित स्थायित्वपूर्ण नगर बनाना एवं बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराना वाराणसी नगर निगम का मिशन है। वाराणसी नगर निगम द्वारा उक्त मिशन की पूर्ति हेतु समस्त आवश्यक दायित्वों एवं स्व-विवेकाधीन कार्यों का निर्वहन किया जाता है। बावजूद इसके वर्ष 2017 से वर्ष 2022 का समय बीत गया लेकिन निगम के पास बैठक करने का अपना सदन तक नहीं हो सका, इन पांच सालों में महापौर रही मृद्ला जायसवाल ने कुल तीन बैठकें कर शहर की कई योजनाओं पर चर्चा की लेकिन सदन के बारे में पांच साल में कहीं भी ना तो प्रस्ताव लाया गया और ना ही बुनियादी ढांचा तैयार किया गया।

## कब होगा अपना सदन


प्रेक्षागृह और सदन की जमीन पर बना रूद्राक्ष।

वाराणसी देश भर के लिए कई मायनों में प्रमुख स्थान है, पहला तो यह विश्व की प्राचीन व जीवंत शहर में से एक हैं, दूसरा पूरे विश्व के लोगों के लिए आध्यात्म व मोक्ष का प्रमुख केंद्र है, अब बात तीसरे मूल्यांकन ही हो तो वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है, इन तीन कारणों से वाराणसी का कद देश भर के शहरों मुकाबले बढ़ा है, लेकिन अब वाराणसी के कद पर देश भर में बट्टा तब लगना शुरू होगा जब लोगों को मालूम होगा की वाराणसी नगर निगम का अपना कोई सदन नहीं है। यह एक हास्यास्पद स्थिति है, वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक चले कार्यकाल के दौरान संचालित बैठक सदन में नहीं हुई क्योंकि वाराणसी निगम के पास अपना सदन तक नहीं हैं। इन पांच सालों में मृदुला जायसवाल के नेतृत्व में जितनी भी बैठकें हुई सब या तो टाउनहॉल में या फिर चौकाघाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में आयोजित हुईं। अब देखना यह है कि आने वाले समय में निगम का अपना सदन होगा या फिर शहर के विभिन्न स्थानों पर ही बैठक करते हुए यह भी पांच साल बीत जाएगा।

**तत्कालीन महापौर राम गोपाल मोहले के कार्यकाल में हुई थी मिनी सदन की अंतिम बैठक**

**मृदुला जायसवाल के पूरे कार्यकाल 2017-22 के दौरान विभिन्न स्थानों पर 30 बैठकें हुईं**

**मिनी सदन की बैठक के दौरान महापौर के समक्ष रखा गदा निगम के आन-बान व शान का प्रतीक**

**गदा को एक स्थान पर रखने की है परम्परा घुमन्तु बैठकों के दौरान गदा लेकर टहलने का नियम नहीं**

### सवाल वही-कहां से चलेगी स्थानीय सरकार कहां होगी बैठक

वर्ष 2017 में जब जनता ने शहर की नई सरकार चुनी को इस बात का सुगबुगाहत शुरू हुई कि सरकार तो बन गयी अब यह सरकार किस पार्षद के घर पर चलेगी, यही सोचने में पांच साल बीत गया, और इन पांच सालों में कुल तीस बैठकें बिना सदन के विभिन्न स्थानों पर कर लिया गया। पांच साल बाद एक बार फिर पांच साल के लिए जनता की सरकार बनाने का समय आ गया और एक बार फिर वही सवाल जेहन में हैं कि जनता द्वारा चुनी गई शहर की सरकार कहां चलेगी। कहां होगी बैठक। सदन की कार्यवाही कहां संचालित होगी। इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### बिगाड़ने से पहले बनाना उचित नहीं समझा-यक्ष प्रश्न

मिनी सदन के लिए नई सरकार के गठन का समय आ गया इस पर कई पूर्व पार्षदों से बात करने पर सभी का एक मत रहा कि पांच साल बाद आज भी वही प्रश्न हैं कि नगर की सरकार बनने के बाद निर्वाचित सदन आखिर कहां चलेगी ? पिछली बार का पांच साल तो बीत गया इसमें कई कानूनी पचड़ों को शामिल किया गया था लेकिन इस बार की भी सरकार घुमन्तु ही रहेगी। कन्वेंशन सेंटर तो बना लेकिन मिनी सदन का पुरातन स्वरूप खत्म कर दिया गया पर उसका विकल्प नहीं तलाशा गया।

### तत्कालीन महापौर ने रखा था प्रस्ताव

वर्ष 2012 से 17 तक के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन वाराणसी के महापौर रामगोपाल मोहले ने पचास साल पुरान निगम के मिनी सदन के पुर्ननिर्माण की योजना बनाते हुए एक डिजाइन भी तैयार कराया था इसके लिए उन्होंने आर्किटेक्ट को बकायदा फीस भी दी थी, उस डिजाइन को केन्द्र की सरकार में दिखाया गया, इसके बाद उसका स्वारुप बदल दिया गया, कन्वेंशन सेंटर के रुप में उसमें भी तत्कालीन महापौर रामगोपाल मोहले ने एक प्रस्ताव रखा की इस सेंटर के बनने के बाद मिनी सदन की कार्रवाई इसी में संचालित हो।

### मेयर को अधिकार कहीं भी बुला सकता है बैठक

पांच साल ऊहापोह में बीत गया एक बार फिर नई सरकार की तैयारी में लोग लग गये चुनाव होगा और फिर नई सरकार का गठन होगा फिर सवाल आयेगा कि बैठक होगी कहां, नगर निगम अधिनियम के जानकार बताते हैं कि मेयर को यह अधिकार है को वह सभी संबंधित को 96 घंटे पूर्व सूचना दे कर कहीं भी बैठक बुला सकता है। लेकिन कहां, होटल में, सांस्कृतिक संकुल में, नागरी नाटक मंडली में, टाउन हॉल में, शहीद उद्यान में शामियाना लगा कर।

### वर्ष 2017-22 के कार्यकाल में सदन निर्माण की उठी थी बात

महापौर मृदुला जायसवाल के समय में मिनी सदन के निर्माण के लिए कार्य योजना बनायी गयी थी, जिसपर वाराणसी नगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया भी की गई थी। विधानसभा की तर्ज पर वाराणसी नगर निगम के मिनी सदन के निर्माण की बात की गयी थी। एक एकड़ में इसका निर्माण कराना था, लेकिन यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गयी।

## क्या है 'गदा' और क्यों इसे बचाते थे महापौर

मिनी सदन में होने वाली महापौर की बैठक में जहां शहर की कार्य योजनाओं पर प्रमुखता से वार्ता करते हैं वहीं प्रमुखता के साथ महापौर के पास एक गदा भी रखा रहता है, यह सिर्फ गदा ही नहीं बल्वि महापौर के सम्मान व निगम की गरिमा को इंगित करता है। बैठक के बाद गदा उठाना इस बात का घोतक हैं कि अब सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी गयी है। किसी भी हंगामे पर सबसे पहले गदा को निगम के कर्मचारी सुरक्षित करते हैं। यह गदा पूर्व में महापौर के दफ्तर की आलमारी में रखा जाता है, आलमारी खराब होने के बाद से यह गदा नाजिर के कार्यालय में रखा रहता है। इस गदा को घुमाने की परम्परा नहीं हैं लेकिन पांच साल से कोई सदन ना होने से इस गदा को सिर्फ घुमाया जा रहा है। कहीं टाउनहाल तो कहीं सास्कृतिक संकुल। चौकाघाट स्थित गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में नगर निगम सदन की पहली बैठक बुलायी गयी थी। एजेंडे के तहत कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन होना था। महापौर ने चुनाव कराने के लिए औपचारिक घोषणा कर दी। तभी दशाश्वमेध पार्षद नरसिंह दास ने सदन में शोक प्रस्ताव लाया। कुछ मामलों को देखते हुए सदन का स्थगित कर दिया गया, कुछ पार्षद नाराज हुए तो महापौर के न्यायदंड (गदा) को लेकर भागने लगे। इसके पूर्व वर्ष 2012 से 2017 के बीच तत्कालीन महापौर रामगोपाल मोहले की बैठक निगम स्थित मिनी सदन मे होती थी उनके कार्यकाल में भी कई बार पार्षदों की ओर से उनका न्यायदंड (गदा) को लेकर भागने की कोशिश की जाती रही है। ऐसे में हंगामा होने के बाद सबसे पहले महापौर अपनी गदा को सुरक्षित स्थान पर रखते थे।

### जापान व कोरिया के लोग भी आये थे देखने

वाराणसी निगम का मिनी सदन की बनावट व कार्यप्रणाली को देखने के लिए कोरिया व जापान का प्रतिनिधिमंडल भी देखने आता था, विधान सभा की तर्ज पर बने इस मिनी सदन में दर्शक दीर्घा के अलावा पत्रकारों को बैठने के लिए उचित स्थान, सभी पार्षदों के समक्ष माइक सहित अन्य सुविधाएं थी।

### चलते-चलते

जिस शहर में विकास की लहरें उठती धराएं बह रहीं हैं उसी शहर के विकास की चर्चा व कार्य योजनाओं पर वार्ता करने मॉडल पेश कर पार्षदों की ओर से अपनी बात को कहने का उचित स्थान ही नहीं हैं, खाना बदोशी के जीवन जैसा मिनी सदन का अस्तित्व हो गया है। पांच साल बाद फिर वही प्रश्न दोहराया जा रहा है कि अब नये पार्षदों की बैठक आखिरकार कहां होगी। क्या ऐसे ही घुमते घुमते एक बार फिर बैठक होगी। यह आज भी यक्ष प्रश्न है।

# गणपति रुद्र व दुर्गा सूक्त हवन से गंगा पुष्कर महोत्सव का शुभारंभ



### आदिशंकराचार्य को काशी में पहली बार हुआ था परमेश्वर का दर्शन: श्रीनिवास बंगरैया

अस्सी स्थित छोटानागपुर वाटिका में सायंकाल व्याकरणाचार्य ब्रहम्मश्री श्रीनिवास बंगरैया शर्मा (गुरूजी) का तमिल में प्रवचन हुआ। उन्होंने आदिशंकराचार्य जगद्‌गुरु के वैभव व काशी वैभव की विस्तृत व्याख्या की। कहा कि आदिशंकराचार्य का जन्म केरल में हुआ था। उन्होंने कैलाश मानसरोवर का तीन बार और पूरे भारत की परिक्रमा की। आदिशंकराचार्य ने ब्रह्म सूत्र का उपनिषदों व पुराणों का भागवत गीता का भाष्य लिख कर सनातन धर्म को पुर्नजीवित किया। आदिशंकराचार्य को काशी में पहली बार परमेश्वर का दर्शन हुआ था। आज दक्षिण भारत से हजारों श्रद्धालु काशी आते हैं और बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करते हैं। इसका मूल कारण जगद्‌गुरु आदि शंकराचार्य ही हैं। अनंतश्री विभूषित जगद्‌गुरु शंकराचार्य महास्वामी भारती तीर्थ के अनुग्रह व आशीर्वचन से यह कार्यक्रम काशी में आयोजित है। इस अवसर पर सायंकाल डा. अनंतलक्ष्मी (हैदराबाद), डा. शंकर शर्मा (हैदराबाद), किरणमयी (हैदराबाद) व सांगवेद सम्मुख शर्मा काशीवासी का भी प्रवचन हुआ।

**प्रातः काल आदिशंकराचार्य के विग्रह का हुआ पूजन**

**कार्यक्रम स्थल से अस्सी घाट तक निकाली गई शोभायात्रा**

**अस्सी पर आन्ध्र, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु से जुटे हजारों भक्त, छोटा नागपुर वाटिका अस्सी में आदि शंकराचार्य जयंती व गंगा पुष्कर महोत्सव का आयोजन**

**वाराणसी।** आदिशंकराचार्य भक्त समाज एवं तत्वम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से काशी में पहली बार मन और ज्ञान के लिए आदिशंकराचार्य जयंती व शरीर की शुद्धि के लिए गंगा पुष्कर महोत्सव आयोजित है। यह आयोजन अस्सी के समीप स्थित छोटा नागपुर वाटिका में त्रिदिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन शुक्रवार को प्रातःकाल गणपति रूद्र व दुर्गा सूक्त हवन से हुआ गंगा पुष्कर महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में हजारों की संख्या में तेलगु समाज के लोगों ने भागीदारी की। 25 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में नित्य गंगा पूजन, गणपति, शतचंडी रूद्र, सुदर्शन और सौर होम, सांय प्रवचन, 25 अप्रैल को आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव पर गंगा में जल बिहार सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान व 26 अप्रैल को नारायण बलि के साथ कार्यक्रम की पूणार्हुति होगी। इसका सजीव प्रसारण भी किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम दिन प्रातःकाल गणपति रूद्र सूक्त व दुर्गा सूक्त से हवन करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात सुबह जगद्‌गुरु आदिशंकराचार्य महराज के पंच धातुओं से बने विग्रह पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल से अस्सी घाट तक श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रमेश गुप्ता, मल्लय गुप्ता, सतीष एवं हैदराबाद के भीमसेन मूर्ति समेत काफी लोग मौजूद थे।

### 24 वर्षो से होता चला आ रहा है आयोजन

तत्वम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मश्री श्रीनिवासा बग्गारमया शर्मा ने बताया कि 24 वर्ष से यह आयोजन ट्रस्ट की ओर से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा व अन्य देशों में होता चला आ रहा है। बाबा विश्वनाथ वह मां गंगा की कृपा से इस वर्ष काशी में आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सुखद संयोग यह भी है कि इस समय 12 वर्ष बाद मां गंगा की पुष्कर जयंती पड़ रही है जिसका की बड़ी संख्या में तेलगु समाज के लोग लाभ प्राप्त करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि जीवन में प्रत्येक 12 वर्ष पर विशेष बदलाव होता है। 24 वें वर्ष में दूसरा, 36 वें वर्ष में तीसरा, 48 वें वर्ष में चौथा, 60 वें वर्ष में पांचवा, 72 वें वर्ष में छठॉं, 84 वें वर्ष में सातवां इसी तरह क्रम चलता रहता है। 12 वर्ष में एक बार नदी भी स्वयं को शुद्ध करती है। इस दिन का मानव शरीर को शुद्ध करने और पापों के नाश का अवसर प्राप्त होता है। तेलगु समाज के लोग उसका भी लाभ काशी में उठाएंगे। देश-विदेश से भी भक्त लोग उपरोक्त कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। आदि शंकराचार्य की बात दुनिया को भारत से जोड़ता है। उनके बताए रास्ते पर चलने और पूरी दुनिया को जोड़ने का दिन है। आदि शंकराचार्य की जयंती जो हमारे लोग भारत ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में मनायी जा रही है। आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर 25 अप्रैल को सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक अस्सी से मणिकर्णिका घाट तक बजड़े पर गंगा में जल बिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 26 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नारायण की बलि के साथ कार्यक्रम की पूणार्हुति होगी।

## माता गंगा के वंदन संग पावन पुष्करलू पर्व का श्रीगणेश



**वैदिक अनुष्ठानों की आभा से आलोकित हुआ गंगा तट वेद की ऋचाओं की गूंज से भागीरथी की धार हुई तरंगित**

**वाराणसी।** शुक्रवार की सांझ चारों वेदों की ऋचाओं के उद्घघोष से गंगा की धारा तरंगित हो उठी। वैदिक अनुष्ठानों की ऐसी आभा कि आलोकित हो उठे गंगा के पथरीले घाट। अवसर था काशी तेलुगू समिति व श्रीराम तारक आन्ध्रा आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में पुष्करलू पर्व की पूर्व संध्या पर मां गंगा के वंदन अभिनंदन अनुष्ठान का। इसके साथ ही दक्षिण भारत के लाखों आस्थावानों के धमार्नुरागी मन को पुण्य फल से सिंचित करने वाले परम पावन स्नान पर्व का औपचारिक शुभारम्भ हुआ। विभिन्न पीठों के अधिपति, सैकड़ों वेदज्ञ व हजारों धमार्नुरागी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इसके पूर्व इन सभी ने 12 दिन के तप का संकल्प लेकर पंचामृत स्नान से अभिषिक्त गंगा का षोडशोपचार पूजन किया। इस दौरान मानसरोवर घाट पर आयोजित यह अनुष्ठान महोत्सव चारों वेदों के उद्घघोष से गूंजता रहा। तदनंतर सामवेद सन्मुख शर्मा प्रसिद्ध प्रवचनकार गुंटूर (आंध्रा) शिवा स्वामी व नारायणा नंद भारती स्वामी ने धर्म प्राण जनों का उद्बबोधन किया व दिवंगतजनों की स्मृतियों को समर्पित इस महापर्व की महिमा बतायी। अनुष्ठान का समारोप पंच पीठिकाओं पर आसीन बुदा राजु, हर्षवर्धन शर्मा, अनिरुद्ध कुमार चौबे,अनुराग कुमार चौबे व सुजल पाण्डेय आदि विप्रजनों द्वारा मां गंगा को समर्पित आरती से हुआ। संचालन बीएचयू तेलुगू विभाग के पूर्व अध्यक्ष के प्रो चल्ला श्रीरामचन्द्र मूर्ति ने किया। इस अवसर पर तेलुगू समिति के गौरवाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद जीवीएल नरसिंहांराव के प्रतिनिधि, समिति के उपाध्यक्ष प्रो नरसिंघ मूर्ति व वीएस सुब्रमण्यम मणि, सचिव वीवी सुन्दर शास्त्री, सह सचिव द्वय तुलसी गजानन जोशी, डा वेणु गोपाल आदि मौजूद थे।

# आज की रात न जाओ सांवरिया...

**पद्मश्री डा. सोमा घोष की गायकी ने बागेश्वरी देवी को किया जीवंत**

**पं. देवाशीष डे की ठुमरी में दिखी पं. महादेव प्रसाद मिश्र की झलक**

**रुद्रशंकर मिश्र ने 'हटो जाओ रे न बोलो कान्हा' पर पेश किया कथक**

**प्रख्यात गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की याद में ठुमरी महोत्सव का आगाज**


**पूर्वायन चटर्जी ने सितार पर पेश की बंदिशें**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** प्रख्यात शास्त्रीय गायिका विदुषी स्व. बागेश्वरी देवी की याद में शुक्रवार को सायंकाल महमूरगंज स्थित रमन निवास में पांच दिवसीय ठुमरी महोत्सव का आगाज हुआ। ठुमरी गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में 22 साल बाद बागेश्वरी देवी ठुमरी महोत्सव आयोजित किया गया है। संस्कृति विभाग के सहयोग से मधु मुर्च्छना की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र, पद्मश्री डा. सोमा घोष, फिल्म निर्देशक शुभंकर घोष, पूर्व मेयर राम गोपाल मोहले, सुबह-ए-बनारस के संस्थापक अध्यक्ष डा. रत्नेश वर्मा, अजय गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। ठुमरी महोत्सव की शुरूआत बनारस घराने के कलाकार पं. दुर्गा प्रसन्ना के शहनाई वादन की मंगल धुन से हुई। उन्होंने शहनाई पर ठुमरी की धुन पेश कर माहौल में रस घोल दिया। तत्पश्चात पद्मश्री डा. सोमा घोष ने मंच संभाला। उन्होंने अपनी गुरु स्व. बागेश्वरी देवी की पसंदीदा ठुमरी से महोत्सव की शुरुआत की। उन्होंने आज की रात न जाओ सांवरिया मोरी मानो जब सुनाया तो तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिवादन किया गया। इसके बाद उन्होंने बागेश्वरी देवी की ठुमरी जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाये पेश कर पूरे माहौल को रससिक्त कर दिया। कहा कि ठुमरी संवेदनशील गायकी है। इसमें गायिका को नायिका बनना पड़ता है। ठुमरी कभी बेचैनी, कभी इंतजार कभी विनती तो कभी नायिका का शर्माना दर्शाती है। रस और भाव का प्रधान्य, ठुमरी की विशेषता है। ठुमरी में हर भाव दिखती है। इसमें हर शब्द को गाना पड़ता है। बताया कि यह आयोजन अपने गुरु स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में कर रही हैं। बागेश्वरी देवी के निधन के एक साल बाद उन्होंने मुंबई में उनकी याद में ठुमरी महोत्सव किया था। अब 22 सालों के बाद यह आयोजन हो रहा है। जिसमें कई दिग्गज कलाकार आये हुए हैं।



ठुमरी गायन के बाद कोलकाता से आये पूर्वायन चटर्जी का सितार वादन हुआ। उन्होंने सितार के तारों को झंकृत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। उनके साथ तबले पर शुभ महराज ने बखूबी संगत की। सितार वादन के पश्चात प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे का गायन हुआ। उन्होंने गायन की शुरुआत ठुमरी अंग की रचना से की। बंदिश के बोल थे- ऐसी कैसी रीत नेहा की निराली। इसके बाद उन्होंने बनारसी दादरा सुनाया। बंदिश के बोल थे- हमें ना भावे यारी रे सांवरिया। इसके बाद उन्होंने चैती सुनायी। बंदिश के बोल थे-सारी-सारी रतिया जगाये हो रामा कोयली तोरी बोलियां। पं. देवाशीष डे के गायन में ठुमरी सम्राट पं. स्व. महादेव प्रसाद मिश्र की छाप दिखायी पड़ी। पं. देवाशीष डे ने अपने गायन से वहां मौजूद सभी श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। उनके साथ ललित कुमार (तबला) व पंकज मिश्र (हारमोनियम) पर जोरदार संगत की। तत्पश्चात बनारस घराने के कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र के युवा पुत्र रूद्रशंकर मिश्र का ठुमरी पर आधारित कथक नृत्य हुआ। उन्होंने नृत्य की शुरुआत शिव वंदना से की। उन्होंने पारम्परिक तीन ताल में तोड़े टुकड़े, बनारस की बंदिशें, स्व. पं. किशन महराज की बंदिशें व लयकारी के साथ ही थाली पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को अचम्भित कर दिया।



अंत में गायन शैली में पं. महादेव प्रसाद मिश्र की ठुमरी- हटो जाओ रे न बोलो कान्हा पर जोरदार नृत्य पेश किया। तत्पश्चात दादरा मो पे डालो रंग गिरधारी रे पर कथक पेश कर सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ उदय शंकर मिश्र (तबला), संतोष मिश्र (गायन) व अनीस मिश्र (सारंगी) पर जोरदार संगत कर कार्यक्रम में और भी चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चक्रवर्ती कर रहे थे।